राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़






03 आज मुंबई इंडियंस अपने घरेलू मैदान...

सीएम स्टालिन ने लोकसभा चुनाव को ... 12


वर्ष : 14 | अंक : 323 | नई दिल्ली, रविवार, 07 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 71,985

चांदी 80,700

सेंसेक्स 74,248

निफ्टी 22,513

## संक्षिप्त खबरें

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पुजारी कांकेर क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करीगुर्टा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ का सुरक्षाबल तेलंगाना के नक्सल रोधी बल ग्रे हाउंड के साथ दोनों राज्यों की सीमाक्षेत्र में नक्सल रोधी अभियान पर है। उन्होंने बताया कि संयुक्त दल जब पुजारी कांकेर के करीगुर्टा गांव के जंगलों में था, तब सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए और घटनास्थल से हथियार भी बरामद किये गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत, 15 घायल

भुवनेश्वर। ओडिशा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह गंजम जिले के सोमपुर चौराहे पर एक पिकअप के पलट जाने से डंडा नाता (लोक कला) समूह के दो सदस्यों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। हादसे में घायल हुए व्यक्तियों को हिंजिली अस्पताल ले जाया गया। बाद में उनमें से सात की हालत बिगड़ने पर उन्हें बरहामपुर के ह्यएमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों के सिर में चोट लगी है। डंडा नाता कलाकार एक कार्यक्रम करने के बाद दो ह्यपिकअप वैनह्व में दहीमुंडली गांव से खेती बरहामपुर लौट रहे थे। एक अन्य हादसे में जाजपुर जिले के बरुहान चौराहे के पास एक सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के सिमुलुआ गांव निवासी सैंदा जेना और उनके बेटे मुना जेना के रूप में की गई है। वे मोटरसाइकिल से एक रिश्तेदार के यहां से अपने घर वापस आ रहे थे। शुक्रवार रात करीब नौ बजे एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटे ने जाजपुर जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**भाजपा के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पीएम ने कार्यकर्त्ताओं को किया संबोधित**

# भाजपा ने हाशिए पर पड़े लोगों को आशा व आवाज दी : मोदी

## कहा-देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गई है भाजपा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके त्याग एवं तप से भाजपा आज 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गई है जिसे लोग 21वीं सदी में भारत के योग्य नेतृत्वकारी दल मानते हैं। श्री मोदी ने सुबह एक्स पर कई पोस्ट में स्थापना दिवस का संदेश दिया। उन्होंने कहा, आज, भाजपा के स्थापना दिवस पर, मैं पूरे भारत के सभी साथी पार्टी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देता हूं। मैं उन सभी महान महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं जिन्होंने वर्षों तक हमारी पार्टी का निर्माण किया। मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि भाजपा ने अपने विकासोन्मुख दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए अपनी पहचान बनाई है।

हमारे कार्यकताओं द्वारा संचालित, हमारी पार्टी 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक है। भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नई परिभाषा दी है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है जिससे प्रत्येक भारतीय के लिए जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है, जो देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वालों की पहचान थी। आज के भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन पर जोर दिया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि विकास का लाभ गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। श्री मोदी ने कहा कि हमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अभिन्न अंग होने पर भी गर्व है, जो राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बीच पूर्ण सामंजस्य प्रदर्शित करता है। राजग एक जीवंत गठबंधन है, जो भारत की विविधता को समाहित करता है। हम इस साझेदारी को संजोते हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगी। भारत नई लोकसभा चुनने के लिए पूरी तरह तैयार है।

मुझे विश्वास है कि लोग हमें एक और कार्यकाल के लिए आशीर्वाद देंगे ताकि हम पिछले दशक में हासिल की गई जमीन पर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा, मैं अपने सभी भाजपा और राजग कार्यकताओं को भी शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे लोगों के बीच काम कर रहे हैं और हमारे एजेंडे को विस्तार से बता रहे हैं। भाजपा की स्थापना 1980 में पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के नेताओं ने की थी। भारतीय जनसंघ ने आपातकाल के बाद 1977 के चुनावों में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए जनता पार्टी बनाने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ विलय कर लिया था। भाजपा ने 1984 में लड़े गए अपने पहले राष्ट्रीय चुनाव में केवल दो लोकसभा सीट जीती थीं। बाद में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में यह पार्टी तेजी से मजबूत हुई और यह 90 के दशक में एक गठबंधन का नेतृत्व करते हुए सत्ता में आई। इसके बाद मोदी के नेतृत्व में 2014 में पार्टी को पहली बार पूर्ण बहुमत मिला और फिर 2019 में उससे भी बड़ा जनादेश मिला।



### भाजपा का स्थापना दिवस : जेपी नड्डा ने लोस चुनाव में 400 पार के संकल्प का किया आह्वान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 पार के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में कार्यकताओं के अलावा मीडिया को भी संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो जनसंघ के दिनों से लगातार अपने वैचारिक अधिष्ठान राष्ट्रवाद के साथ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर चल रही है। भाजपा वैचारिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया। तीन तलाक को खत्म किया गया। आज भाजपा के लोकसभा में 303 सदस्य हैं। भाजपा जनता का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा नेताओं के माध्यम से कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जिस मुकाम पर पहुंची है, उस यात्रा में 4-5 पीढ़ियां खप गईं। उनके तप, योगदान और तपस्या के कारण आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। जेपी नड्डा ने भाजपा के करोडों कार्यकताओं से आह्वान किया कि इस बार मोदी जी के नेतृत्व में 2024 के चुनाव में हम पूरी ताकत से लग जाएं। इस चुनाव में एनडीए 400 पार करेगी, इस संकल्प को दोहराएं और इस संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क करें और प्रत्येक व्यक्ति तक मोदी जी के संदेश को पहुंचाएं।

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर साधा निशाना**

# यह देश चंद लोगों की जागीर नहीं है : सोनिया गांधी

## कहा-हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है

प्रात : किरण/एजेंसी




जयपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि देश से ऊपर कोई नहीं होता, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद को महान मानते हैं। यह देश चंद लोगों की जागीर नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है। ये देश हमारे बच्चों का आंगन है। सोनिया गांधी जयपुर के विद्याधरनगर स्टेडियम में आयोजित कांग्रेस के घोषणा पत्र न्याय पत्र को जारी करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमारे महान पूर्वजों ने अपने संघर्ष के बल-बूते देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा और पाया था। इतने सालों बाद महान ज्योति मद्धम पड़ गई है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। हमारा देश पिछले 10 सालों से ऐसी सरकार के हाथ में जिसने बेरोजगारी, आर्थिक संकट को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को सीने की आग से जलाएंगे और हजारों आंधियों से संभाल आगे बढ़ेंगे। जनसभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी संबोधित किया। खड़गे ने कहा कि मोदी हमेशा लोगों को भ्रमित करते हैं। आपने देश के लिए कुछ नहीं किया, फिर भी कहते रहते हैं कांग्रेस वालों ने कुछ नहीं किया, 70 सालों में कुछ नहीं किया। हम तो 55 साल का हिसाब दे रहे हैं। राजस्थान-जयपुर में या उसका हिसाब दे रहे हैं। आप दो न हिसाब, तुमने क्या किया। तुम में बोलने की ताकत नहीं है। बात उठी तो कांग्रेस को गालियां देना, बात करें तो गांधी परिवार को गालियां देना। राजस्थान में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि एयरपोर्ट, आईआईटी और एम्स कांग्रेस लाई और मोदी जी कहते हैं देश का विकास हो रहा है। मैं देश के विकास के लिए काम कर रहा हूं। इस बार नया सॉन्ग और ड्रामा लाए हैं। मोदी की गारंटी.. वे पार्टी और भाजपा का नाम नहीं लेते। मोदी है तो मुमकिन है...मोदी है तो गारंटी है। ये हर जगह कह रहे हैं..मेरी गारंटी, ये हमारा शब्द है, जो मोदी ने चुरा लिया। उन्होंने कहा कि ये आदमी सब जगह कहता है मैंने ये किया, मैंने वो किया। मोदी के इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों पर तंज कसते हुए खड़गे ने कहा कि आजकल रेलवे लाइन को लेकर चर्चा में हैं। ये लाइन तो ब्रिटिश के जमाने से लेकर पंडित नेहरू के जमाने से है। मोदी अब क्या कर रहे हैं। मोदी उन लाइन पर एक-एक ट्रेन को छोड़कर हरी झंडी दिखा रहे हैं। ये इंफ्रास्ट्रक्चर तो हमने तैयार किया है और उसका क्रेडिट भी आपने लिया। स्टेशन पर जाकर हरी झंडी दिखाते हैं। बगैर काम का क्रेडिट लेना मोदी का काम है। खड़गे ने कहा कि हम कभी झूठ बोलने वालों में नहीं है। जैसा मोदी झूठ बोलते हैं। हर जगह कुछ न कुछ नया झूठ बोलकर आते हैं। उन्होंने कितनी गारंटी हमसे पहले दी हैं। पहली गारंटी में युवाओं को कहा कि मैं हर साल दो-दो करोड़ नौकरियां दूंगा। 10 साल में 20 करोड़ नौकरी देनी थी, क्या 20 करोड़ नौकरियां देश के युवाओं को मिला है। मोदी पीएम है वो ऐसा झूठ कैसे बोल सकते हैं, आप लोग झूठ बोल रहे हो। जनसभा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के न्याय पत्र की प्रमुख बातों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता और मोदी जी खोखले संसार और दुनिया में रह रहे हैं। गाजे बाजे में, शोहरत में, आपको केवल अच्छा-अच्छा दिखता है, बड़ी-बड़ी इवेंटबाजी दिखती है। ये सब सच्चाई छिपाने के लिए हैं। दो सीएम जेल में हैं। कहते हैं कि भ्रष्टाचार पर वार है, लेकिन सब भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं। सारी पार्टियों को, भ्रष्टाचारियों को न्योता देकर अपने साथ ले रहे हैं और उन पर कोई सवाल नहीं उठाता। हम न्याय की गारंटी दे रहे हैं, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र को बचाया है, नेताओं ने जान दी। इस चुनाव को आप अपने मुद्दों पर लड़वाएं, जो आपका अनुभव है वो ही सत्य है। प्रियंका गांधी ने कहा कि असलियत को पहचानने का समय आ गया है। आपको ये ही सुनने को मिलता है कि अबकी बार 400 पार। मोदी कहां भ्रमण कर रहे हैं। कभी हवाई जहाज, कभी समुंदर में पानी के नीचे...ये ही दिख रहा है। आपको जहां-जहां तकलीफ हुई वहां कोई मदद के लिए नहीं आया।

# लाओस से 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश: जयशंकर

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। विदेश मंत्री ने इस मामले में मदद के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है। लाओस में धोखे में रखकर गैरकानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, लाओस में भारतीय दूतावास ने अच्छा काम किया। सुरक्षित वापसी में मदद के लिए लाओस के अधिकारियों का धन्यवाद। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में नौकरी के अवसर तलाश रहे भारतीयों से भावी नियोक्ता की पृष्ठभूमि की अच्छी तरह से जांच करने का आह्वान किया था। परामर्श में कहा गया था, ऐसा पता चला है कि कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं।

# केजरीवाल ने दिल्ली कोर्ट से मांगी व्यवस्था

- ईडी ने किया विरोध कहा- तिहाड़ में नहीं दे सकते स्पेशल ट्रीटमेंट, केजरीवाल जेल से सरकार चलाना चाहते हैं

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। शराब घोटाले में जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली कोर्ट में एक याचिका दायर की है जिसमें उन्होंने जेल में कानूनी बैठकों की संख्या बढ़ाने और हफ्ते में 2 की बजाय 5 बार मिलने की इजाजत मांगी है। इस दौरान ईडी ने केजरीवाल की मांग का विरोध किया और कोर्ट से कहा कि केजरीवाल को जेल में स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया जा सकता क्योंकि वो जेल से सरकार चलाना चाहते हैं। केजरीवाल ने दिल्ली की कोर्ट में याचिका दाखिल की है जिसमें कानूनी बैठकों की संख्या बढ़ाने और हफ्ते में 5 बार मिलने की इजाजत मांगी है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। ईडी ने केजरीवाल की मांग का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल को जेल में केवल इसलिए स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया जा सकता क्योंकि वो जेल से सरकार चलाना चाहते हैं। ईडी ने कहा केजरीवाल को विशेष अधिकार दिए जाने से इसका गलत इस्तेमाल हो सकता है और वह अपने वकीलों के जरिए से आदेश जारी करवा सकते हैं। ईडी के वकील ने कहा कि केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति जेल से सरकार चलाने का विकल्प चुनता है, उसे एक्सेप्शन नहीं माना जा सकता है और उसे विशेषाधिकार नहीं दिया जा सकता है। ईडी के वकील ने बताया कि कानूनी बैठकों का परामर्श के अलावा दूसरी चीजों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। ईडी के वकील ने यह भी तर्क दिया कि पांच कानूनी बैठकों की इजाजत देना जेल नियमों के खिलाफ है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ 35 से 40 अलग-अलग मामले चल रहे हैं और सप्ताह में दो बार आधे घंटे की बैठकें किसी व्यक्ति के लिए लंबित मामलों की बारीकियों को समझने और निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। वकील ने दावा किया कि आप सांसद संजय सिंह को भी सप्ताह में तीन बार अपने वकील से मिलने की इजाजत थी, जब वह भी इसी मामले के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में थे। केजरीवाल के वकील ने कहा कि बैठकों के दुरुपयोग के बारे में ईडी का सोचना गलत हैं।केजरीवाल के वकील ने कहा कि लोगों के साथ असमान व्यवहार किया जाता है और आपको उनमें संतुलन बनाना होगा। यहां एक व्यक्ति है जिसके खिलाफ 30 मामले चल रहे हैं। क्या मेरी तुलना किसी ऐसे व्यक्ति से की जा सकती है जिसके खिलाफ एक मामला हो? अदालत ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# मोदी सरकार का 2024 में होगा 2003-04 वाला हाल : खड़गे

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मोदी सरकार 2024 के आम चुनाव को लेकर भले ही बहुत आत्मविश्वास जता रही है लेकिन जमीनी हालात बता रहे हैं कि इस बार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वही हाल होना हैं जो 2003 04 के आम चुनाव में उसके इंडिया शाइनिंग नारे का हुआ था। श्री खडगे ने ट्वीट किया, मोदीजी दुनिया भर के हर विषय पर चर्चा करते हैं लेकिन कभी आपने सुना कि महंगाई, बेरोजगारी, अमीर और गरीब की बढ़ती खाई, किसानों की आमदनी पर कोई चर्चा हुई। मोदी सरकार का 2024 के चुनाव में वही हाल होगा जो 2003-04 में ह्यइंडिया शाईनिंगह्व नारे का हुआ था। भाजपा 200 से भी नीचे सिमट जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए देश के सामने पांच न्याय और 25 गारंटी का एजेंडा रखा है। इसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय शामिल है। युवा न्याय में हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की और एक लाख रुपए सालाना स्टाइपैंड मिलेगा जबकि नारी न्याय में गरीब परिवार की महिला को सालाना एक लाख की मदद देंगे। किसान न्याय में किसानों की कर्ज माफ कर एएसपी की कानूनी गारंटी देंगे।श्रमिक न्याय में मनरेगा में 400 रुपए रोज न्यूनतम मजदूरी मिलेगी और हिस्सेदारी न्याय के तहत सामाजिक, आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना होगी।

# चुनाव से पहले घाटी में घुसपैठ की कोशिश पाकिस्तान की हताशा : सेना

प्रात : किरण/एजेंसी



श्रीनगर। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला में शुक्रवार को पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की नाकाम कोशिश देश में आम चुनाव से पहले कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की पाकिस्तान की हताशा को प्रदर्शित करती है। बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए जब वे कश्मीर में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। सेना ने एक बयान में कहा कि घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान एलओसी के आसपास पाकिस्तान की अग्रिम चौकियों से रुक-रुक कर गोलीबारी की गई। सेना ने कहा कि भारतीय सेना ने संयुक्त अभियान में कल घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया था। उन्होंने कहा कि उरी सेक्टर में एलओसी के पार घुसपैठ की योजना बनाने और उसका अंजाम देने वाले आतंकवादी समूहों के बारे में कई खुफिया एजेंसियों से पहले ही कई जानकारियां प्राप्त हुई थीं। इन सूचनाओं और निगरानी के आधार पर घुसपैठ रोधी ग्रिड की समीक्षा की गई और उसे मजबूत किया गया। शुक्रवार तड़के उनकी निगरानी से पता चला कि आतंकवादियों का एक समूह नियंत्रण रेखा की ओर बढ़ रहा था। सेना ने कहा कि हमारे बलों ने शत्रुतापूर्ण हरकतों पर लगातार नजर रखी और संपर्क स्थापित किया जिसके कारण भारी गोलीबारी हुई। जब अभियान चल रहा था, तब नियंत्रण रेखा के आसपास पाकिस्तान की अग्रिम चौकियों से भी रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गये और दो एके राइफल, तीन मैगजीन, चार हथगोले, गोला-बारुद तथा अन्य सामग्रियां बरामद की गई। सेना ने कहा कि आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश से पाकिस्तान की हताशा का पता चलता है कि जो शांतिपूर्ण कश्मीर घाटी में ऐसे समय में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है जब आम चुनाव होने वाले हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच तालमेल का प्रदर्शन करती है जो कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान पांचवें चरण में 20 मई को होना है और यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के समीप होने के कारण बहुत संवेदनशील है। बारामूला संसदीय क्षेत्र में कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला के तीन जिले शामिल हैं और ये सभी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के साथ अपनी सीमाओं को साझा करते हैं।

**जानकारी** ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने अपने दौरे के दौरान मुंबई की नौसेना गोदी देश में ही निर्मित विध्वंसक और एक पनडुब्बी को भी देखा

# ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान का दौरा किया

प्रात : किरण/एजेंसी



मुंबई। शाही ऑस्ट्रेलियाई नौसेना (आरएएन) के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान (डब्ल्यूएनसी) का दौरा किया और आपसी हित और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिससे दोनों नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को लाल सागर और अदन की खाड़ी में सुरक्षा स्थिति की पृष्ठभूमि में भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को अपने दौरे के दौरान मुंबई की नौसेना गोदी देश में ही निर्मित विध्वंसक और एक पनडुब्बी को भी देखा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा नौसेना ठिकाने का दौरा किये जाने के दौरा उसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड की क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई और भारतीय नौसेना के लिए चल रही परियोजनाओं के बारे में बताया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक ह्पांच सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीफ ऑफ आरएएन, एओ वाइस एडमिरल मार्क हैमंड ने किया। इसने पांच अप्रैल को मुंबई स्थित भारतीय नौसना के पश्चिमी कमान के मुख्यालय का दौरा किया।'' भारतीय नौसेना ने बताया, ''प्रतिनिधिमंडल ने वाइस एडमिरल संजय जे सिंह, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी नौसेना कमान के साथ बातचीत की और दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिक हित और अंतर-संचालनीयता के मामलों पर चर्चा की।''

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 07 अप्रैल, 2024


# जनता तो दूर कार्यकर्ता भी नहीं पहचानते थे, फिर भी हरीश रावत को दी पटखनी

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव की कभी कभार चर्चा होते ही रहती है। तब के चुनाव के भाजपा प्रत्याशी को लेकर होने वाली चर्चा में जनता के मूड को लेकर कयास लगाए जाते हैं। डा. मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गज नेता को पराजय का स्वाद चखाने वाली जनता ने 1991 में अनजान चेहरे को ऐसी विजय दिलाई कि अजेय माने जाने वाले हरीश रावत को पराजित कर दिया।



पराजय भी ऐसी कि उसके बाद से हरीश रावत के लिए अल्मोड़ा लोकसभा सीट गूलर का फूल बन गई। वर्ष 1991 का दौर था। अयोध्या में राममंदिर को लेकर सीमा छोर में भी राम लहर का प्रभाव था। लोकसभा चुनाव में अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में भाजपा के बड़े-बड़े नाम थे। गोविंद सिंह बिष्ट, भगत सिंह कोश्यारी, बची सिंह रावत जैसे नामों की चर्चा थी।

भाजपा ने एक प्रवासी जीवन चंद्र शर्मा को पैराशूट प्रत्याशी बना कर मैदान में उतार दिया। मूलरूप से अल्मोड़ा के द्वाराहाट क्षेत्र निवासी जीवन शर्मा को अल्मोड़ा जिले में भले ही कुछ जानते हों, परंतु तब पिथौरागढ़ जिले में कोई नहीं जानता था। भाजपा पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता तक जीवन शर्मा के नाम को तक नहीं जानते थे। पिथौरागढ़ में भाजपा का चुनावी कार्यालय केएमओयू स्टेशन के पास स्थित था। इस कार्यालय को भाजपा अपने चुनाव के लिए शुभ मानती थी।

चुनाव के लिए जिले में चुनाव संचालन समिति बन गई थी। कार्यालय में कार्यकर्ता और पदाधिकारी बैठते थे। प्रचार के लिए प्रत्याशी के बारे में कुछ भी नहीं जानने के चलते प्रचार को गति नहीं मिल रही थी। भाजपा के बड़े नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ता तक असमंजस की स्थिति में थे और अंजान नाम को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश रावत से तुलना कर अपनी पराजय तय मानते थे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता जगजीवन सिंह कन्याल बताते हैं कि भाजपा प्रत्याशी जीवन शर्मा की चुनावी कार्यालय में अगुवाई भी गजब रही। पिथौरागढ़ में भाजपा के एक नेता दिनेश जोशी ही जीवन शर्मा के बारे में जानते थे। कन्याल बताते हैं कि एक दिन भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता चुनावी कार्यालय में बैठक कर प्रचार को लेकर चर्चा कर रहे थे। चर्चा के दौरान सभी का यही कहना था कि आखिर एक बार प्रत्याशी को देख कर उनके बारे में जानकारी तो मिले। तब इंटरनेट मीडिया का दौर नहीं था।

अल्मोड़ा से पिथौरागढ़ तक आवाजाही के लिए मात्र बसें होती थी। अल्मोड़ा से पिथौरागढ़ पहुंचने मे लगभग छह घंटे का समय लगता था। चर्चा के दौरान भाजपा नेता जीवन शर्मा के साथ चुनावी कार्यालय में पहुंचे। दोनों चर्चा सुनने लगे। जब चर्चा समाप्त हुई तब जाकर भाजपा नेता जोशी ने बताया कि साथ में आए व्यक्ति ही भाजपा प्रत्याशी जीवन शर्मा हैं। भाजपा नेता भौचक्के हो गए।

बाद में फिर प्रत्याशी के साथ बैठक हुई और आगे की रणनीति तय की गई। कन्याल बताते हैं कि आज तक प्रत्याशी पूरे क्षेत्र में नहीं जा सकता है तब तो सीमित क्षेत्रों के अलावा कहीं जा पाना असंभव था। प्रचार के लिए जाने पर जनता तो दूर रही पार्टी के कार्यकर्ता तक जीवन शर्मा के बारे में पूछते थे। जब परिणाम आया तो अंजान जीवन शर्मा ने संसदीय क्षेत्र मे हर जुबान पर रहने वाले हरीश रावत को पटखनी दे दी।

## चमोली में 345 मतदाताओं ने किया होम वोटिंग के लिए आवेदन

**गोपेश्वर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तहत होम वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टियों को शुक्रवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों को मतदान की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सभी शंकाओं व संशय का समाधान कर लें।

चमोली जिले में आठ से 10 अप्रैल को होम वोटिंग होगी। इसके लिए जिले में 86 दिव्यांग मतदाताओं और 259 वरिष्ठ नागरिकों ने आवेदन किया है। इसके तहत बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र में 111 और कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में 118 मतदाता शामिल हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 55 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं।

इस दौरान नोडल अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, मास्टर ट्रेनर परियोजना निदेशक आनंद सिंह, प्रवक्ता एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्राण, दिगपाल रावत और जयवीर रावत आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 7 अप्रैल को लगेगा निशुल्क दिव्यांग शिविर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रेडिक्टिव होमियोपैथी मुंबई और कैलाश आश्रम ऋषिकेश की ओर से मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए तृतीय निशुल्क होप फॉर होपलेस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुनि की रेती स्थित भक्त निवास, कैलाश आश्रम में आगामी 7 अप्रैल को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, दिल में छेद आदि लाइलाज समझे जाने वाले रोगों से ग्रस्त बच्चों का परीक्षण किया जाएगा। प्रेडिक्टिव होमियोपैथी मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अंबरीश विजयकर की अगुवाई में चिकित्सकों की टीम दिव्यांग बच्चों का उपचार करेगी। शिविर में 20 वर्ष से कम उम्र के दिव्यांगों को देखा जाएगा।

### डेढ़ हजार का इनामी गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** थाना मुनि की रेती पुलिस ने पांच वर्ष से फरार डेढ़ हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि परीक्षित कुमार निवासी ग्राम ब्रह्मखेड़ा, कांधला, शामली, उत्तर प्रदेश विभिन्न धाराओं में लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार दबिश दी, लेकिन आरोपी लगातार छिप रहा था। न्यायालय ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 1500 रुपये का इनाम घोषित किया। पुलिस ने बीते बुधवार को परीक्षित कुमार को आईटी पार्क, रायपुर, देहरादून से गिरफ्तार किया है।

### 200 किलो लहन और 60 लीटर कच्ची शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आबकारी विभाग की टीम ने मंशादेवी क्षेत्र से 200 किलो लहन सहित 60 लीटर कच्ची शराब पकड़ी है। वहीं कच्ची शराब बनाने और तस्करी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। बृहस्पतिवार को आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि श्यामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मंसादेवी में दो व्यक्ति जंगल में कच्ची शराब बना रहे हैं। विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आबकारी निरीक्षक प्रेरणा बिष्ट ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जंगल से 200 किलो कच्ची लहन और 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भजन और पंकज दोनों निवासी मंसादेवी, गुमानीवाला, श्यामपुर के रूप में की है। जिनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बुर्के के अंदर सामान चुरा ले गईं दो महिलाएं

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** बाजार में एक दुकान में बुर्का पहनकर पहुंची दो महिलाएं पीतल और स्टील की 21 परात चुरा ले गईं। चोरी की घटना के बाद पुलिस ने टीम गठित कर दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद कर कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि कसेरा लाइन निवासी प्रतीक मित्तल की पैठपड़ाव स्थित दुकान में बीती दो अप्रैल को ग्राहक बनकर बुर्का पहनकर महिलाएं आईं। इन महिलाओं ने दुकान से 15 किलो पीतल की परात के कट्टे को बुर्के के अंदर छिपा लिया और अपने साथी की बाइक संख्या यूपी-21सीएल-3010 पर सवार होकर चली गईं। आरोपियों को फिर से बाजार में देखकर सूचना पुलिस को दी गई।

### अधिकारियों ने कुकना में ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** ओखलकांडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुकना में बृहस्पतिवार को अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं को हल करने का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने शनिवार को सीडीओ के साथ बैठक के बाद ही फैसला लेने की बात कही है।
पूर्व ग्राम प्रधान मदन नौलिया ने बताया कि पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने पशु प्रसार अधिकारी की व्यवस्था करने, कुकना में पशु सेवा केंद्र खोलने को लेकर कार्यवाही की बात कहीं।

## महिला समूहों ने भी संभाली मतदान बढ़ाने की कमान

**काशीपुर, एजेंसी।** चुनाव आयोग की ओर से इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए दी गई जिम्मेदारी का लक्ष्य पाने के लिए इस बार नगर निकायों ने जनजागरण अभियान तेज कर दिया है। नगर निगम काशीपुर की ओर से महिला स्वयं सहायता समूह, डेली यूजर चार्ज वसूलने वाले तथा स्वच्छता समितियों के लोगों को भी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निगम काशीपुर के नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि बड़ी संख्या में कर्मचारी और स्वयंसेवी इस काम में जुटे हैं। इसका परिणाम भी काफी सकारात्मक आ रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक काशीपुर नगर निगम क्षेत्र के करीब 38 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा चुका है। महुआखेडा गंज नगर पालिका की ओर से भी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि सदस्य महिलाएं नगर पालिका के वार्डो में घर-घर जाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार, चार फरार

**किच्छा, एजेंसी।** जंगल में जुआ खेल रहे पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान चार लोग फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 55200 नगदी के अलावा आठ बाइक जब्त की हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार शाम एसआई राजेंद्र पंत ने किशनपुर में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। मौके पर जुआ खेलते नौ लोग पाए गए। इनमें से पांच तो पुलिस के हत्थे चढ़ गए जबकि चार भाग निकले। पुलिस के अनुसार जियाउल हसन उर्फ मोनू मास्टर निवासी नूरी मस्जिद के पास, उस्मान अंसारी निवासी वार्ड 17, रईस मलिक निवासी बड़ी मस्जिद के पास, तौसीफ रजा निवासी स्लाटर हाउस के पास और मो. आकिब निवासी रजानगर बंडिया गिरफ्तार किए गए। सतुईया निवासी जमना प्रसाद, पुरानी मंडी निवासी किशन, वार्ड 12 निवासी जावेद और आफरोज फरार हो गए।

## दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की हाईकोर्ट ने तलब की रिपोर्ट, राज्य सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल, एजेंसी।** हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं में कैमिकल युक्त दूग्ध की सप्लाई मामले में सुनवाई की। राज्य सरकार से पूछा है कि पूर्व में कमिश्नर की ओर से दी गई जांच में दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ अब तक की गई कार्यवाही की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।



नैनीताल हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं में फर्जीवाड़े और कैमिकल युक्त दूग्ध की सप्लाई के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार से पूछा है कि पूर्व में कमिश्नर की ओर से दी गई जांच में दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तिथि नियत की है।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार लालकुआं निवासी नरेंद्र सिंह कार्की व भुवन चन्द्र पोखरिया ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि नैनीताल दुग्ध संघ में चरम सीमा पर भ्रष्टाचार कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसमें प्रदेशवासियों को अधोमानक दूग्ध की सप्लाई की जा रही है। जिसके पीने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है जिसमें वर्ष 2020 के अंतिम 3 माह में लगभग 7 लाख लीटर दूध जांच के दौरान सभी मानकों में फेल होने के बावजूद प्रदेश भर में दूग्ध की सप्लाई की गई।

याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि दुग्ध उत्पादन संघ के चेयरमैन फर्जी तरीके से मेंबरशिप अर्जित कर चेयरमैन बने हुए है। इन्होंने कभी भी संघ के लिए दूग्ध की सप्लाई नहीं की है। चेयरमैन पर यह भी आरोप है कि दुग्ध सप्लाई के लिए जिन टैंकरों का उपयोग किया जा रहा है उनका ठेका अपने भाई के नाम से लिया हुआ है। आज सुनवाई पर भुवन चन्द्र पोखरिया ने शपथपत्र पेश कर कुमाऊं कमिश्नर द्वार की गई जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश की।

जांच रिपोर्ट में कहा गया कि कुमाऊं कमिश्नर ने 19 अक्टूबर 2023 को इस मामले की जाच करके सरकार को रिपोर्ट भेज दी। लेकिन अभी तक सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की और न ही इसका संज्ञान लिया। जबकि रिपोर्ट में दूग्ध के सारे सैंपल मानकों के विपरीत पाए गए।

## चिंगारी से जल गया एक बीघा में खड़ा गेहूं

**रुद्रपुर, एजेंसी।** बिगवाड़ा में बिजली की तार से निकली चिंगारी से लगी आग से किसान की एक बीघा गेहूं की फसल जल गई। खेत के पास ही काम कर रहे मजदूरों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। अगर आग फैलती तो बड़ा अग्निकांड हो सकता था। किसान ने लाइनमैन पर कई बार अनुरोध के बाद भी कनेक्शन नहीं काटने का आरोप मढ़ा है। शुक्रवार दोपहर बिगवाड़ा में किसान विक्रमजीत सिंह के खेत के ऊपर से गुजर रही केबिल से निकाली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग को फैलता देख खेत के पास निर्माणाधीन कॉलोनी में काम कर रहे मजदूर वहां पहुंचे और किसी तरह आग को फैलने से रोका। सूचना पर पहुंचे विक्रमजीत ने बताया कि गेहूं अभी पूरी तरह पका नहीं था। हालांकि एक बीघा में खड़ा गेहूं आग से जल गया। कहा कि उनके खेत पर चल रहे कनेक्शन से लाइनमैन ने कॉलोनी को कनेक्शन दिया था। उन्होंने लाइनमैन से गेहूं की फसल को देखते हुए उनके नाम पर दिए कनेक्शन को बंद करने के लिए कई बार आग्रह किया लेकिन लाइनमैन ने अनसुना कर दिया। घटना के बाद कनेक्शन बंद किया गया है। इधर एसडीओ अंशुल मदान ने बताया कि उनको और जेई को लिखित में कनेक्शन बंद करने का पत्र नहीं दिया गया था। एक व्यक्ति ने फोन कर आग लगने की जानकारी दी थी और कनेक्शन को बंद कर दिया गया है। मलसी गांव से गेहूं की फसल को देखते हुए तेज हवाएं चलने पर बिजली सप्लाई बंद करने का पत्र जरूर आया है। मानपुर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में पड़े कूड़े में शुक्रवार को अचानक आग गई। जो देखते ही देखते फैलने लगी। वहां मौजूद लोगों ने फायर विभाग में सूचना दी। सूचना पर एफएफएसओ गोविंदराम आर्य के नेतृत्व में एक फायर टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने किसी तरह आग को बुझाया। टीम ने बताया कि दो दिन पहले भी आग लगी थी जो स्थानीय लोगों ने स्वयं पानी डालकर बुझा दी थी। टीम में लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट, चालक संदीप शर्मा, फायरमैन पुष्कर सिंह, पंकज कुमार, राहुल शाह, भूमिका मनराल मौजूद रहे।



## गंगा पूजन के साथ महोत्सव का आगाज

**शक्तिफार्म, एजेंसी।** गुरुग्राम स्थित श्री श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में मतुआ संप्रदाय के संस्थापक श्रीश्री हरिचांद ठाकुर की जयंती पर शुक्रवार को चार दिनी मतुआ मिलन समारोह शुरू हुआ। इस दिन अधिवास के तहत गंगा पूजा, कलश स्थापना के साथ मतुआ ध्वज को स्थापित किया गया। पारंपरिक परिधान में महिलाओं ने मंदिर परिसर में बने कृत्रिम कामना सागर में गंगा पूजन के बाद परिक्रमा की।

तीन हजार वर्ग मीटर के कृत्रिम तालाब में ठाकुर जी के जन्मस्थान श्री ओढ़ाकांदी धाम बांग्लादेश सहित सात समुद्र और देश की प्रमुख 13 नदियों से लाएं गए जल को डालकर कामना सागर में तब्दील किया गया है। बताया गया कि मधु कृष्ण त्रयोदशी की पवित्र तिथि पर शनिवार को मतुआ संप्रदाय के अनुयायी तन-मन की स्वच्छता, शुद्धता और सुख समृद्धि की कामना करते हुए महावारुणी स्नान करेंगे। इसमें यूपी, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों से अनुयायियों के पहुंचने की उम्मीद है।



इस दौरान तापस मिस्त्री, रविंद्र विश्वास, सुधांशु सिकदर, किरण बसु, गोकुल विश्वास, निर्मल मंडल, सुसेन विश्वास, दिलीप मिस्त्री, कमल बसु, धनंजय बसु, रीना सिकदर, सुचित्रा विश्वास, रमोला टिकेदार, गीता, शिखा आदि थीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि शनिवार को दोपहर 12 बजे से हावारुणी स्नान शुरू होगा।

## भाजपा-कांग्रेस के चिर प्रतिद्वंद्वी फिर आमने-सामने, लेकिन मतदाताओं में कोई उत्साह नहीं

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** संसदीय सीट अल्मोड़ा पर इस बार फिर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर देखी जा रही है। मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। अन्य क्षेत्रीय व निर्दलीय कोई फिलहाल कहीं दौड़ में नहीं दिखाई दे रहे हैं।

राज्य बनने के बाद और उससे पहले भी अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच ही मुकाबला रहा है। इस बार भी चुनाव इन्हीं दो प्रत्याशियों के बीच सिमटता दिखाई दे रहा है। दोनों दलों के पास अपना मजबूत संगठन है।

जबकि अन्य क्षेत्रीय व निर्दलीयों के पास संगठन व संसाधन दोनों का ही अभाव है। मतदाताओं का वोटिंग विहेबियर भी देश में चल रही हवा के साथ ही होता है। दोनों दल वोट के लिए जनता के द्वार पहुंच रहे हैं।

अल्मोड़ा संसदीय सीट चीन और नेपाल सीमाओं से लगा हुआ है। पूरी तरह यह हिमालयी व पहाड़ी क्षेत्रों से घिरा हुआ है। यहां की 75 फीसद आबादी गांवों में रहती है। जबकि 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र है। यही वजह है कि दूरस्थ गांवों में तो चुनाव को लेकर कोई उत्साह भी नहीं दिखाई दे रहा है।



मतदाताओं का कहना है कि जब कोई आएगा तो तब देखेंगे। कई ग्रामीण क्षेत्रों में तो लोगों को प्रत्याशियों के नाम तक भी नहीं पता हैं। इसलिए यहां मत प्रतिशत भी 50 प्रतिशत के आसपास ही रहता है। लोकसभा का पूरा चुनाव शहरों व ब्लाक मुख्यालयों पर ही सिमटकर रह जाता है। संगठन के कार्यकर्ता पर ही प्रत्याशी निर्भर रहता है।

लोकसभा चुनावों की दृष्टि से देखें तो अल्मोड़ा सीट के इतिहास में जनता ने 11 बार कांग्रेस और सात बार भाजपा प्रतिनिधित्व सौंपा। इस दौरान दो उपचुनाव हुए और उसमें कांग्रेस को जीत मिली। यद्यपि एक बार वर्ष 1977 में भारतीय लोक दल को भी अल्मोड़ा सीट से जनता ने जिताया है। इस चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेज सात प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित अल्मोड़ा सीट पर अजय टम्टा को भाजपा ने फिर से मैदान में उतारा है। पार्टी ने उन्हें लगातार तीसरी बार मौका दिया है। 2014 में जीत के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री का पद भी उन्हें दिया गया था। टम्टा इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता, मजबूत पार्टी संगठन, केंद्र के साथ-साथ राज्य में डबल इंजन वाली सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं के बूते मैदान में हैं। इसके अलावा सीमांत तक आलवेदर रोड बनने, पर्यटन के लिहाज से सीमांत में हुए विकास कार्य, हेली सेवाओं की शुरुआत,मानसखंड मंदिर माला, मेडिकल कालेज निर्माण आदि को जनता के बीच रख रहे हैं। सांसद निधि से कराए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा भी उनके पास है।

कांग्रेस के प्रदीप टम्टा के पास वैसे तो स्थानीय समस्याएं हैं लेकिन पार्टी का पूरा फोकस देशव्यापी समस्याओं की ओर अधिक है।

## ग्राम प्रधान के जाति प्रमाण पत्र की जांच लंबित

**बाजपुर, एजेंसी।** गांव चनकपुर की महिला प्रधान के जाति प्रमाणपत्र की जांच छह महीने से यूपी के रामपुर जिले की स्वार तहसील में लंबित है।

वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बाजपुर के ग्राम चनकपुर पिछड़ी महिला आरक्षित से इशरत जहां प्रधान निर्वाचित हुई थी। इशरत जहां का रामपुर जिले की स्वार तहसील के गांव मानपुर उत्तरी में मायका है। उसने पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र लगाया था। एक ग्रामीण ने प्रधान के जाति प्रमाणपत्र को फर्जी होने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रधान की छोटी बहन दरखशा गांव के ही एक स्कूल में कक्षा आठ से उत्तीर्ण हुई। उसमें उसकी जाति शेख दर्ज है जो सामान्य जाति के अंतर्गत आती हैं। जबकि इशरत जहां की जाति राईन दर्शा कर पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र जारी किया गया है। एक ही परिवार में जाति में भिन्नता है।

बाजपुर एसडीएम आरसी तिवारी की ओर से सितंबर 2023 को प्रधान के जाति प्रमाणपत्र को जांच के लिए स्वार तहसील को भेजा गया। छह माह बाद भी स्वार तहसील में मामला लटका है। एसडीएम आरसी तिवारी ने बताया कि स्वार तहसील से जाति प्रमाणपत्र की जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा ने बनाया ईडी को गांधी जी के तीन बंदर, न भाजपा के खिलाफ कुछ सुनेंगे, न देखेंगे और न बोलेंगे : जस्मीन शाह

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश की जनता अब ईडी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठा रही है। इलेक्टोरल बॉन्ड से सामने आए भाजपा के शराब घोटाले पर ईडी की चुप्पी ने लोगों को यह सोचने के लिए विवश कर दिया है कि क्या ईडी केवल भाजपा के लिए काम करती है? आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा ने ईडी को गांधी जी के तीन बंदर बना दिया है। इसलिए उसने ठान लिया है कि भाजपा के खिलाफ कोई सबूत आया भी, तो वो न तो उसके खिलाफ कुछ सुनेगी, न देखेगी और न तो कुछ बोलेगी। उन्होंने ईडी से पांच प्रश्न पूछा कि आरोपी सरथ रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ दिए। 16 दिन से यह मनी ट्रेल देश के सामने है। फिर भी उसने अब तक जांच शुरू क्यों नहीं की? ईडी बिना तथ्यों के आम आदमी पार्टी को को आरोपी बनाने को कर रही है, लेकिन 55 करोड़ लेने की मनी ट्रेल साबित होने के बाद भी भाजपा को आरोपी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है? अगर ईडी निष्पक्ष जांच एजेंसी है, तो इन तथ्यों की तुरंत जांच करे।

पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि पिछले दो हफ्तों से दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले से जुड़े अहम तथ्य बाहर आए हैं। खासकर तीन मुख्य आरोपी, जिनके बयान के आधार पर गैरकानूनी तरीके से सीएम अरविंद केजरीवाल को रात के अंधेरे में गिरफ्तार किया गया। जब से देश के सामने सरथ रेड्डी, मगुंटा रेड्डी और राघव रेड्डी से जुड़े तथ्य बाहर आए हैं, तबसे पूरा देश ईडी से सवाल पूछ रहा है कि जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने तथाकथित शराब घोटाले का ह्यकिंगपिनह्न बताया था, उसने बीजेपी को 55 करोड़ रुपए क्यों दिए और उसका बीजेपी से क्या रिश्ता है?

उन्होंने आगे कहा कि मगुंटा रेड्डी के बेटे राघव रेड्डी को 5 महीने जेल में सड़ाया गया, जिसके बाद वो अपने बयान से पलट गया और उसके बयान के आधार पर आपने एक तरफ सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया और दूसरी तरफ 29 मार्च को एनडीए अलायंस मगुंटा रेड्डी को लोकसभा चुनाव का टिकट दे देती है।



इस पर कई सवाल उठ रहे हैं। आज देश का हर व्यक्ति ईडी से सवाल कर रहा है कि अगर ऐसे फर्जी बयान के आधार पर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है तो इनके बीजेपी से रिश्तों की भी जांच होनी चाहिए। लेकिन आज ईडी का हाल गांधीजी के तीन बंदरों की तरह हो गया है। बीजेपी ने ईडी को उन तीन बंदरों की तरह बना दिया है, जो न कुछ बुरा देखते हैं, न सुनते हैं और न ही बुरा कहते हैं। इसलिए ईडी को बीजेपी के खिलाफ जो भी सबूत दिए जाएं, लेकिन वो कहती है कि हम बीजेपी के खिलाफ कुछ नहीं सुनेंगे, कुछ नहीं देखेंगे और कुछ नहीं बोलेंगे।

आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि जब सीएम अरविंद केजरीवाल ने ये सारे सबूत राउज एवेन्यू कोर्ट में जज के सामने रखे कि सरथ रेड्डी का 55 करोड़ रुपए का मनी ट्रेल बीजेपी के अकाउंट में है। बड़ी हैरानी की बात है कि ईडी के पक्षकार वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू ने एक झटके में इसे नकार दिया कि बीजेपी के खाते में जो पैसे आए हैं, उसका इस कथित शराब घोटाले से कुछ लेना देना नहीं है। ये बहुत बड़ी बात है कि ईडी के वकील कोर्ट के सामने ये साफ कहते हैं कि अगर बीजेपी को शराब घोटाले के 55 करोड़ रुपए मिले, तो इसमें क्या गलत है, इससे लेन-देन साबति नहीं होता। यानि ईडी ने एक झटके में इस तथ्य की जांच भी कर ली और फैसला भी सुना दिया। ईडी का यह हाल है। लिहाजा, आम आदमी पार्टी को मजबूर होकर ईडी से कुछ अहम सवाल पूछने पड़ रहे हैं। अगर वाकई ईडी देश की एक निष्पक्ष जांच एजेंसी होती तो इसकी हमें सवाल पूछने की नौबत ही नहीं आनी चाहिए थी। ईडी दो साल से से इस मामले की जांच कर रही है। करीब 500 गवाह बुला चुकी है, 250 से ज्यादा रेड हो चुकी है और लगातार मनी ट्रेल खोज रही है। जब चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 21 मार्च को यह डाटा सार्वजनिक हो जाता है और मनी ट्रेल साबित हो जाती है, तब भी ईडी चुप है। इसलिए ये सावल जरूर पूछे जाएंगे।

आम आदमी पार्टी ने ईडी से पूछे पांच सवाल-

1- जब ईडी ने जांच नहीं की तो उसके वकील ने क्यों कहा कि कथित शराब घोटाले से भाजपा का लेना-देना नहीं- जैस्मीन शाह

हमारा पहला सवाल है कि देश के सामने मनी ट्रेल की लिस्ट आए 16 दिन हो गए हैं, जिसमें ये भी स्पष्ट है कि ये लेन-देन शराब नीति लागू होने के समय नहीं, बल्कि ईडी की जांच शुरू होने के बाद शुरू होती है। तथाकथित शराब घोटाले का किंगपिन सरथ चंद्र रेड्डी खुद बीजेपी को 55 करोड़ रुपए देता है। जब 16 दिनों से ा सारे तथ्य सार्वजनिक हैं तो ईडी ने इसपर क्या जांच की है, कितनी रेड हुई हैं, कितने समन हुए हैं? अगर आपने इस मामले की जांच नहीं की है तो आपके वकील एएसजी राजू ने राउज एवेन्यू कोर्ट में इसके जबाव में बिना सोचे ये क्यों कह दिया कि बीजेपी का कथित शराब घोटाले से कुछ लेना देना नहीं है।

2- 55 करोड़ रुपए की मनी ट्रेल मिलने के बाद भाजपा को आरोपी क्यों नहीं बनाया?- जस्मीन शाह

दूसरा सवाल, ईडी बार-बार कह रही है कि हम आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने की सोच रहे हैं, क्योंकि अभी भी 2 साल की जांच के बाद ये आशंका है कि मनी ट्रेल आम आदमी पार्टी के पास गया होगा, जबकि इसके कोई सबूत भी नहीं हैं।

## आज होगा होगा त्रिवेणी चीनी मिल चन्दनपुर के पेराई सत्र का समापन

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा।चीनी मिल चन्दनपुर ने पेराई सत्र 2023-24 का शुभारम्भ दिनांक 30.10.2023 को विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ किया था। चीनी मिल ने गत पेराई सत्र 2022-23 में 105 लाख कुं० गन्ना पेराई के लक्ष्य के सापेक्ष 104 लाख कुं० गन्ना पेराई किया था और वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 हेतु चीनी मिल चन्दनपुर के द्वारा 106 लाख कुं० गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष आज दिनांक 04.04.2024 तक चीनी मिल द्वारा 9080807 कुं० गन्ने की पेराई की जा चुकी है। पूर्व वर्षों की भांति आपूर्ति योग्य समस्त गन्ने की पेराई हेतु चीनी मिल द्वारा मिल गेट व क्रयकेन्द्रों का समस्त इण्डेंट (पर्चिया) जारी करने के उपरान्त प्रतिबन्धित खुली खरीद की जा रही है लेकिन गत एक सप्ताह से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के बावजूद भी चीनी मिल को क्षमता के अनुरूप गन्ने की उपलब्धता नहीं हो पा रही है जिसके चलते चीनी मिल समस्त पेराई योग्य गन्ने की पेराई करने के उपरान्त अपने पेराई सत्र 2023-24 का समापन आज 07.04.2024 को किया जाना प्रस्तावित है इसलिये कृषक भाईयों से अनुरोध है कि वह अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना दि० 07.04.2024 तक चीनी मिल में आपूर्ति कर दें।उपरोक्त के अतिरिक्त आमोद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष (शुगर) ने बताया कि समय से कृषक भाईयों को भुगतान हो, इसकी प्राथमिकता हमेशा से ही चीनी मिल प्रबन्धन की रही है। इसी के क्रम में दि. 25.03.2024 तक खरीदे गये गन्ने का समस्त भुगतान 32112.82 लाख रुपये एडवाइज के माध्यम से सम्बन्धित कृषकों के बैंक खाते में भेज दिया गया है तथा पेराई सत्र 2023-24 का जो भी अवशेष भुगतान होगा, उसको भी प्राथमिकता के आधार पर कृषक भाईयों को समयन्तर्गत कर दिया जायेगा। साथ ही श्री शर्मा जी ने कृषक भाईयों से यह भी अनुरोध किया कि गन्ना प्रजाति को 0238 में अत्यधिक कीट व रेडरॉट बीमारी के प्रकोप से ग्रसित होने के कारण उपज में भारी गिरावट होने के कारण इस प्रजाति के स्थान पर अन्य प्रजातियां को 0118, को 98014, को 15023, कोलख 14201 व को०जा० 88 की 4-5 फिट पर बुवाई करे तथा सभी कृषक भाई बुवाई के समय बीज उपचार, भूमि उपचार व फसल सुरक्षा अवश्य करने हेतु अपील की जिससे कृषक भाईयों को भविष्य में कम उपज के कारण आर्थिक हानि न उठानी पड़े।

## कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा, प्रदेश में चल रही भाजपा की आंधीः मौर्य

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक है। गरीब की गरीबी को दूर करने, महिला को सशक्त बनाने, अन्नदाताओं को मजबूत और नौजवानों को रोजगार देने वाला चुनाव है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, वह झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस जब सत्ता में थी तो किसी वर्ग का ध्यान नहीं रखा गया। सत्ता से वियोग क्या हुआ, सब लोग याद आने लगे हैं। कांग्रेस की हालत आईसीयू में पड़ी पार्टी और एक्सपायरी दवा की तरह हो गई है। मोदी जी को हराने के लिए भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे सभी विपक्षी दल एक हो गए।शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हाईवे स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित बूथ सम्मेलन के दौरान मौजूद रहे। दोपहर ढाई बजे उप मुख्यमंत्री सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा की आंधी चल रही है और विपक्ष की हवाइयां उड़ी हुईं हैं। जो काम कांग्रेस 60 सालों में नहीं कर पाई, वह काम नरेंद्र मोदी ने दस सालों में करके दिखाए। जब कांग्रेस सत्ता में थी तब न गरीबों का ध्यान दिया गया, न किसानों का, न अगड़ों का न पिछड़ों। अब सब लोग याद आने लगे हैं। सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे सभी विपक्षी दल एक हो गए। अमरोहा से इस बार फिर से दानिश अली को गठबंधन से प्रत्याशी बनाया गया है। 2019 में वह सपा-बसपा-रालोद के गठबंधन से जीते थे। इस बार न तो रालोद और न ही बसपा उनके साथ है।ऐसे में दानिश




अली संसद का मुंह देख पाएंगे क्या। भ्रष्टाचार की इमारत खड़ी करने वालों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। समाजवादी पार्टी अब समाप्त वादी पार्टी होने वाली है। सपा अध्यक्ष के चाचा लोगों को धमका रहे हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने के लिए निकले, लेकिन कांग्रेस के नेता यह यात्रा छोड़कर भाजपा में आए गए। राहुल गांधी और अखिलेश यादव के लिए कहा कि उन्हें जनता ने दूध से मक्खी की तरह निकालकर बाहर कर दिया है।केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकताओं से कहा कि इस बार 2019 का बदला लेना है। जिस तरह कश्मीर से धारा 370 हटाई गई और तिरंगा फहराया गया। उसी तरह हर बूथ पर 370 वोटों को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी ने की। सम्मेलन में सत्यपाल सिंह पाल, भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया, बृजेश चौधरी, विधायक राजीव तरारा, महेंद्र खड़कवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध हुक्का बार में पुलिस का छापा, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

न्यू अशोक नगर इलाके में चल रहे अवैध हुक्का बार पर आधी रात को पुलिस ने छापा मारा। हुक्का बार में न सिर्फ प्रतिबंधित हुक्के चल रहे थे बल्कि शराब भी परोसी जा रही थी। पुलिस ने यहां से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें हुक्का बार का मालिक भी है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों की पहचान शिवम (24), लक्की (18) और अभि रावत (23) के रूप में हुई है। शिवम हुक्का बार का मालिक है। वह बिना अनुमति के ही फूड कैफे की आड़ में अवैध हुक्का बार चला रहा था। पुलिस को इनके हुक्का बार से चार हुक्के, भारी मात्रा में प्रतिबंधित तंबाकू, उत्तर-प्रदेश में बिक्री की आठ शराब की बोतलों के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपित कितने दिनों से वारदात को अंजाम दे रहा था, न्यू अशोक नगर थाना पुलिस इसका पता लगाने का प्रयास कर रही है। आरोपित शिवम से पूछताछ जारी है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को उनकी टीम को सूचना मिली कि न्यू कोंडली इलाके के एक इमारत में अवैध हुक्का बार चल रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम बिल्डिंग की पहली मंजिल पर पहुंची। यहां गोल्डन एरा के नाम से फूड कैफे मौजूद था। अंदर कुछ लड़के बैठ कर खुलेआम हुक्का पी रहे थे। पुलिस ने शिवम समेत तीन आरोपितों को मौके से दबोच लिया। वहां से प्रतिबंधित तंबाकू, शराब व अन्य सामान बरामद हुआ।

## प्रदेश भाजपा ने मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस

नई दिल्ली। भाजपा आज अपना 45 वां स्थापना दिवस मना रही है। दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी का झंडा फहराया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम मित्तल, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि, अंधेरा छटा, सूरज निकला, कमल खिला... 2 सीटों से 300 से अधिक सीटों की ऐतिहासिक यात्रा को सिद्ध करने वाले समस्त राष्ट्रवादी कार्यकताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## नसीरपुर में खिलौने की तीन मंजिला फैक्टरी में भीषण आग

नई दिल्ली। द्वारका के पास स्थित नसीरपुर में आज सुबह-सुबह खिलौने बनाने की फैक्टरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही मौके पर एक-एक करके दमकल गाड़ियां पहुंचनी शुरू हो गईं और तकरीबन 20 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि सुबह जिस समय हादसा हुआ, उस समय फैक्टरी में काम नहीं चल रहा था। इसकी वजह से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। दमकल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 5:45 पर कॉल करके जानकारी दी गई थी की फैक्टरी में आग लग गई है। उसके बाद मौके पर तुरंत गाड़ियों को रवाना किया गया। द्वारका के साथ-साथ जनकपुरी और दूसरे फायर स्टेशन से गाड़ियां भेजी गईं। मौके की गंभीरता को देखते हुए डिविजनल अफसर एके जायसवाल, वेदपाल, असिस्टेंट डिवीजन ऑफिसर रवि नाथ और उदयवीर सहित 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही। वाटर टेंडर और वाटर ब्राउजर का इस्तेमाल किया गया।

मौके पर मौजूद फायर अफसर ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग में खिलौने बनाने का काम चलता था। दो पार्ट में यह बिल्डिंग बनी हुई थी। दोनों ही बिल्डिंग में खिलौने बनाने का काम एक ही मालिक द्वारा किया जा रहा था। आग कैसे लगी, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है।

## यौन उत्पीड़न मामले में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल के आरोपित असिस्टेंट प्रोफेसर निलंबित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने रोहिणी स्थित बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न मामले के आरोपित असिस्टेंट प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। एलजी की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने और शहर में व्याप्त प्रशासनिक पंगुता के बावजूद दिल्ली के एलजी ने कथित यौन उत्पीड़न मामले में डॉ. बीएसए अस्पताल में कथित आरोपित सहायक प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि गत माह मेडिकल कॉलेज की छात्राओं व उनके परिजनों ने आरोपित असिस्टेंट प्रो. डॉ सलीम शेख के




खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी और प्रदर्शन भी किया था। तब दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने 20 मार्च को पत्र लिखकर उपराज्यपाल से एमबीबीएस छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपित प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

शनिवार को एलजी सचिवालय द्वारा आरोपित असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर जारी आदेश में लिखा है कि हालांकि इस तरह के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की शुरूआत केवल राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) द्वारा ही की जा सकती है, जो कि सक्षम प्राधिकारी है। इसके मुखिया मुख्यमंत्री हैं लेकिन मेडिकल कॉलेज में महिला छात्रों के लिए डराने वाले माहौल का हवाला देते हुए एलजी ने आरोपित सहायक प्रोफेसर के निलंबन को मंजूरी दे दी है।

**● तब दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने 20 मार्च को पत्र लिखकर उपराज्यपाल से एमबीबीएस छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपित प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया था।**

## सीआईएससीई बोर्ड ने ग्यारहवीं-बारहवीं का सिलेबस बदला

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेशन एग्जामिनेशन (सीआईएससीई बोर्ड) ने ग्यारहवीं व बारहवीं के सिलेबस को बदला है। बारहवीं के लिए सत्र 2025 व ग्यारहवीं के लिए सत्र 2024-25 से संशोधित किया गया है। इसके अंतर्गत बारहवीं के 12 विषयों व ग्यारहवीं के चार विषयों का सिलेबस शामिल है। सीआईएससीई बोर्ड के स्कूलों में इसी संशोधित सिलेबस के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। बोर्ड की ओर से इस संबंध में जानकारी स्कूलों को भेज दी गई है। मालूम हो कि हाल ही में सीबीएसई की तीसरी से छठी कक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव किए गए हैं। अब सीआईएससीई ने सिलेबस में संशोधन की जानकारी दी है। दसवीं पास करने करने वाले व 11 वीं की पढ़ाई शुरू करने से पहले छात्र इस सिलेबस को देख सकते हैं। बोर्ड ने इसे अपनी वेबसाइट पर भी उपलब्ध करा दिया है। बारहवीं में जिन विषयों का सिलेबस संशोधित किया गया है उनमें भौतिकी, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथमेटिक्स, कॉमर्स, अकाउंट्स, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी, लीगल स्टडीज जबकि ग्यारहवीं के केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी, मैथमेटिक्स व इतिहास विषय शामिल है। बोर्ड की ओर से सत्र की शुरूआत में ही जानकारी जारी कर दी गई है जिससे कि छात्रों को यह पता हो कि उन्हें क्या और कैसे पढ़ना है।

## अअलविदा जुमे पर मस्जिदों में हुई कौम और मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा।मुस्लिम समुदाय में यूँ तो रमजान का पूरा महीना बहुत मुकद्दस माना जाता है और हर दिन रहमतो और बरकतों वाला होता है पर रमजान में आखरी जुमे को अलविदा जुमे के रूप में अलग ही खास माना जाता है। अलविदा जुमे की नमाज स्योहारा की जमा मस्जिद,शाही मस्जिद,एम् क्यू वाली मस्जिद,थाने वाली मस्जिद,जमाल शाही मस्जिद,लाल मस्जिद सहित नगर की दर्जनों मस्जिदों में भारी अकीदत और



शिद्दत के साथ अता की गयी साथ ही मुल्क और कौम तथा हम वतनी भाइयो की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की गयी।इस मोके पर सभी मस्जिदों में पुलिस सुरक्षा मुस्तैद रही तो नगर पालिका की तरफ से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रही।अलविदा जुमे के मुबारक मोके पर बड़ो के साथ साथ फैजुल्लापुर निवासी 7 वर्षीय शादान चौधरी पुत्र इरफान चौधरी व तमाम मासूम बच्चों ने भी रोजे रखकर खुदा के लिये इबादत की।लगभग हर घर से किसी न किसी बच्चे ने इस उमस भरी गर्मी में भूख और प्यास से मजबूती से लड़ते हुए उन लोगो को भी रोजे रखने का पैगाम दिया जो लोग भूख और प्यास के डर से रोजो से दुरी बनाये बनाये हुए हैं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ जनांदोलन तेज, रविवार को देश-विदेश में होगा सामूहिक उपवास- आप

**देश देख रहा है कि जिनके फर्जी बयानों पर केजरीवाल को जेल भेजा गया है, भाजपा का उनसे चंदा लेने और टिकट देने का रिश्ता है- गोपाल राय**

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सिटिंग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ देश और दुनिया में जन आंदोलन तेज हो गया है। आप के आह्वान पर भारत समेत दुनिया के कई देशों में रह रहे भारतीय केजरीवाल के समर्थन में रविवार को सुबह 10 बजे से सामूहिक उपवास करेंगे। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के जंतर मंतर और पंजाब में शहीद भगत सिंह के गांव खटखड़कलां में आप के विधायक, मंत्री, सांसद, पार्षद और पदाधिकारी जुटेंगे और जनता के साथ सामूहिक उपवास करेंगे। इसी तरह, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश समेत देश के 25 राज्यों की राजधानी, जिला व ब्लॉक मुख्यालय, गांव व कस्बों में लोग सामूहिक उपवास कर केजरीवाल को आशीर्वाद देंगे। भारत के अलावा, विदेशों में यूएस के न्यूयार्क, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, वाशिंगटन डीसी, कनाडा में टोरंटो,



आस्ट्रेलिया के मेलबर्न, यूके में लंदन समेत अन्य जगहों पर सामूहिक उपवास होगा। उन्होंने अपील की कि देश-दुनिया में जहां भी आप अरविंद केजरीवाल के समर्थन में सामूहिक उपवास कर रहें हैं, उसकी तश्वीरें वाट्सएप नंबर 7290037700 पर अवश्य भेजें।

शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से षड्यंत्र और एजेंसियों का दुरुपयोग कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद एक-एक दिन बीतने के साथ अब मोदी सरकार के षड्यंत्र का पदार्फाश होता जा रहा है। कई लोग पूछते हैं कि आखिर मनीष सिसोदिया, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी क्यों हुई? आखिर संजय सिंह को क्यों गिरफ्तार किया था? तो भारतीय जनता पार्टी के नेता कहते थे कि गड़बड़ी की होगी, तभी तो गिरफ्तारी हुई है। लेकिन अब जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं और जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे साफ पता चल रहा है कि बीजेपी और मोदी सरकार ने षड्यंत्र कर राष्ट्रीय दल आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करने के लिए फर्जी शराब घोटाले की व्यूह रचना की। अब साफ दिख रहा है कि किस तरह जिन लोगों के फर्जी बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। आज उन लोगों के साथ बीजेपी और एनडीए का चंदा और टिकट का रिश्ता बन गया है। सत्ता के अहंकार में मोदी सरकार जिद पर अड़ी हुई है कि जिन लोगों से हमारे खाते में पैसा आया है, हम उनके बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश हुई प्रधानमंत्री की रैली का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी बोल रहे थे कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहती है और मैं भ्रष्टाचार को मिटाना चाहता हूं। उनके इस भाषण के बाद मैं सोच रहा था कि आखिर प्रधानमंत्री जी इतने दोहरी व्यक्तित्व के साथ कैसे जी लेते हैं। पूरा देश देख रहा है कि आपने जिस अजीत पवार, अशोक चौव्हाण, छगन भुजबल पर खुद भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। अब आप उन लोगों को बचाने में लगे हुए हैं। अब तो पूरी फेहरिस्त सामने आ चुकी है कि जिन 23 से ज्यादा मामलों पर आपकी ईडी, सीबीआई ने एफआईआर की, कई लोगों की गिरफ्तारियां कीं, अब आप उन सारे भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हुए हैं। एक तरफ आप भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर बचाने में लगे हैं और दूसरी तरफ रैली में जाकर भ्रष्टाचार को हटाने की बात करते है। प्रधानमंत्री जी पूरा देश आपके इस दोहरे व्यक्तित्व को देख रहा है।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि जिस तरह से आपने दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करवाया। दिल्ली और पूरे देश समेत दुनिया में जहां भी भारत के बेटे-बेटियां रहते हैं, उनके दिलों में आक्रोश है। अगर देश की जनता ने आपको काम करने का मौका दिया तो दिल्ली की जनता ने भी प्रचंड बहुमत से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को काम करने का का मौका दिया है। अरविंद केजरीवाल पिछले 10 साल से अपना काम कर रहे हैं और आप भी पिछले 10 साल से अपना काम कर रहे हैं। आपको पता था कि दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ी है। इसलिए आपने षड्यंत्र कर उन्हें गिरफ्तार कराया।

## छत्तीसगढ़ में मशीन और उसके पार्ट्स बनाने वाली कंपनी के नाम पर ठगी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर-पूर्वी जिला के साइबर थाना पुलिस ने ठगी के मामले में एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जोकि छत्तीसगढ़ में मशीन और उसके पार्ट्स बनाने वाली एक नामी कंपनी के नाम पर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने इसे रायपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रोशन कुमार है। उसके पास से सात मोबाइल फोन, सात सिमकार्ड, चार एटीएम, फर्जी स्टैंप और अन्य कागजात बरामद किए हैं।

उत्तर-पूर्वी जिला डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शिकायत के बाद इंस्पेक्टर विजय कुमार व अन्यो की टीम ने आरोपी तक पहुंचने के लिए सबसे पहले उन बिलों और कुरियर स्लिप की पड़ताल की जिनको आरोपी ने पीड़ित को दिया था। वह सभी फर्जी मिलीं। इसके बाद उनको खातों की पड़ताल की गई जहां रकम ट्रांसफर की गई थी। सारा पैसा रायपुर के एटीएम से निकाला गया था। बैंक खाता भी वहीं था। पुलिस की एक टीम को रायपुर भेज दिया गया। आरोपी की पहचान करने के बाद लगातार तीन दिनों तक उस पर नजर रखी गई। पीछा करने के बाद आरोपी को रायपुर से दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी



ने वारदात में अपना हाथ होने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी के पास से सात मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपी खुद पहले चेन्नई की एक बड़ी फैक्टरी में इसी तरह की मशीन बनाने का काम करता था। लगभग 12 साल वहां काम करने के बाद वह रायपुर आ गया। परिवार के खर्चे पूरे करने के लिए उसने ठगी की योजना बनाई। उसने सोशल मीडिया साइट्स पर मशीन बनाने वाली नामी कंपनियों के नाम से पेज बनाया। बाद जो भी उससे मशीन की डिमांड करता था। आरोपी उनसे सौदेबाजी कर मशीन देने की बात कर रुपये वसूल लेता था। बाद में उनको फर्जी बिल, एग्रीमेंट की कॉपी, कुरियर की रसीद व दूसरे कागजात उपलब्ध कराकर पूरे पैसे ले लेता था। ठगी करने के आरोपी पीड़ितों के नंबर को ब्लॉक कर देता था। आरोपी ने लोगों को अपने जाल में फंसाने के के लिए फेसबुक के अलावा दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बेहद कम रुपयों में मशीन देने का विज्ञापन डाला हुआ था। चूंकि आरोपी को खुद मशीनों की अच्छी जानकारी थी, इसलिए वह पीड़ितों को बड़ी आसानी से अपने जाल में फंसा लेता था। बाद में अलग-अलग मदों में उनसे रुपये वसूल लिए जाते थे। पुलिस के पास नईम पाशा नामक कारोबारी ने 5.70 लाख रुपये ठगी की शिकायत साइबर थाने में की थी। पीड़ित ने बताया कि उनका अपने काम के लिए कुछ मशीन और उसके पार्ट्स चाहिए थे। 21 अगस्त 2023 को उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा। मशीन और पार्ट्स बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराने की बात की गई थी। नईम उनके झांसे में आ गए। उन्होंने बातचीत के बाद 50 हजार रुपये एडवांस पेमेंट कर दिया। इसके बाद पांच बार में पीड़ित ने कुल 5.70 लाख रुपये दे दिए गए। उनको कंपनी की ओर से बिल भी भेजे गए।

# ब्रजेश पाठक, भाजपा ने दुनिया को कराया भारत की ताकत का अहसास

- कांग्रेस सरकार थी तो भ्रष्टाचार का था बोलबाला- डिप्टी सीएम
- सपा सरकार में यूपी की बेसिक शिक्षा का बेड़ा गर्क था: ब्रजेश पाठक
- माफिया प्रदेश से गायब हो गए हैं या फिर जेल में हैं- डिप्टी सीएम

प्रात : किरण संवाददाता




अमरोहा। शनिवार को जोया रोड स्थित एक बैंक्वट हाल में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक त्रिदेव बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब देश में विपक्ष नहीं है कहीं भी। यह मोदी-योगी के कारण है। 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी तो भ्रष्टाचार का बोलबाला था।कामनवेल्थ गेम्स में घोटाला हुआ, 2जी स्पेक्ट्रम व सेना घोटाला हुआ। कांग्रेस के मंत्री तक जेल गए। कहा कि कांग्रेस ने दुनिया में देश को बदनाम किया। जबब से भाजपा आई है तो दुनिया ने भारत की ताकत पहचानी है। अब हर गरीब को पक्का मकान व शौचालय दिया है। आजादी के बाद से देश में बेटियां बहनें सुरक्षित हैं। उन्हें इज्जत से जीने का हक मिला है।डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा ने गांव गांव जल दिया, स्वयं सहायता समूह बनाए तथा गांव गांव महिलाओं व नौजवानों को गांव में ही काम देने का काम केंद्र सरकार ने किया है। सौभाग्य योजना से गांव गांव बिजली दी तो कायाकल्प योजना से 95 प्रतिशत स्कूलों में सुधार किया।

जबकि सपा सरकार में यूपी की बेसिक शिक्षा का बेड़ा गर्क हो गया था।कहा कि पहले अगर कोई बीमार हुआ तो घर के जेवर व जमीन बिकती थी, अब मोदी ने आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त कर दिया है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज खोले जा रहे हैं, सड़कें बनाई जा रही हैं। अकेले यूपी में केंद्र सरकार के सौजन्य से छह एक्सप्रेस वे बन रहे हैं।उप मुख्यमंत्री बोले कि गांव गांव कम्प्यूटर लगा कर ग्राम सचिवालय को स्मार्ट बनाया है। 2017 से पहले यूपी में जमीनों पर कब्जा होता था, छेड़छाड़ होती थी। अब कुछ नही होता तथा माफियागिरी खत्म हो गई है। माफिया प्रदेश से गायब हो गए हैं या फिर जेल में हैं।बोले कि पहले लोग भाजपा क नेताओं से पूछते थे कि रामलला का मंदिर कब बनेगा? अब मोदी ने उन्हें जवाब दे दिया है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने का काम किया है। कोरोना काल में हमने अमेरीका व इंग्लैंड को भी पछाड़ दिया है। देश के 80 करोड़ और यूपी के 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। बृजेश पाठक ने जाति धर्म संप्रदाय से उपर उठ कर देश के विकास के लिए तीसरी बार सरकार बनाने में मदद करने की अपील की।इस मौके पर विधायक महेंद्र खड़गवंशी, पूर्व सांसद व प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर, रालोद जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# ये लोग करते थे मोबाइल लूट और स्कूटी की चोरी वारदात

- 2 नाबालिक सहित 05 को पकड़ा,13 मोबाईल बरामद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




सड़क पर सरेआम मोबाइल लूटने, स्नेचिंग करने और स्कूटी चुराने वाले एक बदमाश, दो रिसीवर और 2 नबालिकों को पटेल नगर और साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने पकड़ा है। इनके पास से 13 मोबाइल और चोरी की 3 स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस टीम ने कई मामलों का खुलासा भी किया है।

पटेल नगर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार मोबाइल लुटेरा की पहचान करण कुमार के रूप में हुई है। यह रामनगर, नबी करीम का रहने वाला है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से पहाड़गंज और पटेल नगर थाना के चार मामलों का खुलासा किया गया है। इसके पास से पांच मोबाइल और दो चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से एसएचओ विक्रम दहिया की टीम ने छापा मारकर गिरफ्तार किया है। इसने 23 मार्च को द सिद्धार्थ होटल के पास अपने साथी के साथ मिलकर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उसी मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की थी। पकड़े जाने से कई मामलों का पता चला।

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने दो नाबालिकों को हिरासत में लिया है। इनके पास से चोरी की एक स्कूटी बरामद की गई है। जो पालम गांव थाना इलाके से चुराई गई थी। दोनों की उम्र 13 और 15 साल है। जब 30 मार्च को एक ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई गई थी स्कूटी चोरी के बारे में। इस मामले में छानबीन करती हुई स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम उनके बारे में पता लगाने में कामयाब हुई। इंस्पेक्टर पवन दहिया की देखरेख में पुलिस टीम ने काफी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और उसकी मदद से इनको पकड़ा। आगे की छानबीन की तो पता चला की ये दोनों नाबालिक सगे भाई हैं।

स्पेशल स्टाफ की टीम ने एक और मामले में आरोपी सुमित कुमार सहित तीन को गिरफ्तार किया। उनके पास से 08 मोबाइल बरामद किए गए हैं। इनकी गिरफ्तारी से कई मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि पहले सुमित को पकड़ा गया फिर उसकी निशानदेही पर इसके दो और रिसीवर साथी सोमवीर और तेजवीर को भी गिरफ्तार किया गया। यह दोनों आरके पुरम सेक्टर 13 और प्रेम नगर किराड़ी के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से सरोजनी नगर, सागरपुर, पालम गांव और क्राइम ब्रांच थाने में दर्ज मामले का खुलासा हुआ है।

# अलग-अलग मामलों में चल रहे थे काफी समय से फरार

- 10 हजार इनामी सहित 4 भगोड़ा को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे और कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित 10 हजार के इनामी सहित चार वांटेड को साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के कापसहेड़ा, स्पेशल स्टाफ, एएटीएस और सागरपुर थाना की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीणा ने बताया कि पहले मामले में डॉवरी डेथ ( दहेज हत्या ) के मामले में कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित और 10 हजार के इनामी आरोपी को कापसहेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। यह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था और 07 साल से फरार चल रहा था। आरोपी की पहचान चंद्रशेखर राय के रूप में हुई है, यह मूलतः बिहार के पटना का रहने वाला है। एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में जानकारी इकट्ठा करके इसे दबोचा। द्वारका कोर्ट ने 2017 में ही इसको भगोड़ा घोषित किया था। इसके ऊपर उत्तम नगर थाना में 2016 में मामला दर्ज हुआ था। दूसरे मामले में स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने दो भगोड़ा को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पिछले साल मामला दर्ज हुआ था और बाद में कोर्ट ने इन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था। आरोपियों की पहचान अमरजीत और राम पुकार के रूप में हुई है। दोनों कापसहेड़ा के सोनिया गांधी कैंप के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर पवन दहिया की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उनके बारे में जानकारी इकट्ठा की। पुलिस को सूचना मिली कि ये साकेत कोर्ट परिसर के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है। पुलिस ने एग्जिट गेट के बाहर ट्रैप लगाया और दोनों को धर दबोचा। एएटीएस और सागरपुर की पुलिस टीम ने एक्साइज एक्ट के कई मामलों में शामिल आरोपी और कोर्ट के द्वारा भगोड़ा को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मीर हसन के रूप में हुई है। यह दुर्गा पार्क इलाके का रहने वाला है। इसके बारे में एएटीएस की टीम को सूचना मिली थी और फिर पुलिस टीम ने सागरपुर थाना की मदद से इसके लोकेशन का पता लगाया और इसे गिरफ्तार किया। 2019 में दर्ज मामले में इसे पटियाला हाउस कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। इसके ऊपर सागरपुर और डाबड़ी थाने में पहले से पांच मामले दर्ज हैं।

# नसीरपुर में खिलौने की तीन मंजिला फैक्ट्री में भीषण आग

- 3 घंटे में 100 फायर कर्मियों की टीम ने पाया काबू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



द्वारका के पास स्थित नसीरपुर में आज सुबह-सुबह खिलौने बनाने की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते हैं ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही मौके पर एक-एक करके गाड़ियां पहुंचनी शुरू हो गई और तकरीबन 20 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। करीब 3 घंटे की करीब मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि सुबह जिस समय हादसा हुआ, उस समय फैक्ट्री में काम नहीं चल रहा था। जिसकी वजह से किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

फायर कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 5:45 पर कॉल करके जानकारी दी गई थी की फैक्ट्री में आग लग गई है। उसके बाद मौके पर तुरंत गाड़ियों को रवाना किया गया। द्वारका के साथ-साथ जनकपुरी और दूसरे फायर स्टेशन से गाड़ियां भेजी गई। मौके की गंभीरता को देखते हुए डिविजनल ऑफीसर एके जायसवाल, वेदपाल, असिस्टेंट डिवीजन ऑफिसर रवि नाथ और उदयवीर सहित 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही। वाटर टेंडर और वाटर ब्राउजर का इस्तेमाल किया गया।

मौके पर मौजूद फायर ऑफिसर ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग में खिलौने बनाने का काम चलता था। दो पार्ट में यह बिल्डिंग बना हुआ था। दोनों ही बिल्डिंग में खिलौने बनाने का काम एक ही मालिक के द्वारा किया जा रहा था। आग कैसे लगी है इसके बारे में पता नहीं चल पाया है। मौके पर गाड़ियां आसानी से पहुंच गई, क्योंकि वहां तक पहुंचने में फायर की गाड़ियों को ज्यादा दिक्कत नहीं हुई। आगे की छानबीन स्थानीय पुलिस कर रही है।

# उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने चीटर को किया गिरफ्तार

- छत्तीसगढ़ के रायपुर में रेड करके आरोपी दबोचा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर पूर्वी दिल्ली के साइबर थाना की पुलिस टीम ने एक चीटर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रोशन कुमार के रूप में हुई है। इसके पास से पुलिस ने सात मोबाइल, सिम 4 एटीएम के अलावा फर्जी स्टांप और डॉक्यूमेंट बरामद किया है। डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि 5.70 लाख चीटिंग की शिकायत साइबर थाना में दर्ज हुई थी। उस मामले में छानबीन कर रहे एसएचओ विजय कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पूरे मामले का पता लगाया। फिर बैंक अकाउंट की डिटेल के आधार पर पुलिस टीम जांच करती हुई छत्तीसगढ़ पहुंच गई। वहां रायपुर में छापा मारकर इस आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला यह आरोपी मूलतः बिहार के नालंदा का रहने वाला है। इस तरह से चीटिंग की वारदात को अंजाम देता है।

# नजफगढ़ पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार



- धरमपुरा का रहने वाला ने लूटा था मोबाइल

नजफगढ़ थाना की पुलिस टीम ने लूटपाट और झपटमारी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से स्कूटी और मोबाइल बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी से कई मामलों का खुलासा भी किया गया है। आरोपी की पहचान अभिषेक शर्मा के रूप में हुई है। यह धरमपुरा, नजफगढ़ का रहने वाला है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल को मोबाइल स्नेचिंग की वारदात हुई थी। जिस मामले में पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से इसके बारे में पता लगाया। फिर इसकी पहचान करके गिरफ्तार किया गया। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बेड करेक्टर भी है और पहले से कई मामलों में शामिल भी रहा है। इसके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है।

# रघुबीर नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चोरी की स्कूटी से निकला था वारदात करने



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

रघुवीर नगर पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर को उसके नाबालिक साथी के साथ पकड़ा है। ये स्कूटी से मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम देते थे। इनके पास से दो मोबाइल और स्कूटी बरामद की गई है। साथ ही इनके पकड़े जाने से 6 मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज अमरजीत राणा की टीम ने इन दोनों को पकड़ा है। बरामद स्कूटी ख्याला इलाके से चोरी की गई थी। यह दोनों चोरी की स्कूटी का नंबर प्लेट हटा करके इलाके में वारदात करने के लिए घूम रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम की नजर इनपर पड़ी और इन्हें रोका गया। एक की पहचान अनुराग उर्फ अनु के रूप में हुई। जबकि दूसरा इसका साथी नाबालिक निकला।

# सीबीआई की दिल्ली एनसीआर में रेड, कई बच्चा हुआ बरामद

## महिलाएं सहित कई को लिया हिरासत में



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में सीबीआई ने बाल तस्करी के मामले में दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की और कई नवजात शिशुओं को बचाया है। कल शाम को सीबीआई ने कई स्थानों पर छापेमारी की और केशवपुरम इलाके से दो बच्चों को बचाया गया है। अस्पताल के वार्ड बॉय नीरज और इंदु नाम की महिला समेत कई अन्य लोगों को सीबीआई ने हिरासत में लिया है। गौरतलब है की सीबीआई की टीम नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त के मामले की जांच कर रही थी। उसी क्रम में जानकारी मिलने के बाद द्वारका, उत्तर पश्चिम दिल्ली और रोहिणी समेत कई इलाकों में छापेमारी की गई। एनसीआर और दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में सीबीआई ने 7-8 बच्चों को छुड़ाने के बाद कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है, जिन्हें बेचने के लिए तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। हिरासत में लिए गए लोगों में अस्पताल के वार्ड बॉय के अलावा कुछ महिलाएं और पुरुष भी शामिल हैं। फिलहाल पूछताछ जारी है।

# पिता से विवाद के बाद युवक ने फांसी का फंदा लगाकर दे दी जान

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव में पिता से विवाद के बाद युवक ने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात शराब पीने के बाद पिता पुत्र के बीच विवाद हुआ था। परिवार के लोगों ने किसी तरह दोनों को समझा कर शांत कर दिया। इसके बाद पुत्र अपने कमरे में चला गया। काफी देर बाद पत्नी व बच्चे कमरे में पहुंचे तो मौके का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई। 35 वर्षीय युवक का शव छत के कुंडे में लटका हुआ था। मौके पर गांव के तमाम लोग एकत्र हो गए। शनिवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार की गुजर बसर कर रहा था। पुलिस ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

# मंगेतर दहेज में मांग रहा था बुलेट, लड़की ने फांसी लगाकर दे दी जान

प्रात : किरण संवाददाता

गजरौला। शादी तय होने के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बुलेट बाइक की मांग करने लगे। इस बात पर युवती तनाव में आ गई और उसने अपने स्वजन को परेशान होते देखकर फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। मामला बिजौरा गांव का है। यहां के रहने वाले हरि सिंह साइकिल ठीक करने का काम करते हैं। उनकी 22 वर्षीय पुत्री कोमल की शादी रहरा निवासी संजीव से तय हुई थी। दो माह पहले रिश्ता भी हो गया था। 29 अप्रैल को बरात आनी थी। लड़का-लड़की दोनों फोन पर बातचीत भी करते थे। युवती के पिता ने बताया कि शादी में अपाचे बाइक की बात तय हुई थी। फिर वह बुलेट बाइक की मांग करने लगे। ससुरालियों के माध्यम से लगातार दहेज में बुलेट का दबाव बनाया जा रहा था। इस बात को लेकर कोमल बहुत परेशान रहने लगी। उसे काफी समझा रहे थे मगर, वह तनाव में रहने लगी।गुरुवार को घर के लोग कुछ सामान लेने के लिए गए थे। युवती घर पर अकेली थी। इसी बीच उसने घर में ही ऊपर वाले कमरे में प्लास्टिक की रस्सी से बने फंदे पर झूलकर खुदकशी कर ली।घटना की जानकारी वापस लौटने पर तब हुई। जब कई बार आवाज मारने के बाद कोई हलचल नहीं हुई तो ऊपर कमरे में देखा तो शव लटका हुआ था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शव को मोर्चरी भिजवा दिया है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी। परिजन बुलेट बाइक की मांग करने की बात कह रहे हैं। उसकी भी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में लोग करेंगे सामूहिक उपवास

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की ओर से केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास होगा। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि भाजपा पार्टी की तानाशाही और एजेंसियों के दुरुपयोग से केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में लोग उपवास करेंगे।

राय ने कहा कि केजरीवाल को आशीर्वाद देने के लिए 7 अप्रैल की सुबह 11 बजे सामूहिक उपवास शुरू हो रहा है। उप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु, उड़ीसा समेत 25 राज्यों की राजधानी में सामूहिक उपवास का कार्यक्रम शुरू होगा। इसके साथ ही अलग-अलग जिला मुख्यालय पर भी लोग सामूहिक उपवास करेंगे और अरविंद केजरीवाल को आशीर्वाद देंगे। दिल्ली में सुबह 11 बजे जंतर-मंतर पर सामूहिक उपवास का कार्यक्रम होगा, यहां पर कोई भी बैनर नहीं लगाया जाएगा। यह सामूहिक और खुला मंच होगा कोई भी आकर उपवास रख सकता है। पार्टी के सभी पदाधिकारी नेता समेत सिविल सोसाइटी के पदाधिकारी व लोग भी शामिल होंगे। गोपाल राय ने कहा कि यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के अंदर कई जगह भारत के रहने वाले लोग सामूहिक उपवास करेंगे। इसके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, लंदन, आयरलैंड, जर्मनी, नॉर्वे में जगह-जगह भारतीय मूल के लोग केजरीवाल के लिए सामूहिक उपवास करेंगे और उन्हें आशीर्वाद देंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपवास करने वाले लोग व्हाट्सएप नंबर 7290037700 पर फोटो और डिटेल व्हाट्सएप कर सकते हैं। इसके साथ ही केजरीवाल को आशीर्वाद डॉट कॉम पर भी फोटो और डिटेल अपलोड कर सकते हैं।

अंत में गोपाल राय ने कहा कि 23 ऐसे लोगों को भाजपा में शामिल कर संरक्षण दिया गया, जिनके ऊपर ईडी, सीबीआई ने केस दर्ज किया था। एक तरफ सभी भ्रष्टाचारियों को पार्टी में शामिल करने में भाजपा लगी हुई है।

# साउथ लॉबी के शराब कारोबारी शरथ चन्द्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ दिए, पुख़्ता प्रमाण आने के 16 दिनों में ईडी ने क्या जाँच की?

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ईडी से 5 तीखे सवाल किए। आप नेता आतिशी ने कहा कि-साउथ लॉबी के शराब कारोबारी शरथ चन्द्र रेड्डी से भाजपा को 55 करोड़ मिले है। इसके पुख़्ता प्रमाण आने के 16 दिनों में ईडी ने क्या जाँच की है? कितने समन भेजे? कितनी रेड किए? कितनी गिरफ़्तारियाँ की? उन्होंने कहा कि, मनी ट्रेल की आशंका मात्र पर ईडी ने कई ह्यआपह्ल नेताओं को गिरफ़्तार किया, ह्यआपह्ल को आरोपी बनाने की बात की; अब जब 55 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल सीधे शराब कारोबारियों से भाजपा को जा रही है तो ईडी भाजपा को आरोपी कबतक बनाएगी?।

आतिशी ने कहा कि, मनी ट्रेल मिलने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को समन कब जाएगा? उनके यहाँ रेड कब होगी? उनकी गिरफ़्तारी कब होगी? उन्होंने कहा कि, साउथ लॉबी के शराब कारोबारी मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और राघव मगुंटा द्वारा चुनाव लड़ने के एवज में कोई पैसा भाजपा के एलायंस पार्टनर टीडीपी को गया है? ईडी इसकी जाँच कब करेगी। उन्होंने कहा कि, भाजपा के एलायंस पार्टनर टीडीपी से शराब कारोबारी मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी खुद चुनाव लड़ रहे है, क्या ईडी इस चुनाव में हो रहे खर्चे की जाँच कर रही है? अगर ईडी वास्तविक तौर पर भ्रष्टाचार,मनी लॉन्ड्रिंग की जाँच कर रही है, एक स्वतंत्र जाँच एजेंसी गई तो फिर वो भाजपा पर और उसके एलायंस पार्टनर टीडीपी पर जाँच शुरू करें। आप नेता आतिशी ने कहा कि, पिछले 2 साल से ईडी एक तथाकथित शराब घोटाले की जाँच कर रही है। मनी ट्रेल ढूँढ रही है ताकि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जाँच कर सके। ये जाँच कर सके कि यदि कहीं से भी गलत तरीके से कोई पैसा आया तो कहा गया? किसके पास गया? कैसे इस्तेमाल हुआ? किसने इस्तेमाल किया। पिछले 2 साल से इस केस में आम आदमी पार्टी से जुड़ी मनी ट्रेल को ईडी खोज ही रही है। उन्हें आज तक आप के किसी भी नेता के पास से एक रुपये भी मनी ट्रेल, प्रोसीड ऑफ क्राइम का नहीं मिला। जब ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट गया तो सुप्रीम कोर्ट ने भी बार बार ईडी से ये पूछा कि, आम आदमी पार्टी से जुड़ी हुई मनी ट्रेल कहा है? मनीष सिसोदिया, संजय सिंह से जुड़ी मनी ट्रेल कहा है? और इसपर ईडी के पास कोई जबाव नहीं था।

उन्होंने कहा कि, सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में भी बहुत स्पष्ट तौर पर कहा था कि ईडी जिस 100 करोड़ के मनी ट्रेल की बात कर रही है, ये साबित नहीं हुआ है और संदेहास्पद है। संजय सिंह जी के बेल के दौरान जब मनी ट्रेल पर सवाल उठे तो ईडी के पास कोई जबाव नहीं था कि आम आदमी पार्टी से जुड़ी मनी ट्रेल कहा है। लेकिन इस पूरे केस में मनी ट्रेल न मिलने के बावजूद आम आदमी पार्टी के कई नेता को गिरफ़्तार किया गया। मनीष सिसोदिया जी को गिरफ़्तार किया गया, संजय सिंह जी को गिरफ़्तार किया गया। यहाँ तक की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भी गिरफ़्तार किया गया, सिर्फ. और सिर्फ.मनी ट्रेल की एक आशंका पर।

आतिशी ने कहा कि, 21 मार्च 2024 की इस आबकारी नीति केस में पहली बार मनी ट्रेल का पुख़्ता प्रमाण सामने आया है। कि किसने पैसे लिये, किसने दिए, कहाँ दिये, कैसे दिये? इसका पुख़्ता प्रमाण 21 मार्च 2024 को सामने आ गया। आज इस बात को 16 दिन हो चुके है। तो जब एक मनी ट्रेल की आशंका मात्र पर रेड होते है, समन भेजे जाते है, गिरफ़्तारियाँ होती है। तो एक पुख़्ता मनी ट्रेल मिलने के बाद पिछले 16 दिन में ईडी ने कितने समन किए? कितने रेड किए? कितनी गिरफ़्तारियाँ की? हकीकत ये है कि इसपर ईडी ने अभी तक कुछ नहीं किया क्योंकि मनी ट्रेल शराब कारोबारी शरथ रेड्डी से भाजपा को जा रही है।

आप नेता आतिशी ने ईडी से सवाल करते हुए कहा कि,-

1. साउथ लॉबी के शराब कारोबारी शरथ चन्द्र रेड्डी से 55 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया गया जिसका पुख़्ता प्रमाण सामने आ चुका है। इसपर पिछले 16 दिन में ईडी ने क्या जाँच की है? कितने समन भेजे है? कितनी रेड की है? कितनी गिरफ़्तारियाँ की है?

2. जब सिर्फ.मनी ट्रेल की आशंका मात्र पर ईडी ने कई ह्यआपह्ल नेताओं को गिरफ़्तार कर लिया। ईडी ने कोर्ट में कहा कि, ह्यआपह्ल को आरोपी बनायेंगे। लेकिन जब 55 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल शराब कारोबारियों से भाजपा को जाती है तो ईडी भाजपा को आरोपी कबतक बनाएगा?

3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को समन कब जाएगा? उनके यहाँ रेड कब होगी? उनकी गिरफ़्तारी कब होगी? इसका जबाव ईडी को देना होगा।

# चौधरी अयान जावेद पुनः बने जिला यूथ कांग्रेस के महासचिव



प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। नगर के मुस्लिम चौधरियांन निवासी चौधरी अयान जावेद को एक बार फिर यूथ कांग्रेस जिला महासचिव बिजनौर के पद पर मनोनीत करते हुए जिम्मेदारी दी गई है उनको यह जिम्मेदारी पार्टी के प्रति उनकी लगन , निष्ठा और पार्टी को लगातार मजबूत करने की कार्यशैली को देखते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान और जिला महासचिव नजाकत अल्वी की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस बिजनौर ठाकुर गौतम सिसौदिया ने दी। एक बार फिर से यूथ कांग्रेस का जिला महासचिव बनने पर चौधरी अयान ने अपने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझ पर पार्टी ने जो विश्वास कर दोबारा मुझे फिर यह जिम्मेदारी दी है मैं पार्टी के प्रचार प्रसार कर पहले से और अधिक मेहनत कर पार्टी को मजबूत करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और चल रहे 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने के लिए भरपूर मेहनत करूंगा। चौधरी अयानजावेद के जिला यूथ कांग्रेस महासचिव बनने पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों, रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है कांग्रेस के वरिष्ठ लीडरों में रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर आरके सिंह, पूर्व सांसद ओमवती हैंनरिता राजीव सिंह, खलिक चौधरी नगर अध्यक्ष कांग्रेस, कांग्रेसी नेता नौशाद प्रिंस, युवा कांग्रेसी नेता उमेर जावेद आदि ने भी अयान जावेद को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### किसी भी स्थिति में आदर्श आचार संहिता का उलंघन न हो

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल मीणा द्वारा आज संयुक्त रूप से स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की गई। बैठक में मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तार से चुनाव की तैयारियों से अवगत कराया गया। बताया गया कि मतदान के दिन और उसके एक दिन पहले मीडिया में विज्ञापन देने के पहले इसे जिला स्तरीय एमसीएमसी कमिटी से प्री सर्टिफिकेशन लेना होगा। उन्हें नामांकन की पूरी प्रक्रिया से उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया। कहा गया कि आचार संहिता का सभी पालन करे तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में सभी भागीदार बनें।

### मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया गया

जंदाहा।मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने के उदेश्य से पीरा पुर पंचायत के केंद्र संख्या एक सौ पचिस पर एक समारोह आयोजित कर प्रथम वार मतदान करने वाले मतदाताओं के साथ सभी मतदाताओं को विशेष अभिरुचि लेते हुए पूरे उत्साह के साथ शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया।आयोजित मतदाता जागरूक कार्यक्रम में प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निर्मला दास,पर्यवेक्षक अंजू कुमारी के साथ अधिकांश आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका के अलावा अन्य मतदाता भी शामिल थे।

### जनता दरबार में लंबित मामले का हुआ निपटारा

इसुआपुर । स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिसमें केवल एक ही मामला आया। जिसका आपसी सहमति से निपटारा कर लिया गया। चांदपुरा गांव के ललन राय तथा नागेश्वर राय के बीच जमीन संबंधित मामला वर्षो से लंबित था। जनता दरबार में सीओ करूण करण, थानाध्यक्ष टिंकू कुमार तथा राजस्व कर्मचारी बज्रनंदन सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बकरी चराने गई तीन बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा शुक्रवार की शाम बकरी चराने गई तीन बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना पुरैनी थाना क्षेत्र के बंशगोपाल पंचायत के चटनमा वार्ड-8 के पोखरिया बहियार की है। तालाब किनारे बकरी चरा रही बच्चियों में से एक का पैर फिसल गया और वह तालाब में डूबने लगी। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में एक-एक कर तीनों गहरे पानी में समा गई। मृतकों की पहचान सुनील मंडल की 14 वर्षीय बेटी ललिता कुमारी, अनिल मंडल की 12 वर्षीय बेटी आरती कुमारी व नुकूल मंडल की 11 वर्षीय बेटी सोनी कुमारी के रूप में की गई। शाम में तीनों का शव तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुरैनी थाना के एएसआई राकेश सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच में जुट गए। देर शाम तक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही थी। तीनों बच्चियां बकरी चराने गई थी बहियार ललिता, आरती व सोनी अपनी कुछ अन्य सहेलियों के साथ शुक्रवार दोपहर को करीब तीन बजे पोखरिया बहियार में बकरी चराने गई थी। सभी बच्चियां पोखरिया बहियार में बने निजी तालाब किनारे बकरी चरा रही थी। इसी दौरान सोनी का पैर फिसल गया और वह पोखर में गिरने लगी। सोनी को बचाने के प्रयास में ललिता और आरती भी सोनी के साथ तालाब में समा गई। इसी बीच किसी बच्ची ने घटना की सूचना गांव जाकर परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जब तक पानी में डूबी तीनों बच्चियों को बाहर निकाला तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। एक साथ तीन बच्चियों की मौत की खबर सुन इलाके में शोक का माहौल है। तीनों बच्चियों के परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों को दिया जाएगा मुआवजा घटना की जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी तवीश हसन मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। वहीं पुलिस प्रशासन भी मौके पर कैंप कर रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का जमावड़ा लगा है। इस संबंध में अंचलाधिकारी तवीश हसन ने बताया कि मृतक बच्चियों के घर पहुंचकर मैंने स्वयं घटना से संबंधित जानकारी ली है। परिजनों को सरकार द्वारा चार-चार लाख रुपए की मुआवजा दिलाया जाएगा।

# पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने वाला तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा में एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी देना तीन युवकों को भारी महंगा पड़ गया। दरअसल मधेपुरा के एक पत्रकार को मोबाईल फोन पर जान से मारने की धमकी देना तीन युवकों को महंगा पड़ गया और तीनों सलाखों के पीछे पहुँच गए। बता दें कि मधेपुरा के एक दैनिक अखबार के जिला संवाददाता को उनके मोबाईल पर फोन कर जान से मारने की धमकी देने का मामला पत्रकार द्वारा थाने में दर्ज करवाया गया था। वहीं मधेपुरा पुलिस द्वारा मामले में तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्यवाही कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी विश्लेषण कर छापेमारी शुरू कर दिया। इसी दौरान गठित टीम ने इस कांड में शामिल पूर्णियाँ जिला के धमदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरकाही निवासी दिनेश मुखिया के पुत्र श्रवण कुमार और मधेपुरा जिला के उदाकिशुनगंज अंतर्गत चकफजुला निवासी शिवनंदन मुखिया के पुत्र सूरज कुमार एवं कुख्यात टॉप 10 की सूचि में सामिल जनार्दन यादव के पुत्र विक्रम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त दो मोबाईल बरामद किया है। ज्ञात हो कि बीते दिनों जनार्दन यादव की गिरफ्तारी हुई थी इन पर 20 हजार का इनाम रखा गया था जिसकी खबर अखबार के साथ साथ कई मीडिया हाउस में प्रमुखता से छपी थी इसी बात से नाराज जनार्दन यादव के पुत्र ने अपने सहयोगी के साथ एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी मोबाइल फोन पर दे डाली, जिसके बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वहीं इस छापेमारी टीम में सामिल मधेपुरा सदर थाना अध्यक्ष विमलेंदु कुमार, उदाकिशुनगंज थाना अध्यक्ष विनोद कुमार, पुअनि प्रमोद प्रसाद, टेक्निकल सेल के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# ई-रिक्शा पलटी, बालक की हो गई मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा सदर प्रखंड अंतर्गत भराहीं थाना क्षेत्र के पीपरपत्ता गांव में शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में एक 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पीपरपत्ता वार्ड-10 निवासी शंभू प्रसाद यादव के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई। बताया गया कि आयुष किसी रिश्तेदार के साथ ई-रिक्शा पर चदरा लेकर सिंहेश्वर से अपने गांव पिपरपत्ता जा रहे थे। इसी दौरान गोढैला से पिपरपत्ता जाने वाली रोड में पुल के समीप ई-रिक्शा पलट गई। इस हादसे में ई-रिक्शा पर बैठे आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। अत्यधिक रक्तस्राव होने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं उनके रिश्तेदार को भी हल्की चोटें आई है। घटना बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने ई-रिक्शा के नीचे से आयुष के शव को बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुल के दोनों ओर पर्याप्त मिट्टी नहीं दिया गया है, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई है। लोगों ने निर्माण एजेंसी के खिलाफ विरोध जताया और उस पर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि आयुष दो भाई में छोटा था। वह सातवीं कक्षा में पढ़ता था। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आयुष की मां सदमे में है। भराहीं थानाध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बैंक लूट की योजना बनाते 01 अपराधी की गिरफ्तार ,अंतरजिला गिरोह का उद्भेदन

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर। वैशाली पुलिस ने अंतरजिला गिरोह का उद्भेदन करते हुए एक कुख्यात अपराधी को आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार अपराधी साथियों केसाथ बैंक लूटने के लिए रेकी कर रहा था।वैशाली एसपी हरिकिशोर राय ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया कि गंगाब्रिज थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराधकर्मी ग्राम कुआरी स्थित एक्सिस बैंक को लूटने की योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए ग्राम कुआरी एक्सिस बैंक के पास सघन वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में मोटरसाईकिल पर सवार 02 व्यक्ति पुलिस को देखकर तेजी से मोटरसाईकिल घुमाकर भागने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से बाईक सवार 01 युवक कौशल कुमार श्याम को पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से तलाशी के क्रम में उसके कमर से 01 लोडेड देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतुस बरामद किया गया तथा मोटरसाईकिल के बारे में पूछने पर ये पता चला कि यह चोरी का है।

# परीक्षा में बेहतर परिणाम वाले छात्र छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया पुरस्कृत



प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ राज्य सरकार के आदेशानुसार प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश प्राथमिक ,मध्य विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह दीक्षांत समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसी कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के मिर्जा नगर पंचायत के राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर , महुआ मे दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षक संघ वैशाली के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि सरकार के द्वारा आयोजित अभिभावक संगोष्ठी सह दीक्षांत समारोह एक अभूतपूर्व कार्य है। निश्चित रूप से इस कार्यक्रम और इसके उद्देश्य आने वाले दिनों में शिक्षा विभाग की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों की तरह प्राथमिक ,मध्य एवं उच्च विद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। कार्यक्रम में वर्ग 1 से 8 तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को एक तरफ जहां मुंह मीठा कराया गया वहीं उनको मोमेंटो, मेडल एवं माला पहनकर स्वागत किया गया । पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक को फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम से बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी काफी उत्साहित थे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक, सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, सुमन लता, संजय कुमार ,मोहम्मद अफजल हुसैन, संगीता कुमारी ,विनीता कुमारी सारिका कुमारी,रंजीता कुमारी, सजीना परवीन ,गीता कुमारी ,आशा कुमारी के अलावा काफी संख्याओं में छात्र-छात्र उपस्थित थे। वही प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्जा नगर मोकरी, उत्क्रमित मध्य विधालय फुलवरिया पश्चिमी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया पूर्वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूषा महुआ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरादपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कादीलपुर के साथ साथ अनेकों प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में भी वार्षिक परीक्षा परिणाम के परिणाम प्रकाशित किए जाने के मौके पर दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया ।

# मतदान जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया प्रेरित



प्रात: किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) जिला पदाधिकारी मधेपुरा के निदेर्शानुसार फुलौत में प्रखंड के अधिकारी, आईसीडीएस, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों ने संयुक्त रूप से मतदान जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान का आयोजन फुलौत पूर्वी और फुलौत पंचायत के सबंधित सेविका,सहायिका,आशा कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में जीविका की दीदियां मौजूद रही।इस दौरान पहले मतदान - फिर जलपान,अपनी ताकत को पहचान - चलो हम सब मिलकर करे मतदान,सहित एक से बढ़कर एक जागरूकता नारे लगाए और लोगों से मतदान करने की अपील किए। उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने निष्पक्ष,भय मुक्त होकर मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की शपथ मानव श्रृंखला बना कर लिया गया। इस दौरान बीपीआरओ विजय कुमार ने बताया कि शत प्रतिशत मतदान के लिए खुद के परिवार के साथ साथ आसपास के लोगो में भी मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही गई है लोकतंत्र को मजबूत बनाने बनाने लिए आपका वोट बहुमूल्य है उसे व्यर्थ नहीं करे और ससमय अपने मत का प्रयोग कर वोटर के साथ साथ जिम्मेवार नागरिक होने के फर्ज को अदा करे। वहीं जीविका बीपीएम चंद्रमोहन पासवान ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है इसका प्रयोग अवश्य करे और अपने प्रतिनिधि का चयन करना सबकी भागीदारी है। इस दौरान सीडीपीओ दुर्गेश कुमार, सीसी प्रिंस पप्पू, मधुकर जोशी, बीके लक्ष्मी देवी, रेशमी देवी, सत्यरूपा कुमारी, रानी देवी, महारानी कुमारी, ब्यूटी कुमारी सहित अन्य सेविका सहायिका आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदी मौजूद रहे।

# विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी व परीक्षाफल समारोह आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता




सहदेई बुजुर्ग - बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निर्देश पर सहदेई बुजुर्ग प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी एवं वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन समारोह पूर्वक किया गया।बताया गया कि सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकेयाज में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सह परीक्षाफल प्रकाशन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापक राजीव रंजन सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में वर्ग एक से चार एवं छह,सात के परीक्षाफल का प्रकाशन करते हुए प्रथम,दूसरा एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाया गया।बताया गया कि वर्ग प्रथम में प्रथम स्थान नंदनीचन्दन सिंह राजपूत,द्वितीय स्थान आयुष कुमार,तृतीय स्थान साजन कुमार पासवान ने, वर्ग दूसरा में प्रथम स्थान आराध्या राज ,,वर्ग तीन में प्रथम स्थान सोनाक्षी कुमारी,वर्ग चार में प्रथम स्थान साक्षी कुमारी,पांच में प्रथम स्थान आयुष कुमार,द्वितीय स्थान विनायक कुमार,तृतीय स्थान सलोनी कुमारी को,वर्ग छह में प्रथम माही कुमारी, वर्ग सात में प्रथम स्थान प्रिंस राज,लक्की कुमारी, मासूम सिंह, रूपलता कुमारी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नवीन कुमार सिंह ममता गुप्ता, सहयोग किया।इस मौके पर विजय सिंह अमरेश सिंह सतवीर ठाकुर मिंटू देवी काजल देवी ,प्रखंड साधन सेवी सहेन्द्र पासवान आदि सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे।

# पीजी संगीत के प्रायोगिक परीक्षा गृह जिले में कराने की मांग कुलपति से की

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा बीएनएमयू के पीजी संगीत विभाग के प्रायोगिक परीक्षा गृह जिले में कराने की मांग कुलपति से की। स्नातकोत्तर संगीत विभाग के सहरसा के छात्राओं ने कुलपति प्रो. बीएस झा, कुलसचिव प्रो मिहिर कुमार ठाकुर, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. नवीन कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. शशि भूषण को आवेदन देकर संगीत की स्नात्तकोत्तर तृतीय खंड की प्रायोगिक परीक्षा भी सहरसा में आयोजित कराने की मांग की है। छात्रों ने कहा कि सहरसा से यहां आने जाने में हम लोगों को परेशानी होती है। संगीत विभाग में ज्यादातर लड़कियां ही नामांकित है। इसीलिए समस्याओं को देखते हुए स्नातकोत्तर तृतीय खंड की सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा एवं रमेश झा महिला महाविद्यालय सहरसा के ही छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा सहरसा के हीं किसी महाविद्यालय में किया जाए। छात्राओं ने कहा कि इससे पूर्व की तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा सहरसा के छात्रों का सहरसा में ही हुआ था। बता दें कि छात्र भले ही प्रायोगिक परीक्षा में फेल होने के डर से कुछ ना बोले लेकिन दबे जुबा से बोलते नजर आते हैं कि विश्वविद्यालय नॉर्थ केंपस के संगीत विभाग के एक वरीय अधिकारी के द्वारा छात्रों को प्रताड़ित किया जाता है। छात्र जैसे ही प्रायोगिक परीक्षा देने के लिए कक्षा में प्रवेश करते हैं उन्हें इतना ना डेमोरलाइज कर दिया जाता है कि छात्र सारे सुर लय ताल भूल जाते हैं। जिस कारण वह अपनी बेहतर प्रस्तुति नहीं दे पाते हैं और उन्हें नंबर काम दिया जाता है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यायों में भले ही पी एच डी धारी शिक्षक ना हो, लेकिन तजुर्बे से भरे एक से एक संगीत के शिक्षक भरे पड़े हैं। लेकिन उन्हें संगीत विभाग का हेड नहीं बनाया जाना दुखद है।

# सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : पंकज

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश पर बिहार के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में भव्य समारोह आयोजित कर अभिभावकों की उपस्थिति में वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति पत्र वितरण किया गया। हाजीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय कुतुबपुर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति देखी गई। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से शिक्षा विभाग एवं विद्यालय अधिक क्रियाशील हुए हैं।इस तरह के सकारात्मक कार्यक्रम पहले प्राइवेट विद्यालयों में ही होते थे। परन्तु आज के सरकारी विद्यालय विजन एवं परफार्मेंस दोनों में अब बेहतर हुए हैं। इससे आम आदमी ,गरीब एवं वंचित वर्ग का भी शिक्षालयों में सहभागिता बढ़ेगी।इसका अनुकूल परिणाम समाज के खास तौर पर गरीब तबके की शैक्षिक स्थिति पर होगा। विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ पंकज कुमार ने करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता सिर्फ उन्हें अनुशासित मार्गदर्शन देने की हैं। सरकार ने संस्थागत कमियों को दूर कर दिया है एवं पर्याप्त संख्या में योग्य शिक्षकों की बहाली भी हो गई है।समाज और विद्यालय एक दूसरे के पूरक हैं। विद्यालय के शैक्षिक प्रयासों, संवादों पर समाज की ओर से भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने से शिक्षा की स्थिति में गुणात्मक परिवर्तन आने वाले दिनों में दिखेगा। वर्ग एक से चार एवं षष्ठ और सप्तम वर्ग के वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति पत्र वितरण किया गया तथा सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में सुधा कुमारी शर्मा, सरोज सिन्हा,अरबिंद कुमार,मधु कुमारी, अमरेंद्र कुमार, विद्याभूषण, रानी विभा आदि शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# बीपीएससी की अनुशंशोपरांत नियुक्त शिक्षकों की असिस्टेंट प्रोफेसर में प्रोन्नति देने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा भूपेंद्र मंडल विश्वविद्यालय में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना की अनुशंसा के आलोक में (वर्ष 2016-2017 बैच में) लगभग 110 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति हुई है। यह बहुसंख्यक शिक्षक वर्ग निरंतर शिक्षण एवं शोध गतिविधियों में सक्रिय है और हमेशा विश्वविद्यालय प्रशासन को रचनात्मक सहयोग करते रहे है। इनमें से कई शिक्षक विश्वविद्यालय में भी विभिन्न दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। इन शिक्षकों की प्रथम प्रोन्नति की कालावधि (चार वर्ष) 2020-2021 में ही पूरी हो हो चुकी है और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उसी दौरान सबों से प्रोन्नति के लिए विधिवत आवेदन भी लिया गया था। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर, फरवरी 2024 में दुबारा आवेदन जमा कराया गया है, लेकिन इस बार भी कार्य की गति काफी धीमी लग रही है। दुखद पहलू यह भी है कि कोषांग में प्रोफेसर इंचार्ज एवं सदस्य में से एक भी व्यक्ति वैसे नहीं हैं, जिनके पास सिर्फ प्रोन्नति का ही कार्य हो। सभी दोहरे-तीहरे दायित्व वाले लोगों को प्रोन्नति कोषांग में रखा गया है, जो चाहकर भी प्रोन्नति के कार्यों में पूरा समय नहीं दे पा रहे हैं और बिना समय दिए कोई कार्य होगा कैसे? वैसे यह सही है कि बीच में कुछ दिनों तक प्रोन्नति की प्रक्रिया पर रोक लगी हुई थी। लेकिन उस बीच भी प्रोन्नति कोषांग चाहता, तो सक्रिय होकर कुछ आंतरिक औपचारिकताओं को पूरा कर सकता था, जो नहीं किया गया। सबसे दुखद पहलू यह है कि फरवरी 2023 में ही प्रोन्नति की प्रक्रिया को हरी झंडी मिलने के बावजूद प्रोन्नति कोषांग ने आंतरिक औपचारिकताओं को पूरा करने की ओर ध्यान नहीं दिया। राज्यपाल- सह-कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर द्वारा गत दिनों संपन्न हुए अधिषद् की बैठक में भी प्रोन्नति कार्य को ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया है। इसके बावजूद कार्य की रफ्तार काफी धीमी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मई 2023 में ही पटना विश्वविद्यालय, पटना में बीपीएससी बैच के शिक्षकों के प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी कर ली और और 21 जून, 2023 को उसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इधर, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया में भी बीपीएससी बैच के सभी शिक्षकों को सीनियर स्केल में प्रोन्नति दे दी गई है और पांच अप्रैल, 2024 को इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। ऐसे में बीएनएमयू के शिक्षक अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और उन्हें यह लग रहा है कि शायद बीएनएमयू में रहते हुए हर कार्य में हमेशा पीछे रहना ही उनकी नियति बनी रहेगी। इन सब बातों को लेकर बीपीएससी सेलेक्टेड टीचर्स फोरम (बीएसटीएफ) के महासचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने शनिवार को कुलसचिव को आवेदन देकर बीपीएससी की अनुशंशोपरांत नियुक्त शिक्षकों की असिस्टेंट प्रोफेसर (सीनियर स्केल) में प्रोन्नति की प्रक्रिया को अविलंब पूरा करने की मांग की है। साथ ही अन्य वर्ग के शिक्षकों को भी ससमय प्रोन्नति देने का अनुरोध किया है। उन्होंने आवेदन की प्रति कुलसचिव के अलावा कुलपति कार्यालय एवं प्रोन्नति कोषांग को भी हस्तगत कराया है।

# छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक प्रदान किया गया

हाजीपुर। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सपहां हाजीपुर में छात्र एवं छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन बर्ष 24 के लिए शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित कर छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक प्रदान किया गया विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को रिजल्ट सुनाया गया और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । और सभी छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा से बढ़कर कुछ नहीं है बच्चे अगर शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं तो उसे दुनिया में सब कुछ प्राप्त हो जाता है शिक्षा से ही धन दौलत शोहरत प्राप्त किया जा सकता है ।उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विनय कुमार व्रजभूषण कुमार अंकित कुमार सूरज कुमार सोनी कुमारी अभिषेक कुमार के अलावे पोषक क्षेत्र के अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारी मात्रा में गांजा हुआ जब्त

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए की जा रही लगातार कार्यवाही मे 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी पीपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है, इलाके में लगातार हो रही तस्करी के क्रम को रोकने के लिए गुप्त सूचना के आधार पर समवाय प्रभारी पीपरौन निरीक्षक सुनील दत्त व अन्य जवानों के साथ विशेष नाका ड्यूटी के दौरान जिसकी अगुवाई के जवानों द्वारा संयुक्त नाका ड्यूटी के दौरान अचानक से की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 287/23 से लगभग 04 किलोमीटर भारतीय क्षेत्र से 100 मीटर की दूरी पर एक गाड़ी महिंद्र स्कॉर्पियो में 147.750 किलोग्राम गांजा को बरामद कर जब्त किया गया है। जब्त की गई गांजा 147.750 किलो को बरामद महिंद्रा स्कॉर्पियो गाड़ी के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है ।भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके । आगामी चुनाव के मध्य नजर जो भी तत्व या सामग्री मतदाता को गलत तरीके से प्रभावित करने में मददगार होगी उन सभी पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

सम्पादकीय

# मां-बाप की सेवा करो

माता-पिता बच्चों की छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखते हैं कि हमारे बच्चे बड़े हो रहे है उन्हें भी निजता चाहिए, अपने आप थोड़ी सी जगह में रहकर, अभाव सहकर बच्चों की हर जरुरत को पूरा करते है लेकिन वही बच्चे बड़े होकर अपने माता-पिता को बोझ समझते हैं उन्हें अपने से दूर रखने की कोशिश करते हैं उनकी खांसी की आवाज, कराहने की आवाज बुरी लगती है। जो माता पिता सारी-सारी रात जागकर बच्चों की देखभाल करते है वही बच्चे बाद में उन्हें नजर अन्दाज करते हैं। माता पिता को यदि हम साथ नहीं ले जा पाते हैं, तो कोई बात नहीं लेकिन यदि हम उनसे इतना ही कह दें कि हमें अमुक जगह जाना है, उसी में वह खुश हो जाते हैं उन्हें लगता है कि मेरे बच्चे हमारी कितनी परवाह करते हैं। पूछने और बताने में अन्तर होता है। यह शब्दों का हेर-फेर है। लेकिन बुजुर्ग माता पिता की आवश्यकताएं क्या हैं, हम लोगों का साथ और थोड़ा सा भोजन, यदि हम उनसे पूछ कर बनाएं तो उन्हें भी लगेगा कि हमारी घर में सबको परवाह है। हमें अपने बुजुर्गों के अनुभवों से लाभ प्राप्त करना चाहिए अर्थात सलाह लेनी चाहिए, आज की पीढ़ी छोटी सी समस्या आ जाने पर घबरा जाती है या आवेश में अजाती है लेकिन यदि हम अपने बुजुर्गो से सलाह लेगे तो वह शान्त चित्त से अपने अनुभव के आधार पर अच्छा मार्ग दर्शन देंगे। किसी एक दिन को मदर्स डे या फादर्स डे मनाने से कुछ नही होगा। माता पिता हमारे लिए भगवान का दूसरा रुप है, हमारी सृजनकर्ता है, हमारा जो वजूद है वह उन्हीं के कारण है। उनकी महत्ता को किसी विशेष दिन से बांधने की जरुरत नहीं है। यही छोटी-छोटी बातें हैं जिनका अगर हम ध्यान दे तो, यह जीवन में ऊर्जा प्रदान करती है। जरुरत है बस इस अहसास को जगाने की है। हमें अपने परिवार के साथ-साथ अपने बुजुर्ग माता पिता की देखरेख भी उतनी ही शिद्दत से करनी है क्योंकि यह अनमोल है आज जो हमारा वजूद है वह इन्हीं की बदौलत है। अगर हमारे पास समय है, तो अपने बुजुर्ग यदि हमारे साथ नहीं है तो हमारे आसपास भी बहुत से वृद्ध होंगे जिन्हें हमारे साथ की आवश्यकता है यदि हम अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर तो हमें अपने परिवार अपने समाज को यह समय देना चाहिए, इससे हमें कितना संतोष मिलता है। क्योंकि परिवार से समाज, समाज से देश बनता है। एक अच्छे नागरिक होने का यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास की बातों को भी नजरअन्दाज न करें, बल्कि एकसभ्य/जागरुक नागरिक होने के नाते उन्हें भी पूरा करें। हमारे इस प्रयास को हमारे बच्चे भी देखते हैं, उन पर भी एक अच्छा सन्देश जाएगा। क्योंकि जैसा हम बोते हैं वैसा ही काटेंगे। यह मेरी प्रार्थना है वैसे तो आज के समय में सब समझदार लोग हैं। मैं यह किसी पर कटाक्ष नही कर रहा हू जो भी लोग अगर इन बातों का अमल करते हैं उन्हें हमारी शुभकामनाएं। सदैवयही न सोचें कि उसने हमारे के लिए क्या किया बल्कि यह सोचें कि हमने क्या किया। कई बार बुजुर्गों से भी गलती हो जाती है, वह जिद कर लेते हैं बच्चों की तरह तो हमें यह बाते नजरअन्दाज कर देनी चाहिए क्योंकि कहते हैं न बच्चा बूढ़ा एक समान। किसी भी अच्छी बात की शुरूआत हमें अपने से करनी चाहिए हमेशा दूसरे से ही अपेक्षा ने करें स्वंय से शुरूआत करें। कहते हैं न जहां जागो, वही सवेरा है। मेरी बस एक विनती है, प्रार्थना है कि केवल अधिकारों को नही कर्तव्यों को भी याद रखें।

# चोरी फिर भी सीनाजोरी

चुनाव के दिनों में लोकतांत्रिक हथियार के रूप में आरोप प्रत्यारोप का खेल खूब देखा जाता रहा है, मगर फाइनेंसियल टूल को चुनाव लडे का हथियार बना लेना यह 2024 के लोकसभा चुनाव को सबसे अलग बना रहा है। इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का विपक्षी दलों को नोटिस भेजना भले एक रूटीन काम हो सकता है, मगर इसकी टाइमिंग विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर हमला करने का मौका जरूर दे रही है। वैसे देखा जाए तो पहले भी सत्तासीन पार्टियों द्वारा ऐसी संस्थाओं के उपयोग की कहानी न्यायालयों द्वारा भी दुरुपयोग के विशेषण से नवाजी गई है परन्तु अबकी यह मामला प्रभाव क्षेत्र के हिसाब से बहुत आगे निकल गया है। इन्कम टैक्स का नोटिस सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के लिए अस्तित्व का संकट लेकर आया है। शनिवार को जारी किये गए डिमांड नोटिस के बाद कांग्रेस पर आयकर विभाग का कुल लगभग 3, 567 करोड़ रुपए बकाया बैठता है। ताजा डिमांड नोटिस 1745 करोड़ रुपए का है जो वित्त वर्ष 2014- 2015, 2015- 2016 और 2016- 2017 का है। हालांकि इसकी आशंका कांग्रेस शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाहिर कर चुकी थी कि उसे अभी और परेशान किया जाएगा। इसके पहले जो कांग्रेस को नोटिस मिला था वह 1823 करोड़ रुपए का था। यह बकाया पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के लिए था और इसमें मूल और ब्याज दोनों राशियां शामिल है। दिलचस्प बात यह भी है कि इस नोटिस में वित्तीय वर्ष 1994-1995 में कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स की हेरा फेरी का वित्तीय दंड भी शामिल है। आयकर विभाग के ये नोटिस कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बनकर इसलिए खड़े हो गए हैं क्योंकि पार्टी ने 2023- 2024 के आयकर रिटर्न में पार्टी की कुल संपत्ति ही 1430 करोड़ रुपए बतायी थी। इसमें 657 करोड़ रुपए का फंड, 340 करोड़ की चल अचल संपत्ति और लगभग 388 करोड़ का लिक्विड कैश बताया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि पार्टी अपनी कुल संपत्ति बेचकर भी आयकर विभाग का फाइन नहीं भर सकती। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पार्टी दिवालिया घोषित हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय राजनीति की एक ऐसा घटना होगी जो अगर सकारात्मक प्रभाव को लेकर आगे बढ़ी तो कभी भी कोई पोलिटिकल पार्टी इन्कम टैक्स के नियमों को सुविधानुसार उपयोग में लाने की भूल से बचेगी। लेकिन अगर इसी को नकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाने लगा तो बदले की भावना से ग्रसित होकर स्वयं सत्ता में आने पर पूर्वकालिक सत्तारूढ़ पार्टियों के ऊपर भी ऐसी ही कार्यवाही करेगी। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस और समस्त इंडिया गठबंधन आयकर विभाग के नोटिस को जिस तरह से गलत बता रहा है वो नोटिस सही हैं या गलत शनिवार को जारी 1745 करोड़ रुपए के नोटिस के अलावा दूसरा मामला 1700 करोड़ के नोटिस का है। मामला 2017 से 2021 के बीच कांग्रेस को कैश के रूप में मिले चंदे और अन्य कैश अनियमितताओं से जुड़ा है। इसमें लगभग 526 करोड़ रुपए शामिल हैं, जिसका स्पष्ट हिसाब-किताब कांग्रेस के पास नहीं है। दरअसल 2019 में आयकर विभाग के कई छापों के दौरान यह बात खुल कर सामने आई थी कि दो कंपनियां मेधा इंजीनियरिंग और कमलनाथ के करीबी की एक कम्पनी ने कैश में कांग्रेस को ये पैसे दिए हैं। आयकर विभाग को इन कंपनियों द्वारा कांग्रेस को ट्रांजेक्शन की रसीद मिली है। सूत्रों के अनुसार 20 करोड़ के एक पेमेंट का ब्यौरा आयकर विभाग के पास ऐसा भी है जिसमें कमलनाथ के जरिये पैसा सीधे कांग्रेस ऑफिस को गया है। आयकर विभाग दावा कर रहा है कि ये सारे पैसे रिश्वत के हैं जिसे मध्य प्रदेश में मंत्रियों और अफसरों को दिया गया था और जो घूम फिर कर कांग्रेस पार्टी को फंड के रूप में मिला है। यह आयकर कानून के सेक्शन 13(  ) का उल्लंघन है जिसके अनुसार 2,000 रुपए से ज्यादा कैश पेमेंट कोई पार्टी नहीं ले सकती। इसी तरह तीसरा मामला 135 करोड़ का है। यह 2018-2019 के बीच का है। इस दौरान कांग्रेस ने साढ़े 14 लाख रुपये का दान नकद में लिया और टैक्स रिटर्न भी 33 दिन की देरी से फाइल किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि उस वित्त वर्ष में कांग्रेस की कुल आय को ही टैक्स रिबेट के दायरे से बाहर कर दिया गया जो 135 करोड़ था। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स में छूट आयकर कानून की धारा 13(1) के तहत क्लेम करनी पड़ती है। कांग्रेस पर इसी प्रावधान के उल्लंघन का आरोप है। चूंकि पार्टी ने इस वित्त वर्ष के दौरान 33 दिन की देरी से टैक्स रिटर्न फाइल किया तो आयकर विभाग ने कांग्रेस की कुल 199 करोड़ की आय पर टैक्स के छूट के दावे को खारिज कर दिया। हालांकि 2021 में विभाग ने 105 करोड़ की अनियमितता के एवज में नियमानुसार 20 फीसदी यानी 21 करोड़ चुकाने को कहा था जिसके बाद केस की सुनवाई तक स्टे लग जाता। पर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। परिणामस्वरूप 16 मार्च को आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों से 135 करोड़ रुपये की वसूली कर ली। इसमें से 103 करोड़ के करीब का जुमार्ना था और बाकी के 21 करोड़ इस जुमार्ने पर लगे ब्याज की रकम थी। यह अमाउंट लियन है अर्थात बैंक अकॉउंट में फाइन वाली अमाउंट पर रोक लगा दी गई है, बाकी पैसों को पार्टी खर्च कर सकती है। यहीं कांग्रेस झूठ का भ्रम फैला रही है कि उसके बैंक अकॉउंट फ्रीज कर दिये गये हैं। मगर वास्तव में ऐसा है नहीं। अब इनके अकॉउंट में सिर्फ फाइन जितने पैसे थे तो क्या ही किया जा सकता है और अब तो कुल फाइन जितने पैसे भी कांग्रेस के एकाउण्ट में नहीं बचे हैं।

# कांटे की टक्कर में फंसी झुंझुनू लोकसभा सीट

**पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला यहां से लगातार पांच बार सांसद रहकर सबसे अधिक बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। वही 1971 में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल ने उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिरला को हराकर एक नया इतिहास बनाया था। उस समय के चुनाव में यहां अमीर बनाम गरीब का नारा पूरे देश में चर्चित रहा था। 1952, 1957, 1962 में यहां से कांग्रेस के नेता व उद्योगपति राधेश्याम मुरारका जीते थे। 1967 में स्वतंत्र पार्टी के उद्योगपति राधा कृष्ण बिरला, 1971 में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल, 1977 में जनता पार्टी के कन्हैयालाल महला, 1980 में जनता पार्टी के ठाकुर भीम सिंह मंडावा, 1984 में कांग्रेस के कप्तान अयूब खान, 1989 में जनता दल के जगदीप धनखड़ (वर्तमान उपराष्ट्रपति), 1991 में कांग्रेस के कप्तान अयूब खान, 1996 में आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) के शीशराम ओला 1998 में आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (सेक्यूलर) के शीशराम ओला, 1999, 2004 व 2009 में कांग्रेस के शीशराम ओला, 2014 में भाजपा की संतोष अहलावत, 2019 में भाजपा के नरेंद्र कुमार खीचड़ विजय रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पांच बार सांसद व केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। बृजेंद्र ओला झुंझुनू से लगातार चौथी बार विधायक है तथा राजस्थान सरकार में मंत्री व झुंझुनूं के जिला प्रमुख रह चुके हैं।**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

राजस्थान में हरियाणा बॉर्डर के पास स्थित झुंझुनू लोकसभा सीट जाटलैंड की हार्डकोर सीट मानी जाती है। इस सीट पर जाट मतदाताओं की बहुलता के चलते यहां 1996 से लगातार जाट प्रत्याशी ही चुनाव जीत रहा है। करीब 20 लाख 83 हजार मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में झुंझुनू, मंडावा, फतेहपुर, नवलगढ, उदयपुरवाटी, पिलानी, सूरजगढ़ व खेतड़ी सहित कुल आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल है। अब तक 17 बार हो चुके लोकसभा चुनाव में यहां से नो बार कांग्रेस, दो बार भाजपा, दो बार जनता पार्टी, एक बार स्वतंत्र पार्टी, एक बार जनता दल, एक बार आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) व एक बार आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (सेक्यूलर) का प्रत्याशी विजय रहा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला यहां से लगातार पांच बार सांसद रहकर सबसे अधिक बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। वही 1971 में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल ने उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिरला को हराकर एक नया इतिहास बनाया था। उस समय के चुनाव में यहां अमीर बनाम गरीब का नारा पूरे देश में चर्चित रहा था।

1952, 1957, 1962 में यहां से कांग्रेस के नेता व उद्योगपति राधेश्याम मुरारका जीते थे। 1967 में स्वतंत्र पार्टी के उद्योगपति राधा कृष्ण बिरला, 1971 में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल, 1977 में जनता पार्टी के कन्हैयालाल महला, 1980 में जनता पार्टी के ठाकुर भीम सिंह मंडावा, 1984 में कांग्रेस के कप्तान अयूब खान, 1989 में जनता दल के जगदीप धनखड़ (वर्तमान उपराष्ट्रपति), 1991 में कांग्रेस के कप्तान अयूब खान, 1996 में आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) के शीशराम ओला 1998 में आल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (सेक्यूलर) के शीशराम ओला, 1999, 2004 व 2009 में कांग्रेस के शीशराम ओला, 2014 में भाजपा की संतोष अहलावत, 2019 में भाजपा के नरेंद्र कुमार खीचड़ विजय रहे हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पांच बार सांसद व केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। बृजेंद्र ओला झुंझुनू से लगातार चौथी बार विधायक है तथा राजस्थान सरकार में मंत्री व झुंझुनूं के जिला प्रमुख रह चुके हैं। 2014 में कांग्रेस ने उनकी पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया था। मगर वह भाजपा की संतोष अहलावत से चुनाव हार गई थी। भाजपा ने यहां से पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। 2019 में भाजपा टिकट पर 3 लाख से अधिक वोटो से जीतने वाले नरेंद्र कुमार खीचड़ का पार्टी ने टिकट काट दिया है। नरेंद्र कुमार खीचड़ 2023 के विधानसभा चुनाव में मंडावा सीट पर हार गए थे।

झुंझुनू में भाजपा पिछले दो चुनाव से लगातार नए प्रत्याशियों को मैदान में उतार कर दोनों ही बार चुनाव जीता है। इस बार भी भाजपा ने अपना पुराना दांव आजमाते हुए सिटिंग सांसद का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से एक बार विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में भी शुभकरण चौधरी उदयपुरवाटी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के भगवान राम सैनी से 417 वोटो से चुनाव हार गए थे। यहां से बसपा के एडवोकेट बंशीधर नरनोलिया सहित कुल 8 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। मगर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में होने की संभावना जताई जा रही है।

कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के प्रत्याशी अपने चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू लोकसभा के आठ में से 6 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव जीते थे। वहीं खेतड़ी व नवलगढ़ में भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीते थे। पिछले विधानसभा चुनाव का ट्रेंड देखे तो इस सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। मगर कांग्रेस के नेताओं में आपसी गुटबाजी चरम पर है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला प्रदेश की राजनीति में जहां सचिन पायलट गुट के माने जाते हैं। वहीं अन्य विधायक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुट में शामिल है। जब तक जिले के सभी नेता एकजुट होकर चुनाव प्रचार में नहीं उतरेंगे तब तक कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति सुदृढ़ नहीं हो पाएगी। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला के नामांकन के दौरान कांग्रेस के सभी विधायको व विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेता उनके साथ नजर आए थे। मगर अंदरूनी तौर पर जब तक सभी मन लगाकर प्रचार नहीं करेंगे तब तक कांग्रेस के पक्ष में रिजल्ट आना मुश्किल ही नजर आ रहा है।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नरेंद्र कुमार को 738163 यानी 61.57 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं कांग्रेस के श्रवण कुमार को चार लाख 35 हजार 616 यानी 36.33 प्रतिशत मत मिले थे। उस चुनाव में भाजपा के नरेंद्र कुमार ने कांग्रेस के श्रवण कुमार को 3 लाख 2 हजार 547 वोटो से हराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की संतोष अहलावत को 488181 यानी 48.90 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस की राजबाला ओला को 254347 यानी 25.47 प्रतिशत वोट मिले थे। निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर राजकुमार शर्मा को 206288 यानी 20.66 प्रतिशत वोट मिले थे। तब भाजपा की संतोष अहलावत ने कांग्रेस की राजबाला ओला को 233835 वोटो के अंतर से पराजित किया था।

झुंझुनू सीट से कैप्टन अयूब खान 1984 व 1991 में कांग्रेस टिकट पर जीतने वाले राजस्थान के पहले व एकमात्र मुस्लिम सांसद रहे हैं। झुंझुनू से सांसद रहे कप्तान अयूब खान पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में कृषि राज्य मंत्री, जगदीप धनखड़ वीपी सिंह की सरकार में संसदीय कार्य उपमंत्री, शीशराम ओला एचडी देवेगौड़ा की सरकार में उर्वरक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), इंद्रकुमार गुजराल की सरकार में जल संसाधन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मनमोहन सिंह की यूपीए वन सरकार में खान मंत्री व मनमोहन सिंह की यूपीए टू सरकार में श्रम मंत्री तथा लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता भी रहे थे। यहां से शीशराम ओला 5 बार, राधेश्याम मुरारका तीन बार व कैप्टन अयूब खान दो बार सांसद रहे। बाकी अन्य सभी एक-एक बार ही सांसद रह पाए हैं।

झुंझुनू जिला शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। सेना में देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक सैनिक भी झुंझुनू जिले के ही है। यहां के करीबन 25 हजार वर्तमान व 40 हजार पूर्व सैनिक है। झुंझुनू संसदीय क्षेत्र के खेतड़ी में स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड कभी एशिया का सबसे बड़ा ताम्र संयत्र होता था। मगर प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते अब वह बंद होने के कगार पर पहुंच गया है। झुंझुनू जिले में कोई बारह महिने बहने वाली नदी नहीं होने के चलते यहां का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। इस कारण यहां पानी की समस्या होने लगी है। हालांकि राज्य सरकार ने हाल ही में हथिनी कुंड बैराज (ताजे वाला हैड) से पाइप लाइन के द्वारा झुंझुनू जिले में पानी लाने लाने के लिए हरियाणा से एक बार फिर नया समझौता किया है।

# चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को चीनी नाम दिए

**चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने यह सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी डाली हुई है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना अनैतिक दावा जताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि ह्यअरुणाचल भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। यदि मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वह मेरा हो जाएगा?ह्य चीन ऐसी हरकत करते हुए 2017, 2021 और 2023 में भी जारी कर चुका है। चीन ने अरुणाचल क्षेत्र में अवैधानिक रूप से गांव बसाने के भी प्रयास किए हैं। चीन अपने मानचित्रों में भी अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश करता रहा है। चीन की इन हरकतों की शुरूआत तब हुई, जब 9 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। चीन की ये सब हरकतें उसकी विस्तारवादी नीति की कुटिल मंशाएं दशार्ती हैं। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के शिखर क्षेत्र त्सारी चू में गांव बसाने की कोशिश भी हुई थी। तिब्बत के दक्षिणी क्षेत्र जंगनान से जुड़ी नीति में भी कोई परिवर्तन नहीं किया है। चीन ने दृढ़तापूर्वक कहा है कि जंगनान क्षेत्र (जो कि भारत का अरुणाचल प्रदेश है) है, उसके साथ अरुणाचल प्रदेश के अस्तित्व को भी कोई मान्यता नहीं देता है।**





**प्रमोद भार्गव**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

चीन ने हाल ही में एक बचकानी हरकत करते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को नए नाम देने की हरकत की है। इन नामों की सूची चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित भी कर दी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने यह सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी डाली हुई है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना अनैतिक दावा जताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि ह्यअरुणाचल भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। यदि मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वह मेरा हो जाएगा?ह्य चीन ऐसी हरकत करते हुए 2017, 2021 और 2023 में भी जारी कर चुका है। चीन ने अरुणाचल क्षेत्र में अवैधानिक रूप से गांव बसाने के भी प्रयास किए हैं। चीन अपने मानचित्रों में भी अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश करता रहा है। चीन की इन हरकतों की शुरूआत तब हुई, जब 9 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। चीन की ये सब हरकतें उसकी विस्तारवादी नीति की कुटिल मंशाएं दशार्ती हैं। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के शिखर क्षेत्र त्सारी चू में गांव बसाने की कोशिश भी हुई थी। तिब्बत के दक्षिणी क्षेत्र जंगनान से जुड़ी नीति में भी कोई परिवर्तन नहीं किया है। चीन ने दृढ़तापूर्वक कहा है कि जंगनान क्षेत्र (जो कि भारत का अरुणाचल प्रदेश है) है, उसके साथ अरुणाचल प्रदेश के अस्तित्व को भी कोई मान्यता नहीं देता है। मसलन संपूर्ण अरुणाचल को चीन विवादित क्षेत्र मानकर चल रहा है। करीब तीन साल पहले चीन ने अरुणाचल की वास्तविक सीमा के करीब 4.5 किलोमीटर अंदर घुसकर 101 नए घर बनाकर पूरा एक गांव बसा लिया है। यह गांव अरुणाचल के सुबनसिरी जिले में बताया जा रहा है। इस गांव के बसाए जाने के रहस्य का खुलासा उपग्रह से ली गईं तस्वीरों से हुआ था। ये तस्वीरें 1 नवंबर 2020 की बताई जा रही हैं। इनमें यह गांव स्पश्ट दिखाई दे रहा है, जबकि इस समय से एक साल पहले लिए गए उपग्रह चित्रों में यह गांव नहीं है। मसलन गांव इसी समय-सीमा के भीतर बसाया गया है। साफ है, चीन पड़ोसी देषों की संपत्ति हड़पने की हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा में सुरक्षा के लिहाज से हमेषा षंका व संकट बने रहते हैं। हमारी गुप्तचर संस्थाएं भी सबसे ज्यादा इसी सीमा पर सक्रिय रहती हैं। बावजूद इतना बड़ा गांव बसा लेने की जानकारी एजेंसियों को नहीं मिली तो इस कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है? जबकि पिछले दस सालों में हम उपग्रह से लेकर अन्य तकनीकी क्षेत्र में सक्षम हुए हैं। हालांकि बाद में उपग्रह विशेषज्ञों ने ही गांव बसा लेने की तस्वीरों की विश्वसनीय जानकारी दी थी। वस्तुतः अरुणाचल पर भारत का रुख शुरू से ही दो टूक रहा है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है। चीन ने ऐसी ही फिजूल की हरकत करते हुए 28 अगस्त 2023 को ह्यमानक मानचित्रह्य का नया संस्करण जारी किया था। इसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई भूखंडों को अपने नक्षे में चित्रित किया है। चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल, सिक्किम और भूटान क्षेत्रों में विभिन्न तरीकों से घुसपैठ करके भारत को परेशानी में डालने का काम पैदा करता ही है, साथ ही वह बीच-बीच में अपने नक्षे में भारतीय जमीन को दिखाकर दस्तावेजी बदलाव की हरकतें भी करता रहता है। लगता है उसके अजेंडे में अवांछित गतिविधियां जारी रखते हुए भारत को चिढ़ाने की आदत सी बन पढ़ गई है। स्वाभाविक है भारत ने इस हरकत का कड़ा विरोध किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि ह्यभारतीय क्षेत्र पर बेतुका दावा करने से कोई हिस्सा चीन का नहीं हो जाता। चीन की यह पुरानी आदत है। लेकिन इससे मौके पर वास्तविकता बदलने वाली नहीं है। हमारी सरकार ठीक से जानती है कि हमारी सरहद कौनसी है। ह्य यह कितनी हस्यास्पद बात है कि कोई देश पड़ोसी देश को उसकी सीमाएं बताने की हिमाकत कर रहा है? चीन की ये हरकतें सीमाई विवादों को सुलझाने की बजाय और उलझाने का काम कर रही हैं। यह पूरी दुनिया जानती है कि अरुणाचल और अक्साई चिन भारत के अविभाज्य हिस्से हैं। लिहाजा अपनी मंशानुसार बनाया गया कोई भी मानचित्र जमीनी सच्चाई को बदल नहीं सकता। चीन ऐसी हरकतें लगातार दोहराता रहा है। उसने गूगल अर्थ से होड़ बररते हुए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा कुछ साल पहले शुरू की थी। जिसमें भारतीय भू-भाग अरुणाचल और अक्साई चिन को चीन ने अपने हिस्से में दशार्या था। विश्व मानचित्र खण्ड में इसे चीनी भाषा में दशार्ते हुए अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया गया था, जिस पर चीन का दावा पहले से बना हुआ है। वह अरुणाचलवासियों को चीनी नागरिक भी मानता है। उसने इसी क्रम में अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी करने की हरकत की थी। नतीजतन भारत ने इन खिलाड़ियों के साथ अन्य खिलाड़ियों को भी चीन जाने से रोक दिया था। यही नहीं चीन की एक साम्यवादी रुझान की पत्रिका में वहां की एक कम्युनिस्ट पार्टी के नेता का लेख छपा था कि भारत को पांच टुकड़ों में बांट देना चाहिए।

# इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन जायेगी तो फिर से बूथ कैप्चरिंग आ जायेगी

**स्वाति**

भारत गणराज्य 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 18वें आमचुनाव की तैयारी कर रहा है जो विश्व का सबसे बड़ा चुनाव होगा, जब 96.88 करोड़ मतदाता अपने जनप्रतिनिधि का चयन करेंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने व्यापक इंतजाम किये हैं। लेकिन इस बीच एक बार फिर ईवीएम पर सवाल उठाकर एक समूह ने पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर ही सवालिया निशान लगाने की कोशिश की है। इस सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक्टिविस्ट अरुण कुमार की याचिका की सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग और सरकार से वीवीपैट की सभी पर्चियों का मिलान ईवीएम में पड़े सभी वोटों से कराने की वास्तुस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा है। अभी की व्यवस्था में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के रैंडम पांच ईवीएम का ही वीवीपैट से मिलान होता है। याचिका के अनुसार इस कारण मतदाता के मन में प्रणाली को लेकर संदेह उत्पन्न होता है। साथ ही याचिका में कहा गया है कि मतदाता को वीवीपैट की पर्ची को खुद बैलेट बॉक्स में डालने की सुविधा मिलनी चाहिए। इससे चुनाव में गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी और मतदाता यह देख लेगा कि उसका मत सही व्यक्ति को पड़ा है और यह गणना के लिए भी जाएगा। आगे यह बात भी उठाई गई है कि चुनाव आयोग 24 लाख वीवीपैट के लिए 5 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है मगर सिर्फ 20, 000 वीवीपैट का उपयोग समझ के परे है। न्यायालय ने सरकार और चुनाव आयोग को जवाब तलब तो किया है मगर क्या वाकई वीवीपैट की पर्ची से ईवीएम में पड़े वोट का रैंडम मिलान चुनाव प्रणाली के निष्पक्ष होने की गारन्टी नहीं दे पाता या ईवीएम हैक और वीवीपैट पर्ची से मिलान जैसे मुद्दे जानबूझकर उठाये जा रहे हैं ताकि जनता के मन में संदेह पैदा हो अभी पिछले साल सितंबर में भी एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में आई थी जिसमें ईवीएम से चुनावी धांधली और गड़बड़ी की बात कही गई थी। मगर याचिका पर न्यायालय ने फटकार ही लगाई थी कि हर कुछ दिनों में ईवीएम की गड़बड़ी का शिगूफा छोडा और भ्रम उत्पन्न करना गलत है। हालांकि चुनाव आयोग ने तब भी न्यायालय को बताया था कि ईवीएम बिना किसी कंप्यूटर या इंटरनेट नेटवर्क के स्वतंत्र रूप से काम करने वाली वन टाइम प्रोगामेबल चिप वाली मशीन है, जिससे हैकिंग या छेड़छाड़ असंभव है। आयोग ने बताया था कि अब तक सिर्फ 25 शिकायतें मिली हैं वो भी जांच के बाद झूठी पाई गई हैं। ईवीएम और वीवीपैट पर प्रश्न उठाने से पहले इसे समझना जरूरी है। वीवीपैट यानी वोटर वेरिफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल एक मशीन होती है जो वोटिंग के समय बताती है कि वोटर ने किसे वोट दिया है। इसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम से कनेक्ट किया जाता है। ईवीएम में मतदाता जिस भी पार्टी का बटन दबाता है, उसी पार्टी के चिह्न की पर्ची वोटर को वीवीपैट मशीन में दिखती है। वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची सिर्फ वोटर को ही दिखती है। अब यह प्रणाली अभी रैंडम है तो भी क्या अब तक सभी 20, 000 वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम के वोटों से मिल जाना स्वयं में इसके निष्पक्षता का सबूत नहीं है रैंडम चुनाव तो फिर भी गड़बडिों की आशंका को कम करता है। सिलसिलेवार जब यही प्रक्रिया अपनाई जाने लगेगी और पर्चियों से ही वोटिंग की गिनती होने लगेगी तो इस बात की क्या गारंटी है कि तब विपक्ष यह आरोप नहीं लगाएगा कि पर्चियों को ही बदल दिया गया या फिर ईवीएम को ही रीसेट कर वोट को ही बदल दिया गयासंदेह लाइलाज होता है। असंतुष्ट को कल्पवृक्ष भी संतुष्ट नहीं कर सकता। फिर भी ईवीएम के मामले में एक और बात समझने की जरूरत है। हाल ही जर्मनी की कोर्ट ने जर्मनी में ईवीएम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इसकी असलियत और कारण क्या है इसे समझने की जरूरत है। सबसे पहले यह बात समझना होगा कि यहां भी न्यायालय में दो याचिकाएं थी जिसमें एक ईवीएम के उपयोग को असंवैधानिक घोषित करने की थी और दूसरी ईवीएम के हैक होने की संभावना की वजह से इसको बैन करने की थी। जर्मन न्यायालय ने हैक करने वाली याचिका को खारिज किया और बेमानी बताया। वहां की अदालत ने इसके उपयोग को पूर्ण रूप से वर्जित नहीं किया है। हां न्यायालय ने जर्मन संविधान के अनुसार इसे कुछ आधार पर असंवैधानिक जरूर ठहराया है। न्यायालय ने कहा कंप्यूटर में पड़े मत को जनता नहीं देख पाती जो जर्मनी संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन है। जापान ने इस प्रक्रिया को महंगा बता कर बंद किया जो बहुत बड़ा कारण भारत में भी वीवीपैट की अनुपलब्धता का है।

# मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्कूटी रैली का आयोजन

- उपविकास आयुक्त एवं नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना
- रैली में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुये शामिल महिलाओं ने सभी वर्गों के मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु किया प्रेरित



**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय। लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला में विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियों द्वारा लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही महिलाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। यह रैली प्रातः 8 बजे राजेन्द्र स्टेडियम छपरा से प्रारंभ होकर नगरपालिका चौक के रास्ते सरकारी बस स्टैंड गोपेश्वर नगर होते हुये पुनः राजेन्द्र स्टेडियम में समाप्त हुई। स्वीप कोषांग की वरीय प्रभारी -सह- उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी एवं नगर आयुक्त सुमित कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि इस रैली के माध्यम से सभी वर्गों के मतदाताओं को, विशेष रूप से महिलाओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि मतदान हेतु मतदान दल के कर्मी सुदूर स्थित मतदान केंद्रों पर भी कठिनाइयों का सामना करते हुये मतदान कराने जाते हैं।

इसलिये सभी मतदाताओं का कर्तव्य है कि मतदान के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इससे पूर्व सारण जिला के स्वीप लोगो का अनावरण अधिकारी द्वय द्वारा अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। मौके पर मतदान के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता शंभु शरण पांडेय, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर संजय कुमार राय, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी डीपीओ आईसीडीएस कुमारी अनुपमा, जिला योजना पदाधिकारी भानु प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## छपियां में सार्वजनिक अष्टयाम आयोजित

इसुआपुर । प्रखंड के छपियां गांव स्थित जंगली ब्रह्मस्थान के प्रांगण में शनिवार को 13 में वार्षिक सार्वजनिक अखंड अष्टयाम की शुरूआत हुई। पूर्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, कन्याओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने घोघारी नदी से जलभरी की। वहां से हाथों में कलाश लिए गाजे बाजे-गाजे के साथ काली स्थान होते लगभग 6 किलोमीटर की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां आचार्य धीरज तिवारी, राजनारायण शुक्ला, मिंटू शुक्ला व अन्य विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ अष्टयाम की शुरूआत हुई। यजमान के रूप में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पवन कुमार सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी गुंजा देवी थे। जलभरी जुलूस का नेतृत्व कामाख्या सिंह ,डॉ रामेश्वर सिंह, जयप्रकाश ठाकुर, बीडीसी मनू राम, बच्चा सिंह, राजाराम सिंह, शिवपूजन दास, शिक्षक देवेंद्र सिंह, रविंद्र गिरी, उदय सिंह,राजू सिंह मिट्ठू सिंह व अन्य ने किया। अष्टयाम के समापन के पश्चात रविवार की रात्रि व्यास मनीष हलचल तथा हेमंत गिरी के बीच दुगोला कीर्तन का मुकाबला होगा। स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह ने भी पहुंचकर पूजा अर्चना की।

# अतरसन उच्चतर स्कूल के शिक्षक व आदेशपाल की समारोह पूर्वक दी गई विदाई



**प्रात : किरण संवाददाता**

रसूलपुर। उच्च विद्यालय सह राजकीय इंटर कॉलेज अतरसन के सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश राम और आदेशपाल हरि नारायण सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गई।प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद की अध्यक्षता और वरिष्ठ शिक्षक डॉ संतोष कुमार साह के नेतृत्व में आयोजित समारोह का संचालन सुनिल कुमार राम ने किया।सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश के अनुशासित जीवन शैली की सराहना अतिथि मुखिया प्रतिनिधि व राजद नेता अनिल चौधरी व समाजसेवी उमेशचंद्र सिंह ने की।भावुक शब्दों में सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि उनका सबसे बड़ा सम्मान होगा कि हमारे नये शिक्षक साथी भी इस शैक्षणिक माहौल को बनाये रखेंगे।मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत शिक्षिका काजल कुमारी का राग खमाज में छोटा ख्याल की वंदिश आलाप तराना,सोनम मिश्रा का नृत्य ,संतोष शरण का गजल भजन,आदित्य राज व संगीत शिक्षक निपुण झा के तबलावादन के साथ लोकगायक रामेश्वर गोप के चइती गीत ने भरपुर मनोरजन किया।सेवानिवृत्त शिक्षक व आदेशपाल को अंगवस्त्र के साथ उपहार देकर सम्मानित करने वालों में नवादा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार जोगिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव के अलावे विद्यालय परिवार के शिक्षक ऋषिकेश प्रसाद, नरेंद्र यादव , अंकित , सुशील , संतोष कुमार पांडेय, भरत , अमित , अभिषेक तथा शिक्षिका अर्पणा , रूबी ,अर्चना आदि शामिल थे।प्रीति भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से गेहूं का फसल जलकर हुआ राख

लहलादपुर। पछुआ हवा के झोंके से गेहूं के फसल सुखकर झूर्रा गया है. जिसकारण जनता बाजार थाना के ठीक पीछे गेहूं के खेत में अचानक आग लग जाने से कई बीघा के खेत का फसल जलकर राख हो गया. आग लगने के कारण का पत्ता नहीं चल पाया. स्थानीय युवकों की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका. शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़कर आये तथा आग को आगे बढ़ने से रोके. अन्यथा खेत के बगल में स्थित मकान भी आग की चपेट में आ सकते थे.

### पुलिस ने बालू लदी ओवरलोड छः ट्रक जब्त, तीन चालक गिरफ्तार

नगरा।खैरा थाना क्षेत्र के कृष्णा चौक से खैरा पुलिस ने ओवर लोड बालू लदी छह ट्रक को जब्त कर तीन चालक को गिरफ्तार कर लिया तथा तीन फरार हो है गया.गिरफ्तार चालक कुशीनगर जिला निवासी ब्रजेश गुप्ता व उमेश कुमार तथा मोतिहारी जिला निवासी प्रद्युमन यादव बताया जाता है.वहीं इस संबंध में खैरा अपर थानाध्यक्ष अंजली प्रकाश ने बताया की वाहन चेकिंग अभियान में करवाई की गई है. गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया है तथा फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

### सारण के लाल ऋषभ राज को एनडीए में मिला देश भर में 43 वां रैंक

छपरा। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमिक और नौसेना एकेडमिक के कंबाइंड परीक्षा में सारण के लाल ऋषभ राज ने सफलता का परचम बुलंद किया है. उन्हें इस परीक्षा में देश भर में 43 वां स्थान प्राप्त हुआ है. उन्होंने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में अर्जित किया है. अभी वह बारहवीं के अपीयरेंस छात्र हैं. अभी 11 मार्च को उनके सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा समाप्त हुई है. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी( एनडीए) में चयनित ऋषभ राज छपरा के नारायण नगर नेवाजी टोला निवासी शिक्षक राधे श्याम सिंह और ममता देवी के पुत्र हैं. उनका पैतृक गांव गरखा प्रखंड का नराव है. उन्होंने वर्ग छह तक की पढ़ाई छपरा में करने के बाद सातवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई हरियाणा कुरुक्षेत्र के गुरुकुल से पूरी की. ऋषभ का बचपन से ही हवाई जहाज उड़ाने का सपना था. उसने अपने सपने को साकार करने के लिए शुरू से ही प्रयास किया और अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की. ऋषभ ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने जिला समेत माता पिता का नाम रोशन किया है. उनके सफलता पर आमी अवस्थित ननिहाल, फुआ-फूफा व बड़े भाई रवि राज समेत परिवार के सदस्यों में जश्न का माहौल है. सभी ने उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### महम्मदपुर मठिया गाँव के समीप चँवर में लगी आग

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत के टोलापर मठिया गाँव के समीप चँवर में लगी आग मे लगभग तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। आगलगी की सूचना पा कर पहुँचा अग्निशमन वाहन व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। घटना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तार में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से परशुराम यादव,स्वामी नाथ यादव,शँकर दयाल भारती तथा बाबूलाल महतो के खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई जिससे पककर तैयार हो चुकी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुँचे महम्मदपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय ने इसकी सूचना बिजली विभाग के जेई को दी और जबतक गेंहू की फसलें कट नही जाती तब तक दिनभर बिजली बन्द रखने की बात कही। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नकाबपोश बदमाशों ने सीएसपी पिस्टल के बल पर एक लाख उड़ाई

बनियापुर। बनियापुर के हरपुर छतवा गाव मे एक सीएसपी मे घुस कर संचालक के मोबाइल लौप टाप सहित एकलाख रुपया लेकर फरार हो गए ।जिसके बाद सीएसपी संचालक द्वारा मामले अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। घटना के संबंध मे बतया गया है कि प्रमोद कुमार द्वारा ग्रामीण बैंक का सीएसपी चलाया जा रहा था,जहा हथियार के बल पर नकासपोश काउंटर पर घुस कर सीएसपी संचालक के सीर पर पिस्टल तान दिए ,वही काउंटर से मोबाइल टाइब सहित नगदी लाख रुपया लेकर फरार हो गए, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कमरे मे कैद फुटेज के आधार पर जांच मे जुटी हुई है।

# फुटपाथ वेंडर्स को महमूद चौक व जेल के पीछे किया गया शिफ्ट

- शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की दिशा में हो रहा है प्रयास

**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा। नगर आयुक्त के बेहतर प्रयास से जल्द ही शहर स्वच्छ और सुंदर दिखेगा, किस दिशा में कवायत भी शुरू हो गई है। शनिवार को नगर निगम के आयुक्त सुमित कुमार के आदेशानुसार शहर को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाने को लेकर म्युनिसिपल चौक, थाना चौक होते हुये दरोगा राय चौक तक लगाए जा रहे वेंडर्स को समझाकर मोची, टोपी तथा बेल्ट वाले वेंडर्स को महमूद चौक एवं जेल से पीछे के तरफ शिफ्ट करावाया गया है। सभी वेंडर्स को शहर को सुन्दर बनाने में सहयोग करने की अपील फुटपाथ वेंडर्स संघ के द्वारा अपील भी किया गया है।

इसके अलावा शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने के लिए नगर आयुक्त ने दीवाल पेंटिंग का कार्य डीएम ऑफिस के सामने से शुरू करने का आदेश नगर आयुक्त ने दिया है। जल्द ही शहर को आकर्षक बनाए जाने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिया गया है। हैप्पीनेस प्लेस भी बनाने को लेकर कनीय अभियंता अभय कुमार को आदेश दिया जा चुका है। फुटपाथ दुकानदार द्वारा शहर की सड़कों को किया गया अतिक्रमण को भी हटाने की कार्रवाई चल रही है। अतिक्रमण दल में स्वछता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार, नगर मिशन प्रबंधक सुधीर कुमार हिमांशु, अर्चना सिंह, नगर थाना से पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल,सामुदायिक संगठन नितेश चौहान, सुनील कुमार, अभिनव कुमार, चन्दन कुमार सिंह, अरविन्द कुमार एवं नगर निगम से ट्रैक्टर, सफाई कर्मी,उपलब्ध आदि शामिल है।

# अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नगद समेत लाखों का समान की चोरी

**प्रात : किरण संवाददाता**

परसा। शुक्रवार की रात स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रताप छपरा में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर दो कमरों में रखे पेटी व अलमारी से सोने चांदी का गहने व नगद समेत लाखों का समान की चोरी का घटना को अंजाम दिया गया है. जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच पीड़ित परिजनों से जानकारी ली।व आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इस संबंध में प्रताप छपरा गाँव निवासी स्व



सीता राम सिंह की पत्नी सुनीता देवी ने बताई की मेरे घर का सभी पुरुष बाहर रहते है। केवल घर में महिला है.जो सभी परिवार शुक्रवार की रात गहरे नींद में शोये हुए थे।इसी क्रम में अज्ञात चोरों द्वारा माझील पतोह के कमरा में रखे अलमीरा से नगद समेत गहना चोरी की गईं है।जबकि दूसरे कमरें रखे शादी सुदा पुत्री का अटैची व मेरा पेटी घर से निकाला कर घर के कुछ दुरी पर सड़क किनारे खेत में रख कर अज्ञात चोरो द्वारा उसमे रखे सोने चाँदी के गहने व नगद समेत लाखो का सम्मान की चोरी कर ली गईं।वही ग्रामीणों ने बताया की शुक्रवार की ही रात गाँव के ही कृष्णा सिंह के बंद मकान का निशाना बनाया गया।लेकिन असफल रहा।लोगो ने बताया की अज्ञात चोरो द्वारा आये दिन सगुनी पंचायत के अलग अलग गावो में चोरी की घटना को अंजमा दिया जा रहा है। जिससे गावो के लोगो में दशत का माहौल बना हुआ है।

## अग्निपीड़ितों से मिले तरैया विधायक जनक सिंह

पानापुर(सारण) तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह शनिवार को तुर्की पहुँचे एवं गत बुधवार को अगलगी की घटना में अपना आशियाना गंवा चुके पीड़ित परिवारों से मुलाकात की .उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया .उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में सरकार आपके साथ है .इस मौके पर सत्यदेव साह ,सुरेश सिंह ,शारदानंद सोनी ,गुड्डु कुशवाहा ,उपेंद्र सिंह ,सोनू राज सोनू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे .मालूम हो कि गत बुधवार की दोपहर तुर्की महादलित बस्ती में अगलगी की घटना में ललन राम , बबन राम ,रामकली कुंवर एवं शिवकुमार राम के घर जलकर राख हो गए थे।

# मैट्रिक के प्रखंड तथा विधालय टॉपर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**प्रात : किरण संवाददाता**

परसा। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद वंशी लाल संत लाल उच्च विद्यालय कोहरा मठिया के प्रखंड स्तरीय लेबल में शामिल छात्र छात्राओं को सम्मानित कार्यक्रम का प्राचार्य राजेश कुमार द्वारा आयोजन किया गया।जिसमें प्रखंड स्तर पर और विद्यालय टॉपर छात्र छात्रा स्वाती सिंह 460,साक्षी सिंह 451,अमन आनंद 446,मो अरमान 425,सिमरन कुमारी 423 को रंजन कुमार 415,अंकित कुमार 408,कुंदन कुमार 402,प्रबीन कुमार 401समेत प्रथम श्रीणी से उतीर्ण दर्जनों छात्र छात्राओं को मुखिया संजीव कुमार सिंह,पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह,प्राचार्य राजेश कुमार,हरेंद्र सिंह,अवधेश सिंह,पूर्व उप मुखिया डब्लू साह,अखलेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मोमेंटो, मेडल कलम से सम्मानित किया गया।मुखिया संजीव सिंह ने कहा कि परसा प्रखंड के बनौता पंचायत में संचालित हाई स्कूल से प्रखंड स्तर पर छात्रों से सफलता हासिल किया है।जो सराहनीय पहल है।उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षकों तथा छात्रों को बधाई देते हुए छात्र छात्राओं के उज्ववल भविष्य की कामना किया।मुखिया ने सभी उतीर्ण छात्र छात्राओं को निरंतर आगे बढ़ देश में नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया।वही विद्यालय के शिक्षकों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।वही विद्यालय छात्र अमन आनंद ने कहा कि शिक्षकों के निरंतर प्रयास,माता पीता के सही मार्गदर्शन के बदौलत सफलता हासिल हुई है।अमन आनंद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने की इक्छा जताई।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अभय कुमार सिंह,सुधीर प्रसाद सिंह,रीना कुमारी,अशोक सिंह,सत्यनारायण सिंह,राधेश्याम उपस्थित थे।

# प्रवेशोत्सव अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

**प्रात : किरण संवाददाता**

पानापुर(सारण)प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरहा के छात्र छात्राओं ने शनिवार को प्रवेशोत्सव अभियान के अंतर्गत रैली निकाल लोगो से अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की ।जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षित कर ही एक सभ्य एवं सुसज्जित समाज का निर्माण किया जा सकता है ।रैली विद्यालय परिसर से क्वार्टर बाजार ,कोंध ,भगवानपुर बाजार ,मोरिया ,जीपुरा ,रामदासपुर होते हुए पुनः विद्यालय पहुँचा ।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नवल किशोर राय ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून तक अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।उन्होंने लोगो से इस अभियान की सफलता में अपनी भूमिका के निर्वहन



की अपील की ।रैली में विनोद कुमार यादव , आरती शर्मा ,अभिमन्यु सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, चन्दन कुमार, अनूप कुमार, शशिकांत, शुभम राय,धर्मेंद्र कुमार, रामबाबू,अशोक यादव, आनंद कुमार यादव, कृष्ण कुमार, कुंदन कुमार, शशिबाला,उर्मिला कुमारी,अंकिता कुमारी,अंजू यादव, अंजू तिवारी सहित सभी शामिल थे।

# चमकी बुखार को ले अपर निदेशक ने किया निरीक्षण, जागरूकता के लिए दिए निर्देश

**प्रात : किरण संवाददाता**

मशरक(सारण) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के परिसर में चमकी बुखार को लेकर अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग अशोक कुमार ने निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों,आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका और एएनएम की बैठक आयोजित की। मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन समेत आशा , एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में चमकी बुखार पर विशेष ध्यान देने की बात बताई गई। अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग अशोक कुमार ने निर्देश दिया कि सभी आशा , एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने पोषण क्षेत्र में सभी बच्चों का प्रत्येक दिन स्वास्थ्य का जायजा लेगी और बच्चों के परिजनों को चमकी बुखार को लेकर जागरूक करेंगी। वही इसकी मॉनेटरिंग प्रभारी डॉ संजय कुमार करते रहेंगें। उन्होनें से 0 से 15 वर्ष के बच्चों का सर्वे कर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया।

# जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नामांकन को लेकर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय। सभी सरकारी विद्यालयों में प्रवेशिकोत्सव (विशेष नामांकन अभियान) के तहत विद्यालय से बाहर 6 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन निकटतम विद्यालयों में कराया जाना है। इस अभियान को लेकर आज जिलाधिकारी अमन समीर ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। 6-14 वर्ष आयु वर्ग के विद्यालय से बाहर के बच्चों का सर्वे पंचायत वार एवं नगर निकायों में वार्डवार करने का निदेश दिया गया। सभी पंचायतों एवं शहरी वार्डों में सर्वे के लिये शिक्षा सेवक के साथ साथ स्थानीय जीविका एवं आंगनबाड़ी सेविका को पंचायतवार एवं शहरी वार्डवार टैगिंग करने का निदेश दिया गया। इस संबंध में डीपीओ आईसीडीएस तथा डीपीएम जीविका को अपने पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। टैगिंग के उपरांत प्राधिकृत सर्वे दल 15 दिनों के अंतर्गत संबंधित पंचायत/वार्ड में घर घर जाकर उक्त आयुवर्ग के विद्यालय से बाहर वाले बच्चों को चिन्हित कर सूची तैयार करेंगे। प्रतिदिन किये गए सर्वे को पंजी में तिथिवार संधारित करने का निदेश दिया गया। पंचायतों एवं शहरी वार्डों में महादलित टोलों तथा झुग्गियों में विशेष फोकस देकर सर्वे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रतिदिन सर्वे के प्रगति की समीक्षा करने एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पंचायतवार सर्वे दल के साथ बैठक कर विद्यालय से बाहर के चिन्हित बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करायेंगे। सभी नामांकित बच्चों की इंट्री ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर सुनिश्चित कराने को कहा गया। शिक्षा सेवकों के माध्यम से सभी अभिभावकों को उनके बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मशरक में पलानी में आग लगने से 8 बकरी समेत हजारों रुपये की संपति जलकर राख

मशरक (सारण) मशरक प्रखंड के चांद कुदरिया गांव में पलानी में भयंकर आग लग गई, आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया, पर आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। पीड़ित चांद कुदरिया गांव निवासी कृष्णा राम ने बताया कि पलानी में आग लग गई ।जिसमें पलानी में रखी 2 साइकिल, 8 बकरी और चौकी बिछावन समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर मुखिया धर्मेन्द्र मांझी और पूर्व उप-प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने पीड़ित के यहां पहुंच जायजा लिया और सरकारी मदद दिलवाने का भरोसा दिलवाया।

# जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

**प्रात : किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से आगामी ईद, चैती छठ, रामनवमी एवं अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव प्राप्त करते हुए इन त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि किसी भी तरह के जूलूस के आयोजन हेतु लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा। लाइसेन्स में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के आधार पर ही आयोजन की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक आयोजन के लाइसेन्स हेतु 10-15 लोगों को पहचान पत्र जमा करना होगा,




जिसका सत्यापन भी कराया जायेगा। जूलूस में डीजे का उपयोग प्रतिबंधित है। किसी भी तरह के शस्त्र का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। किसी भी तरह के अश्लील/भड़काऊ गीत, संगीत एवं संवाद के उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। सभी आयोजनों को लोकसभा आम चुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुये सुनिश्चित करने को कहा गया। समिति के सदस्यों से भी एक एक कर उनके पूर्व के अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया गया। इसके बाद विधि व्यवस्था को लेकर सभी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की गई। किसी भी जूलूस के लिये लाइसेन्स की अनिवार्यता एवं निर्धारित शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने का स्पष्ट निदेश दिया गया। आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन करते हुये ही आयोजन सुनिश्चित कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद से पूर्व बाजारों में काफी भीड़ होती है, इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी निरंतर रात्रि में पेट्रोलिंग करते रहें। सभी नगर निकायों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निदेश दिया गया। ईद के दिन प्रातः 7 बजे से नमाज अदा की जाती है, इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी प्रातः 5 बजे से ही अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कोई भी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी या पुलिस पदाधिकारी अगर अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाया जायेगा तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं गोपनीय शाखा प्रभारी को सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ससमय उपस्थिति की जाँच करने को कहा।

# मांझी के राम घाट पर पाप मोचनी एकादशी के अवसर पर सरयू में स्नान को जुटी महिलाएं

**प्रात : किरण संवाददाता**

माँझी। शनिवार को माँझी के प्रसिद्ध राम घाट पर पवित्र सरयु नदी में पाप मोचनी एकादशी के पारण के अवसर पर आयोजित चैत्रवर्णी पर्व का स्नान करने सैकड़ों की संख्या में पहुँची व्रती महिलाओं ने गोबर के उपले पर लिट्टी चोखा बनाकर ग्रहण किया। पूछे जाने पर स्नान करने पहुँची महिलाओं ने बताया कि भगवान श्री राम के अवतरण के पूर्व अयोध्या में इस पर्व की शुरूआत की गई थी। उक्त पर्व में एकादशी के पारण की तिथि को सरयु नदी में स्नान के बाद घाट पर लिट्टी चोखा बनाकर उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने की परंपरा रही है। स्थानीय मौनिया बाबा मंदिर के पुजारी संत राम दास उदासीन महाराज



ने बताया कि भक्त शबरी के श्राप से लाल हुई नदी को भगवान श्री राम के चरण स्पर्श से मुक्ति मिली थी और नदी पुनः अविरल बहने लगी थी अतः चैत्रवर्णी पर्व को पाप नाशिनी अथवा पाप मोचनी भी कहा जाता है। यह पर्व प्रत्येक 50 वर्ष बाद मनाने की परंपरा रही है उन्होंने बताया कि काल कमार्नुसार अबकी बार 35 वर्षों बाद ही यह महासंयोग बना है। अलग अलग गाँवों से ताल्लुक रखने वाली तथा अलग अलग वाहनों पर भगवान का भजन कीर्तन करते माँझी के राम घाट पर स्नान करने पहुँची महिलाओं में ज्यादातर यूपी के बलिया जिले से की रहने वाली बताई जाती हैं। स्नान को लेकर माँझी चट्टी से रामघाट तक चहल पहल देखी गई। स्नानार्थियों की सुरक्षा एवम साफ सफाई को लेकर माँझी नगर पँचायत के कर्मी मुस्तैद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गांजा के साथ महिला कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

सुरपुरा (रोहतास) सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनहर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांजा के साथ एक महिला कारोबारी मालती देवी पति शंकर साह को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना के एसआई विमलेश कुमार पुलिस बल के जवानों के साथ नोनहर गांव में छापेमारी कर एक महिला कारोबारी के घर से 600 ग्राम गांजा जब्त कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

काराकाट(रोहतास):; प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वे मतदान केंद्र संख्या-176 प्राथमिक विद्यालय भरतकस्बा,181- प्राथमिक विद्यालय दुआरी,183-मध्य विद्यालय काराकाट,184, 261- बेसिक विद्यालय जयश्री, 263- बेसिक विद्यालय जयश्री, 264, 299- मध्य विद्यालय इटवां भाग संख्या-304, 305- उत्क्रमित मध्य विद्यालय करूप (इंग्लिश) ,321 जोरावरपुर में ए एम एफ एफ - शौचालय, पानी, बिजली रैम्प इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत संबंधित प्रधानाध्यापकों को सभी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी, कर्मी और संबंधित ट्रक विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम पर मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

● शिक्षा में प्रगति पर अभिभावक -शिक्षक गोष्ठी पर हुई चर्चा

प्रात :किरण संवाददाता




बिक्रमगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के जमोढी पंचायत के मध्य विद्यालय में वर्ग 1 से 8 का 2023-24 वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित होते छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्रा सम्मान समारोह सहित अभिभावक व शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रकाशित रिजल्ट में वर्ग 1 से प्रथम स्थान आयुष कुमार, सेकेंड ममता कुमारी, तृतीय राजीव कांत। वर्ग 2 से प्रथम स्थान दीपक कुमार, सेकेंड मधुराज, तृतीय महिमा कुमारी। वर्ग 3 से शिवानी कुमारी, सेकेंड सोनम कुमारी, तृतीय स्थान रिया कुमारी। वर्ग 4 से प्रथम स्थान अनुराधा कुमारी, सेकेंड स्थान रिया कुमारी, तृतीय आकाश कुमार। वर्ग 5 में प्रथम स्थान सुगंधा कुमारी, सेकेंड स्थान साक्षी कुमारी, तृतीय पर श्रीधि कुमार रही। वही वर्ग 6 से प्रथम कार्तिक कुमार, सेकेंड स्थान कृति कुमारी, तृतीय इंद्रजीत प्रकाश रहा। जबकि वर्ग 7 से प्रथम अनु कुमारी, सेकेंड अनुराधा कुमारी व तृतीय कृति कुमारी रही। साथ ही वर्ग 8 में प्रथम स्थान अंजली कुमारी, सेकेंड स्थान सलोनी कुमारी सहित तृतीय स्थान साक्षी कुमारी प्राप्त को विद्यालय को गौरवान्वित किया। वही सभी अव्वल छात्रों को फूल माला पहना प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार प्रसाद और मुख्य अतिथि जमोढी पंचायत मुखिया मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कलम, कॉपी, किताब से सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अभिभावक व शिक्षक गोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों के माता-पिता उनके उजव्वल भविष्य के लिए उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें। ताकि वह बेहतर शिक्षा से अपने भविष्य को संवार सके। वही मुखिया मनोज ने बताया कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र का मध्य विद्यालय,जमोढी पूरे रोहतास जिला में शिक्षा के प्रभाव से उच्चे शिखर पर पहुंच रहा है। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष, सचिव नीतू देवी,वार्ड सदस्य बृन्दा लाल सिंह, अरुण कुमार सिंह व मध्य विद्यालय सभी शिक्षक सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थें।

# पुलिस पर हमला मामले में पांच गिरफ्तार, भेजा जेल




प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास):कच्छवां पुलिस ने पुलिस पर हमला मामले में गुप्त सूचना के आधार पर भोजपुर जिला के इमादपुर थाना अंतर्गत पश्चिमी व पूर्वी इंग्लिश से पांच लोगों को गिरफ्तार कर जांच के बाद जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष सोन नदी के तटीय क्षेत्र में छापेमारी के दौरान शराब माफियाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया था। कच्छवां थाना अंतर्गत पुलिस पर हमला कांड संख्या 133/23 में धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 307/ 353/ 427/ 379/ 411/ 504/ 506 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट में भोजपुर पुलिस के साथ छापेमारी कर कुल इमादपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी इंग्लिश से अरविंद सिंह पिता स्व जुल्मी सिंह, संतोष कुमार उर्फ लोहा पिता स्व सियाराम सिंह, भीम सिंह पिता कृष्ण सिंह, अभय कुमार पिता कृष्णा सिंह वहीं पूर्वी इंग्लिश से पिंटू कुमार पिता नागा सिंह को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

# विश्वम्भर मध्य विद्यालय धारूपुर में अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी समारोह का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विश्वंभर मध्य विद्यालय धारूपुर के प्रांगण में शनिवार को अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने की। आपको बताते चलें कि वार्षिक परीक्षा 2024 के मद्देनजर प्रगति पत्रक वितरण करने को लेकर विद्यालय परिसर में अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी समारोह आयोजित की गई। उक्त दौरान प्रधानाध्यापक ने कक्षा चतुर्थ ,छठवीं एवं सातवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को घोषित किया। उन्होंने बताया कि कक्षा चतुर्थ की छात्रा अमृता कुमारी प्रथम , प्रिया कुमारी द्वितीय एवं अर्चना कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की है। कक्षा छठवीं की छात्रा साक्षी कुमारी 90% अंकों के साथ प्रथम , काजल कुमारी 88.5% अंकों के साथ द्वितीय एवं बेबी कुमारी 87.5% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की है। जबकि कक्षा सातवीं की छात्रा रिंकू कुमारी 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम , मनु कुमार 81 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं राहुल कुमार 80% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को मेंडल ,कॉपी,कलम देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सफल छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को कार्यक्रम दौरान फूल माला से स्वागत किया। उसके उपरांत सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को जलपान भी कराया गया। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक कमलेश दुबे , विश्वनाथ मौआर , पुष्प कुमार प्रमोद , केसनाथ चौधरी , सुधीर कुमार वहीं अभिभावकों में विष्णु शंकर तिवारी , पत्रकार राजू रंजन दुबे , चंदन सिंह , सुल्ताना खातून , विंदा देवी ,विभा देवी ,विंदु देवी , पूजा देवी व छात्र- छात्राओं में सुरभी ,जूही , राहुल , बेबी , साक्षी ,काजल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शौच को निकले दो व्यक्ति को तेज रफ्तार टेम्पो ने रौंदा, एक की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के करूप-बेलवाई रोड़ स्थित गोरख परासी नहर पुल के समीप एक तेज रफ्तार टेम्पो ने शौच कर रास्ते से घर जा रहे दो व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई व दूसरा व्यक्ति पूरी तरह से घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि गोरख परासी गांव निवासी 58 वर्षीय हरिनारायण कहार पिता स्व. हजारी कहार और मुनि प्रसाद पिता स्व. मंगरू कहार शौच करने के लिए घर से बाहर गांव के नहर के तरफ गए थे। शौच कर वापस सड़क के रास्ते घर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेम्पो ने दोनो व्यक्ति में धक्का मारकर मौके से टेम्पो लेकर चालक फरार हो गया। हादसे में एक व्यक्ति नहर की चाट में जा गिरा। जहां चाट में पानी रहने के कारण घायल व्यक्ति निकल नही पाया और पानी के अंदर ही दम तोड दिया। वही दूसरा घायल व्यक्ति अचेत अवस्था में रोड़ के किनारे पड़ा हुआ था।

जहां रास्ते से जा रहे कुछ राहगीरों ने दोनो व्यक्ति को इलाज के लिए गोड़ारी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां अस्पताल के डॉक्टरों ने एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि करते हुए दूसरे व्यक्ति की इलाज जारी रखा। घायल व्यक्ति को बहता इलाज के लिए सासाराम रेफर किया गया है।सूत्री से मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति अभी खतरे से बाहर है।वही स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच काराकाट पुलिस ने घटना के जायजा लिया और मौत हुए व्यक्ति का पोस्टमार्टम हेतु सासाराम भेज दिया गया।

# जनता दरबार में निबटाये गए मामलें

प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास): काराकाट थाना परिसर में शनिवार को सीओ डॉ रितेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जमीनी विवाद के चार मामले सामने आये।जिसमें तीन मामलों का निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि इंद्रजीत राम गम्हरिया, संतोष पासवान गम्हरिया से भूमि सीमांकन का विवाद था जिसमें मापी के बाद सीमांकन विवाद समाप्त किया जाएगा। कन्हैया प्रसाद गोड़ारी व शिव शंकर प्रसाद गोड़ारी से दोनों पक्षों में रास्ता को लेकर विवाद था। सीओ ने आदेश दिया कि भूमि का मापी के बाद सीमांकन कर विवाद का समापन किया जाएगा। हजारी सिंह गांव खिरोडीह तथा जोरावरपुर द्वितीय पक्ष विजय सिंह के बीच खिरोडीह व जोरावरपुर गांव में रास्ता को लेकर विवाद था। जिसमें हजारी सिंह का कहना था कि रास्ते में विजय सिंह द्वारा गोबर रख दिया जा रहा है। सीओ ने विपक्षी विजय सिंह को रास्ते से गोबर हटा तत्काल हटा लेने का निर्देश दिया। दुर्गावती देवी सिकरिया विपक्ष सुरेश सिंह सिकरिया , दुर्गावती देवी का कहना था कि विवाद का मुख्य वजह सुरेश सिंह के द्वारा मेरे हिस्से की भूमि को अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसको लेकर घर निर्माण का स्थल निरीक्षण के बाद ही अगले शनिवार बैठक में सुनवाई की जाएगी। जनता दरबार में थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी व अंचल के राजस्व कर्मी मौजूद थे।

# स्नातक पार्ट-थ्री परीक्षा के दूसरे दिन वीर कुंवर सिंह केंद्र पर हुई सघन जांच



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) सत्र 2021-24 स्नातक पार्ट-थ्री परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर महाविद्यालय प्रशासन दिखा सख्त। जिससे परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया। जबकि शहर में बने अन्य परीक्षा केंद्रों पर जारी परीक्षा केंद्र में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2791 वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्र पर ही है। जहां शनिवार को दोनों पालियों में साइंस और कला संकाय विषय की परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या सूची 1527 के साथ शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। हालांकि दूसरे दिन भी कोई परीक्षार्थी निष्कासित नही हुए, लेकिन अनुपस्थित जरूर रहें। वही संचालित परीक्षा में केंद्र पर सघन जांच को देखते हुए परीक्षार्थी में हड़कंप जरूर थी। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचारमुक्त स्नातक संचालित परीक्षा के दूसरे दिन भी परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ,गेस पेपर सहित अन्य इलेक्ट्रानिक व चिट पुर्जे के खिलाफ मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर सघन जांच कर नकलची पर नकेल कसा गया। जो संचालित परीक्षा के निर्धारित तिथि तक यह अभियान जारी रहेंगी। वही परीक्षा दो पालियों में साइंस व कला संकाय विषयों के साथ परीक्षा निर्धारित समय पहली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे जबकि दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हो रही है।

# बिहार पुलिस के जवान छत से गिरकर घायल अस्पताल ले जाने के क्रम में तोड़ा दम

प्रात :किरण संवाददाता



नुआंव(कैमूर ) : बिहार पुलिस के जवान छुट्टी में पहुंचा घर छत से गिरकर घायल अस्पताल जाने के क्रम में ोड़ा दम। नुआंव थाना अंतर्गत जैतपुरा गांव निवासी स्वर्गीय शिवनारायण राम का पुत्र रामानुज राम जिसका जानकारी समाजिक कार्यकर्ता त्रिलोकी राम ने बताया कि सहरसा जिला अंतर्गत चिरैया कोट थाना में बिहार पुलिस के पद पर कार्यरत थे। 2 अप्रैल 2024 को छुट्टियां बिताने पहुंचे अपने पैतृक गांव जैतपुर जहां 4 अप्रैल 2024 को छत के छज्जे से गिरकर हुए घायल परिजनों और ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल रामगढ़ पहुंचाया गया जहां नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर किया ट्रामा सेंटर वाराणसी 5 अप्रैल को बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए डाक्टरों ने रेफर किया दिल्ली जहां बिच रास्ते में जवान ने तोड़ा दम परिजनों ने पार्थिव शरीर को ले पहुंचे अपने पैतृक गांव जैतपुरा नुआंव थाना प्रभारी रौशन कुमार ने कागजी प्रक्रिया को पूरा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल भभुआ पोस्टमार्टम के बाद जवान के शव को परिजनों को सौंपा परिजनों को रो रो कर हुआ बुरा हाल जानकारी मिलते ही प्रतिनिधि ,सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों का लगा तांता।

# ट्रैक्टर पलटा, ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदूर की हुई मौत



प्रात :किरण संवाददाता

कैमूरः सोनहन थाना क्षेत्र के हरला मोड़ के पास ट्रेक्टर से पशु का चारा बेचकर घर लौट रहा रहा मजदूर का ट्रैक्टर हरला मोड़ के पास पलटा गया। जहां ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि मृतक सोनहन थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी बगेदन नोनिया के 33 वर्षीय पुत्र अनिल नोनिया बताया जाता है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मजदूरी का काम करता था जो पशु का चारा चैनपुर थाना क्षेत्र में बेचकर ट्रैक्टर से अपने घर के लिए लौट रहा था। तभी हरला मोड़ के पास ट्रैक्टर पलट गया, जिसके निचे दबने से उसकी मौत हो गई। जिसके बाद सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। जहां सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया,और उसके बाद सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों और पुलिस की मदद से शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने सरकारी मुआवजा की मांग किया है।

# पारस एचएमआरआई में वर्ल्ड हेल्थ डे पर आर्ट ऑफ हेल्दी लिविंग पर कार्यक्रम आयोजित



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई में वर्ल्ड हेल्थ डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका थीम था आर्ट ऑफ हेल्दी लिविंग (स्वस्थ जीवन जीने की कला)। इस थीम पर बोलते हुए पारस एचएमआरआई के डायरेक्टर इन्टर्नल मेडिसीन डॉ. बिकास सौरभ ने कहा कि आज के समय में हमारे अनियमित जिवन शैली के कारण बी.पी. शुगर आदि जैसे बीमारीयों से ग्रसित हो जाते हैं। इस से बचाव के लिए नियमित व्यायाम, योग, सन्तुलित भोजन और समय-समय पर बिमारी पता करने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट करवाते रहना चाहिए इन सब प्रयासों से बीमारी को दूर रख सकते हैं और समय रहते जल्दी बीमारी पकड़ कर समुचित इलाज भी करा सकते हैं।

चीफ डायटिशियन सुकृति कुमारी ने कहा कि हमारे बिहार में बहुत ऐसे व्यंजन हैं जिसको बीमारी में खाने से रोका जाता है जबकि उसका साइंटिफिक वैल्यू कुछ और होता है जैसे-सर्जरी में दूध-दही खाने से मना कर दिया जाता है। पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे तो इन दोनों खाद्य पदार्थ में मौजूद कैल्सियम और प्रोटिन घाव भरने में मदद करता है। इसी तरह भिंडी, कोहरा, बैंगन भी मना कर दिया जाता है जबकि इन सब में मिनरल और विटामिन भरपूर होता है। दही सर्दी-खांसी में मना कर दिया जाता है जबकि ताजा दही से नुकसान नहीं होता है। फल में संतरा, अंगूर, अमरूद आदि सर्दी-खांसी का कारक कहा जाता है जबकि इसका विटामिन सी हमें सर्दी से बचाता है।

कार्यक्रम को पारस एचएमआरआई के इंटरनल मेडिसीन सिनियर कंसल्टेंट डॉ. वी.के. ठाकुर, इंडोक्रायनोलॉजिस्ट डॉ. नीरज सिन्हा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नाजिया निगार और आईजीआईएमएस की डायटिशियन डॉ. पल्लवी सिंह ने भी विभिन्न उप-विषयों पर संबोधित किया।

पारस एचएमआरआई के यूनिट हेड डॉ. वैभव राज ने कहा कि स्वस्थ रहना बहुत हद तक अपने हाथ में है। बस थोड़ी सावधानी और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाने की जरूरत होती है। खानपान को लेकर समाज में बहुत सारी धारणाएं बाद में गलत साबित हुई हैं। इसलिए वैज्ञानिक एप्रोच ही सबसे बेहतर तरीका है।

पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार और झारखंड का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है। 350 बिस्तरों वाले पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के लिए प्रसिद्ध है।

# आरा में छिनतई के दौरान छपरा निवासी युवक जख्मी

जख्मी युवक का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज



प्रात :किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के मुफस्सिल एवं बड़हरा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके के पैगा रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप शुक्रवार की देर शाम छिनतई के दौरान छपरा निवासी एक युवक जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे परिजन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के दयाल चक गांव निवासी राम जीवन शाह का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है एवं वह पेशे से ऑटो चालक है। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा तफरी मच गई वहीं घटना की सूचना मिलते हैं कृष्णा नगर थानाध्यक्ष पवन कुमार एवं बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की छांव में जुट गए हैं। इधर राहुल कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी पत्नी को पहुंचने के लिए कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव अपने ससुराल आया था। शुक्रवार की देर शाम वह अपने साला के साथ पैगा गांव स्थित बगीचा घूमने के जा रहा था। जाने क्रम में वह दोनो पैगा तीन मोहान स्थित हनुमान मंदिर के पास बैठकर पानी पीने लगे। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश वहां आए और उसे पिस्टल भिड़ा कर उन दोनो से मोबाइल और उसके पास रहे पैसे को छीन लिया। छिनतई के दौरान उनके बीच हाथापाई भी हुई। इसके बाद वह तीनों उन दोनों का मोबाइल व पैसा छीनकर भाग निकले। हाथापाई के दौरान वह जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी और जख्मी राहुल कुमार ने उक्त बाइक सवार तीनों हथियारबंद बदमाशों पर अपने मसाला का मोबाइल व उसके पास रहे दो हजार रुपए छिनने एवं उक्त बदमाशों द्वारा एक राउंड फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि जख्मी युवा के किस चीज से घायल हुआ है। इसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हो पाई है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# मढौरा में महिला से अपराधियों ने 30 हजार छीना

प्रात :किरण संवाददाता

मढौरा ग्रामीण मिजार्पुर स्थित अंशु मेडिकल के समीप एक बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने एक महिला से 30 हजार रुपये के थैले को छीन लिया और फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर इस छिनतई कांड की प्राथमिकी दर्ज की और जरूरी कार्रवाई शुरू की है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पटेढ़ी जलाल निवासी कृष्णा राय की पत्नी सुमित्रा देवी मिजार्पुर पंजाब नेशनल बैंक से 30 हजार रुपया निकली थी। रुपया निकासी के बाद में वे वहां बाजार से कुछ जरूरी खरीददारी की जिसके बाद वे रुपये और पासबुक तथा आधार कार्ड आदि एक साथ प्लास्टिक के एक थैले में रखकर अपने घर की तरफ लौटने लगी इसी बीच जैसे ही वे मिजार्पुर अंशु मेडिकल के पास पहुची वैसे ही एक बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी पीछे से आये और इस महिला के हाथ से रपयो वाला प्लास्टिक का थैला झपट्टा मारकर छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस प्रथमिकी दर्ज झरने के बाद पहले क मामलों की तरह इसकी भी जरूरी जांच शुरू कर दी है।

# मशरक में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

मशरक (सारण) पाक महीना रमजान के मौके पर मशरक नगर पंचायत के तख्त टोला गांव में रंजन सोनी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ ही अन्य धर्मों के लोग शामिल हुए। आयोजित इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश और दुनिया में अमन की दुआ मांगी। इस मौके पर सूफी संत जौहर सफियाबाद ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम हिदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल होते हैं। सभी धर्म के लोग एक साथ मिल बैठकर भाईचारे का पैगाम देते हैं।नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। मौके पर चन्द्रकेतु सिंह, पप्पू सिंह, डॉ पीके परमार,शुभनारायण सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।



# कॉमेडी फिल्में करना चाहते हैं एक्टर मानव विज

रवीना टंडन स्टारर फिल्म 'पटना शुक्ला' हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। फिल्म में रवीना के पति का किरदार एक्टर मानव विज ने निभाया है। बातचीत के दौरान मानव ने बताया कि उन्होंने कभी भी एक्टर बनने के बारे में नहीं सोचा था। उनकी मां चाहती थीं, कि वो डॉक्टर बनें। मानव ने अपनी मां का सपना पूरा किया। लेकिन डॉक्टर बनने के बाद भी वो संतुष्ट नहीं थे। उन्हें लाइफ में कुछ और करना था। वहीं इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि पटना शुक्ला में अपने किरदार को लेकर वो शुरुआत में थोड़ा भी नर्वस थे। मानव को एक्टर बनने का मोटिवेशन उनकी पत्नी मेहर विज से मिला। दरअसल, मेहर फेमस टीवी एक्ट्रेस हैं। लेकिन मेहर ने टीवी के अलावा द पाइड पाइपर, बजरंगी भाईजान, सीक्रेट सुपरस्टार, भूत पार्ट 1 जैसी फिल्मों में भी काम किया है। मानव बताते हैं कि लोगों पर संगत का असर बहुत पड़ता है। मानव के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था। मेहर के साथ रहते-रहते उन्हें एक्टिंग में इंटरेस्ट आने लगा था। मानव पटना शुक्ला में अपने किरदार को लेकर शुरुआत में थोड़ा नर्वस थे। दरअसल, उन्हें ये डर था कि वो अपना किरदार सही तरीके से निभा पाएंगे या नहीं। वो नहीं चाहते थे कि उनकी वजह से फिल्म खराब हो। लेकिन उन्होंने अपने किरदार पर मेहनत की, स्क्रिप्ट को सही तरीके से पढ़कर और समझकर अपने किरदार पर काम किया। उन्होंने बताया कि किसी भी किरदार को सही तरीके से निभाने के लिए जरूरी है कि आप उस किरदार को अपना लें।

## कॉमेडी फिल्मों में काम करना चाहते हैं मानव विज

मानव से पूछा गया कि आप बतौर दर्शक किस तरह की फिल्में देखना पसंद करते हैं? इस पर मानव ने बताया कि उन्हें ड्रामा बेस्ड फिल्में देखना पसंद है। वहीं बतौर एक्टर उनकी पसंद के बारे में भी पूछा गया। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- मुझे कॉमेडी फिल्में करना बेहद पसंद है। लेकिन मेरे लुक के आधार पर मुझे ज्यादातर निगेटिव और गंभीर किरदार ही करने को मिलता है। मानव से जब उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उनका कोई एक ड्रीम रोल नहीं है। वो बस काम करते रहना चाहते हैं। मानव की पहली फिल्म शहीद-ए-आजम थी, जिसमें उन्होंने क्रांतिकारी सुखदेव का रोल प्ले किया था। वहीं उन्होंने फेमस टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में भी काम किया था।



# गुरिंदर चड्ढा की अगली फिल्म में नजर आएंगी आलिया भट्ट

विश्व सिनेमा में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली निर्देशिका गुरिंदर चड्ढा ने अपनी अगली फिल्म के लिए आलिया भट्ट को साइन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट अब एक ऐसे नए अवतार में दिखाई देंगी, जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है। खबरों के अनुसार इंडो-ब्रिटिश फिल्म निर्देशक गुरिंदर चड्ढा की फिल्म में प्रिंसेस के रोल के लिए आलिया भट्ट का नाम फाइनल कर लिया गया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 जून में शुरू हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में अभी तक सिर्फ आलिया भट्ट का नाम ही शामिल हुआ है। बाकी स्टारकास्ट को फिल्म की कहानी के पूरा होने के बाद ही तय किया जाएगा। हालांकि अपनी इस फिल्म के लिए शुरू से ही गुरिंदर की पहली पसंद आलिया ही थीं। फिल्म मेकर गुरिंदर चड्ढा अपने अच्छे निर्देशन के लिए जानी जाती हैं। बहरहाल, गुरिंदर अपनी आने वाली फिल्म भारतीय प्रिंसेस की कहानी को डिजनी के साथ पूरा करेंगी। इस फिल्म की कहानी को लेकर गुरिंदर और आलिया कई बार मुलाकात भी कर चुकी हैं। गुरिंदर ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी और आलिया की एक फोटो भी पोस्ट की थी, जिससे यह साफ गया कि दोनों की मुलाकात की बात तो पक्की है। अगर गुरिंदर और आलिया की यह डील फाइनल होती है तो इस फिल्म से आलिया को काफी फायदा मिलेगा। इस फिल्म से आलिया को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और भी अधिक पहचान मिलेगी। फिल्म हॉर्ट ऑफ स्टोन से आलिया को पहले ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल चुकी है। यहां तक की लंदन में हुई आलिया की वेब सीरीज पोचर की स्क्रीनिंग के दौरान गुरिंदर मौजूद थीं। हाल ही में हुए लंदन के होप गाला इवेंट में भी चड्ढा उपस्थित थीं। गत वर्ष आलिया निर्देशक करण जौहर की फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके अपोजिट रणवीर सिंह थे। आलिया ने हाल ही में एक्शन थ्रिलर फिल्म जिगरा की शूटिंग खत्म की है। आलिया जल्द ही आदित्य चोपड़ा की स्पाई यूनिवर्स की शूटिंग शुरू करेंगी।



# पिता डेविड धवन के साथ फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं वरुण धवन

अभिनेता वरुण धवन की गिनती इंडस्ट्री के टॉप स्टार्स में होती है। अपने अभिनय से वरुण ने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। वहीं अब तक के करियर में वरुण ने कई सफल फिल्मों में काम किया। अभिनेता ने पिता वरुण धवन ने निर्देशन में मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 जैसी सफल फिल्में दी। अब एक बार फिर वरुण पिता डेविड धवन के साथ दर्शकों को गुदगुदाने के लिए तैयार हैं।

## फिल्म के रिलीज डेट का एलान

गौरतलब है कि डेविड धवन की इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी करेंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है, जिसे 2 अक्टूबर को 2025 को देशभर में रिलीज किया जाएगा। यह एक फैमिली कॉमेडी एंटरटेनमेंट फिल्म होगी। पिता डेविड धवन के साथ वरुण की यह चौथी फिल्म होगी। वरुण ने पहली बार पिता डेविड धवन के साथ 2014 में मै तेरा हीरो फिल्म में काम किया था, जो तेलुगु फिल्म कंदिरीगा की रीमेक थी। वरुण धवन के अलावा इस फिल्म में नरगिस फाखरी और इलियाना डीक्रूज मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद वरुण साल 2017 में जुड़वा 2 में नजर आए थे। पिता डेविड धवन के साथ काम करने को लेकर एक साक्षात्कार में वरुण ने कहा था कि उनके पिता कॉमेडी किंग हैं। उन्होंने तीन दशकों तक इस तरह की फिल्में बनाई और उन्हें सफलता मिली। ऐसे में उनके साथ करने में सुरक्षित महसूस करता हूं। आखिरी बार वरुण ने पिता डेविड धवन की फिल्म कुली में काम किया था। यह फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वरुण के अलावा सारा अली खान और परेश रावल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। हालांकि, पिछली फिल्मों के मुकाबले यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी।



# सीता रामम के बाद तेलुगु फिल्में नहीं करना चाहती थीं मृणाल

टीवी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अब फिल्मी दुनिया में नाम कमा रही हैं। वे अपने अभिनय से लगातार दर्शकों का दिल जीत रही हैं। उन्होंने हिंदी के साथ-साथ कई तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। हाल ही में उन्होंने तेलुगु भाषा की फिल्मों में काम करने के अनुभव को साझा किया। दरअसल, मृणाल की मातृभाषा हिंदी और मराठी है। इस वजह से तेलुगु फिल्मों में काम करना उनके लिए बेहद कठिन था।

## तेलुगु नहीं आने से करना पड़ा मुश्किलों का सामना

मृणाल ठाकुर ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में टॉलीवुड में काम करने के बारे में खुलकर बातचीत की। उन्होंने अपने उस दौर के किस्से सुनाए, जब वे खुद को कमजोर महसूस कर रही थीं। मृणाल ने फिल्म सीता रामम से जुड़ा किस्सा बताते हुए कहा कि तेलुगु भाषा में काम करना उनके लिए बेहद मुश्किल भरा था। वे उस भाषा को जानती ही नहीं थीं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसी जगह पर नहीं रहना चाहती, जहां मैं अपने को किसी अभावग्रस्त सा महसूस करूं। जब आप किसी भाषा को नहीं जानते हैं तो आपको बेचैनी होने लगती है। कई ऐसे मौके भी आए, जब मैं हार मानकर काम छोड़ने वाली थी। उस स्थिति में मेरे आंसू बह निकले थे, लेकिन आंसुओं की हर बूंद मेरे लिए तारीफ लेकर आई। दुलकर सलमान ने मृणाल ठाकुर की उनके मुश्किल समय में काफी मदद की थी। मृणाल ने बताया कि एक दिन कश्मीर में सलमान दुलकर से बात करते हुए उन्होंने कह दिया था कि सीता रामम तेलुगु में उनकी पहली और आखिरी फिल्म है। इसके बाद वे किसी तेलुगु फिल्म में काम नहीं करेंगी। यह सुनने के बाद दुलकर ने केवल इतना कहा कि हम देखेंगे। मृणाल ने आगे कहा कि दुलकर अपने काम को लेकर काफी समर्पित हैं और वे भाषा से डरते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर आज वे तमिल या कन्नड़ भाषा की फिल्म में काम करने के बारे में सोचती हैं तो इसकी एक वजह दुलकर सलमान ही हैं।



# अगर मुझे सही इंसान मिल जाए तो मैं जरूर शादी कर लूंगी

सुष्मिता सेन ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि अपने एक्स के साथ दोस्ती रखने में कोई समस्या नहीं है। ऐसे कई लोग हैं, जो एक्स से दोस्ती रखने के बाद रिश्ते की सीमाएं भूल जाते हैं। वो नहीं समझ पाते हैं कि इस नए रिश्ते में किस हद तक बढ़ा जा सकता है। वहीं सुष्मिता का कहना है कि ये मुमकिन है, मैं खुद इसका उदाहरण हूं। उन्होंने कहा- मैं भाग्यशाली हूं, क्योंकि ये मेरी लाइफ में भी हो रहा है। शादी के बारे में बात करते हुए सुष्मिता ने कहा- आपके मां-बाप और समाज का दिया प्रेशर आपको शादी के लिए तैयार नहीं करवा सकता। एक्ट्रेस ने कहा- लेकिन अगर मुझे सही इंसान मिल जाए, तो मैं जरूर शादी कर लूंगी।

## दिल टूटने के सवाल पर बोलीं सुष्मिता

इस पर सुष्मिता ने जवाब दिया कि उनकी लाइफ एक खुली किताब की तरह है। उन्होंने अपना जीवन ईमानदारी और बेखौफ तरीके से जिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि आपका सम्मान लाइफ के कई अन्य पहलुओं में दिखाई देता है। ये किसी एक पहलू में नहीं सिमटता है। एक्ट्रेस ने कहा कि आप जो भी फैसला लेते हैं चाहे वो आपको चोट पहुंचाए या धोखा दिलाए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि ये आपको कुछ सिखाने के लिए ही आपके जीवन में होता है। आपको उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ते रहना है। उन्होंने यह भी कहा कि एक इंसान को इतना समय देना और फिर उसे एक गलती मानना सही नहीं है। यही कारण है कि वो हर चीज को सम्मान के साथ एक्सेप्ट करती हैं।

## एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन से अब भी है दोस्ती

सुष्मिता और रोहमन कई सालों तक एक दूसरे को डेट करने के बाद अलग हो गए थे। इनके अलग होने की वजह ललित मोदी थे। सुष्मिता ने कुछ समय तक लोलित मोदी को डेट किया था। इसी कारण से कपल अलग हुए थे। हालांकि कुछ समय पहले ही रोहमन और सुष्मिता कई पार्टियों में एक साथ नजर आ चुके हैं।

## कई लोगों के साथ जुड़ चुका है सुष्मिता का नाम

सुष्मिता सेन का नाम अब तक कई लोगों के साथ जुड़ चुका है। उनके 11 से ज्यादा लोगों के साथ अफेयर रह चुके हैं। रोहमन के अलावा उनका नाम विक्रम भट्?ट, रणदीप हुड्?डा, वसीम अकरम, संजय नारंग, बंटी सजदेह जैसे कई लोगों के साथ जुड़ चुका है।



# मैं अटल हूं ने बनाया मुझे पहले से बेहतर इंसान

पंकज त्रिपाठी की गिनती बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में होती है। पकंज ने अपनी बेहतरीन अभिनय से दर्शकों के लिए में खास जगह बनाई है। बीते कई फिल्मों में उनकी बेहतरीन अदाकारी ने हर वर्ग के लोगों का दिल जीता है। पंकज को दर्शक हमेशा से जमीन से जुड़ा हुआ अभिनेता मानते हैं, जिसकी झलक उनके बातचीत और व्यवहार में साफ झलकती है। हाल ही पंकज एक साक्षात्कार में नजर आए, जहां उन्होंने खुलकर अपने बारे में बातचीत की। उन्होंने क्या कहा चलिए आपको बताते हैं। साक्षात्कार में पंकज ने अपनी पिछली रिलीज मैं अटल हूं को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म मैं अटल हूं के किरदार ने मेरी जिंदगी गहरी छाप छोड़ी है। मैं पहले से काफी बेहतर इंसान बन गया हूं। गौरतलब है कि पंकज ने फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार पंकज खूब जमें। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को मिली जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पंकज के किरदार को दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहा।

पंकज ने कहा, मैं उनसे (अटल बिहारी वाजपेयी) कभी मिला नहीं हूं, लेकिन उनकी कई रैलियों में शामिल हुआ था। मेरे लिए यह गर्व की बात थी। उनके व्यक्तित्व ने मुझपर गहरा प्रभाव छोड़ा है। उनके भाषण, उनका आकर्षण और लोगों से वे जिस तरह से मिलते-जुलते थे वह प्रभावशाली था। मैं दिल से उनकी इज्जत करता हूं। पंकज ने आगे कहा, अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार ने मेरे जीवन में काफी गहरा असर छोड़ा है। मैंने उनके स्वभाव से बहुत कुछ सीखा है। आज मैं जिस तरीके से जिंदगी और राजनीति को देखता हूं। इसके पीछे फिल्म का अद्भुत अनुभव है। इसके जरिए मैं एक बेहतर इंसान बना। इसके साथ ही मेरे अंदर लोगों के प्रति सहानुभूति और दया पहले से अधिक बढ़ गई है। मुझे लगता है कि मैं पहले से ज्यादा लोकतांत्रिक हो गया हूं। मैं अब हर उस व्यक्ति की भी इज्जत करता हूं, जो उन्हें नापसंद करता है। अगर किसी दिन मुझे कोई बताए कि वे मेरी फिल्म को पसंद नहीं कर रहे तो भी मैं उससे कोई शिकायत नहीं करूंगा।

# भुवन बाम की ताजा खबर 2 का ओटीटी पर होगा प्रदर्शन

यूट्यूबर और एक्टर भुवन बाम की हिट वेब सीरीज ताजा खबर के दूसरे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित ताजा खबर 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसे जल्द ही ह्लअ्र प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। ताजा खबर 2 के टीजर की शुरुआत भुवन बाम के किरदार वस्या से होती है, जो कहता है कि जिंदगी बड़ी अजीब है। कभी कभी मौत से शुरू होती है। सीरीज की कहानी वंसत गावड़े उर्फ वस्या की है और भुवन बाम ने उसी का किरदार निभाया है। एक भयानक खुलासे और तनावपूर्ण रिश्तों के बीच, यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे अचानक जादुई शक्तियां मिल जाती हैं। उससे उसकी जिंदगी में भारी उथल-पुथल मच जाती है। ताजा खबर का पहला सीजन 5 जनवरी 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया था, जिसे खूब प्यार मिला था। पहले सीजन की सफलता को देखते हुए अब मेकर्स ने दूसरे सीजन की घोषणा की है और टीजर भी रिलीज किया है। हालांकि ताजा खबर 2 के दूसरे सीजन की रिलीज डेट का अभी ऐलान नहीं किया गया है।






## संक्षिप्त समाचार

### डीसीजी केबल्स एंड वायर्स लिमिटेड का आईपीओ 8 अप्रैल को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** डीसीजी केबल्स एंड वायर्स लिमिटेड, कॉपर केबल्स और वायर्स की एक निर्माताने 08 अप्रैल, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 49.99 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के पूंजी खर्च, दीर्घकालीन कार्यशील पूंजी की जरूरत और आम कॉर्पोरेट खर्चों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 10 अप्रैल, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर इंटरएक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. डीसीजी केबल्स एंड वायर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री देवांगभाई पटेल ने कहा, इनिशियल पब्लिक आफरिंग के लॉन्च के साथ हमारे इस रोमांचक यात्रा पर होने से डीसीसी केबल्स एंड वायर्स लिमिटेड इतिहास में इस परिवर्तनशील अध्याय के लिए सुसज्ज है. हमारे कॉपर केबल्स और वायर्स का निर्माता होने से हम गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं. हमारी विस्तार योजनाओं में गुजरात में एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने का समावेश है जिससे हमारी उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और हम हमारे ग्राहकों की बढ़ती हुई मांग बेहतर ढंग से पूरी करने में समर्थ होंगे.

### मोबिल की 50वीं वर्षगांठ : आगे के लिए तैयार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** ईक्सऑनमोबिल को वैश्विक बाजार में मोबिल 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50वीं वर्षगाँठ मनाने पर गर्व है। 2024 में ईक्सऑनमोबिल साझेदारी, मोटरस्पोर्ट्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल 1 ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा। पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरुआत करने और फिर मोबिल 1 ब्रांडेड तेलो की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल 1 ब्रांड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पाँच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है। आज, मोबिल 1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है। इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, ईक्सऑनमोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है।

### सारेगामा ने एआई बेस्ड एक म्यूजिक लर्निंग ऐप पधनिसां लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** सारेगामा ने एआई बेस्ड एक म्यूजिक लर्निंग ऐप पधनिसां लॉन्च किया है। इस ऐप का उद्देश्य भारतीय गायन को पूरी दुनिया में हर किसी के लिए सीखने में आसान, सरल और सुलभ बनाना है। भारत के सबसे पुराने म्यूजिक लेबल, सारेगामा ने पधनिसां के साथ अपने क्षेत्र का विस्तार किया है। वे पिछली एक सदी से सुपर-हिट गीत दे रहे हैं और संगीत को आसानी से सीखने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं। पधनिसां का लक्ष्य उन लोगों के लिए एक पर्सनल सिंगिंग टीचर बनना है, जिन्हें गाना अच्छा तो लगता है लेकिन सही स्रोत तक ना पहुंच पाने या जज किए जाने के डर से सीखने के बारे में कभी सोचा नहीं।

# जुर्माना वसूलने में मध्य रेलवे सबसे आगे, साल में 300 करोड़ राजस्व; 46.26 लाख बार टूटे नियम

**मुंबई , एजेंसी।** मध्य रेलवे ने 2023-24 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के 46.26 लाख मामलों में कार्रवाई की है। 46.26 लाख मामलों में जुर्माने से मध्य रेलवे ने 300 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो रेलवे के सभी क्षेत्रों से अधिक है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, मध्य रेलवे ने कहा कि इस साल राजस्व के लक्ष्य 265.97 करोड़ में 12.80 प्रतिशत का इजाफा हुआ है तो वहीं, मामलों के लक्ष्य में 8.38 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।



### इस डिविजन ने कमाया इतना राजस्व

मध्य रेलवे ने दावा किया है कि जुर्मानों और राजस्व के मामलों में उन्होंने सभी जोनों में प्रथम स्थान हासिल किया है। मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 20.56 लाख मामलों से 115.29 करोड़ रुपये कमाए हैं। भुसावल डिवीजन ने 8.34 लाख मामलों से 66.33 करोड़ रुपये कमाए है। वहीं, नागपुर डिविजन ने 5.70 लाख मामलों से 34.52 करोड़ रुपये, सोलापुर डिविजन ने 5.44 लाख मामलों से 34.57 करोड़ रुपये, पुणे डिविजन ने 3.74 लाख मामलों से 28.15 करोड़ रुपये और इसके मुख्यालय ने 2.47 मामलों से 20.96 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### सुनील नैनानी ने वसूला सबसे अधिक जुर्माना

मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे पास 22 टिकट चेकिंग स्टाफ है, जिसमें दो महिलाएं परीक्षक भी शामिल हैं। टिकट चेकिंग आय के रूप में व्यक्तिगत रूप से उन्होंने 1 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया। व्यक्तिगत योगदान के मामले में टिकट निरीक्षक सुनील नैनानी प्रथम स्थान पर हैं, जिन्होंने 20,117 मामलों में 1.92 करोड़ का राजस्व दिया है। दूसरे स्थान पर टिकट निरीक्षक एमएम शिंदे हैं, जिन्होंने 18,223 मामलों से 1.59 करोड़ रुपये कमाए हैं तो वहीं, तीसरे स्थान पर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार है, जिन्होंने 17,641 मामलों से 1.52 करोड़ रुपये कमाए हैं। थोड़े दिन पहले जारी हुई रिपोर्ट में सामने आया था कि उत्तर प्रदेश के आगरा मंडल में ट्रेन में चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ रेलवे ने 2266 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8,35,165 रुपये जुर्माना वसूला है। ट्रेनों को लेटलतीफी से बचाने के लिए मंडल में विभाग ने अभियान चलाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आगरा मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुभव जैन के निर्देशन में अभियान चलाया गया। आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 647 लोगों पर कार्रवाई की गई और 90,830 रुपये जुर्माना वसूला गया। मथुरा जंक्शन में 1,347 लोगों पर कार्रवाई की गई और 5,76,140 रुपये वसूला गया। इसके अलावा धौलपुर स्टेशन पर 120 लोगों से 67,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। आगरा मंडल के वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## आईएमएफ ने कहा- भारत के लिए 8 प्रतिशत का विकास दर का अनुमान हमारा नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईएमएफ ने भारत की विकास दर 8 फीसद रहने के अनुमान से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह अनुमान हमारा नहीं है। आईएमएफ ने कहा है कि भारत के ग्रोथ फिगर के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन की हालिया टिप्पणी आईएमएफ के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती। आईएमएफ की प्रवक्ता जूली कोजैक ने वाशिंगटन में संवाददाताओं से कहा, श्री सुब्रमण्यन द्वारा व्यक्त किए गए विचार आईएमएफ में भारत के प्रतिनिधि के रूप में उनके थे। बता दें सुब्रमण्यम ने भारत के लिए 8 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया था, जो आईएमएफ द्वारा पिछले विकास दर अनुमानों से अलग है। सुब्रमण्यन ने 28 मार्च को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर देता है और सुधारों में तेजी लाता है। उन्होंने कहा था, भारत ने पिछले 10 वर्षों में जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम उन अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं, जिन्हें हमने पिछले 10 वर्षों में लागू किया है और सुधारों में तेजी ला सकते हैं तो भारत यहां से 2047 तक 8 प्रतिशत ग्रोथ कर सकता है। आईएमएफ के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया, हमारे पास एक एग्जीक्यूटिव बोर्ड है।

## चीन प्लस वन रणनीति का हर तरफ शोर, मगर भारत भी गंवा रहा विदेशी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी। चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठाने की भारत की संभावना की हर तरफ शोर है मगर आंकड़े कुछ और ही स्थिति दर्शा रहे हैं। ओईसीडी के आंकड़ों से पता चलता है कि वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में भारत की हिस्सेदारी साल 2023 के पहले नौ महीनों में 2.19 फीसदी रह गई, जो साल 2022 की इसी अवधि में 3.5 फीसदी थी।**




चीन में भी एफडीआई प्रवाह साल 2023 के शुरुआती नौ महीनों में नाटकीय रूप से कम होकर 1.7 फीसदी हो गया, जो साल 2022 की इसी अवधि में 12.5 फीसदी था। इसका फायदा भारत को नहीं मिला है मगर चीन के इस नुकसान का फायदा अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील, पोलैंड और जर्मनी को हुआ है, जिसने अपनी वैश्विक हिस्सेदारी में वृद्धि की है।

कैलेंडर वर्ष 2023 के शुरुआती नौ महीनों वैश्विक एफडीआई प्रवाह में 29 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ अमेरिका शीर्ष पर है। पिछले साल इसकी हिस्सेदारी 24 फीसदी थी। इसे सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स में आने वाले निवेश से बल मिला है और ताइवान से साल 2023 में कुल 11.25 अरब डॉलर के एफडीआई की स्वीकृति मिली है। चिप्स अधिनियम के तहत सरकारी योजनाओं ने भी मदद की है। सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए सब्सिडी में 50 अरब डॉलर निर्धारित की है। इसके अलावा, अमेरिका और चीन के बीच भू-राजनीतिक तनाव ने ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की कई कंपनियों को चीन पर निर्भरता कम करने और अमेरिका में विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए भी आकर्षित किया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट में स्थिति के बारे में कहा गया है, 'चीन प्लस वन और महत्त्वपूर्ण सुधारों के बावजूद भारत में अभी भी एफडीआई निवेश में सार्थक वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर, चीन में एफडीआई प्रवाह में भारी गिरावट से अमेरिका और कुछ देशों को फायदा होता दिख रहा है।' अमेरिका के अलावा कनाडा को भी इससे काफी फायदा हुआ है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान एफडीआई में उसकी वैश्विक हिस्सेदारी 2.9 फीसदी बढ़कर 4.9 फीसदी हो गई है। मेक्सिको को भी इसका फायदा मिला है। उसकी हिस्सेदारी भी 2.8 फीसदी से बढ़कर 3.6 फीसदी हो गई। जर्मनी की हिस्सेदारी भी बढ़कर 2 फीसदी हो गई है, जो इसी अवधि में 0.4 फीसदी से तेज इजाफा है।

भारत को भी अपनी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और सेमीकंडक्टर नीति से विदेशी निवेश लुभाने में कुछ सफलता मिली है। ऐपल इंक के अपने वेंडरों के साथ आने से मोबाइल निर्यात को बढ़ाने में मदद मिली है।

## मोटिवेशनल और करियर गाइडेंस सेमिनार में एनवी सर ने दिया सक्सेस मंत्र

### जेईई और नीट की तैयारी के लिए सही स्ट्रेटेजी जरूरी



**बैतूल एजेंसी।** मोशन एजुकेशन ने शुक्रवार को अपने बैतूल के स्टडी सेंटर में एक मोटिवेशनल और करियर गाइडलाइंस सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें देश के जाने-माने फिजिक्स टीचर नितिन विजय (एनवी सर) ने जेईई, नीट जैसी कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं में सफल होने के कुछ टिप्स बताए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए केवल कोचिंग ही नहीं, विद्यार्थी और उसके पैरेंट्स की भी बड़ी भूमिका होती है। सेमिनार के दौरान एनवी सर ने बच्चों के माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों से रोज बात करें और उनकी दिनचर्या पर नजर रखें, घर की समस्याओं और विवादों से दूर रखें, बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों को पहचान कर दूर करने में मदद करें। यदि टेस्ट में नंबर कम आते हैं, तो बच्चे को बेहतर करने के लिए प्रेरित करें, फिर चाहे परिणाम जो भी आए, उसे पूरे दिल से स्वीकार करें।

## शक्ति पंप्स ने क्यूआईपी से 200 करोड़ रुपये अर्जित किये

**पीथमपुर, एजेंसी।** भारत में सोलर पंप और मोटर बनाने वाली विश्व की अग्रणी कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) से सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपये अर्जित किये ।



क्यूआईपी इश्यू में निवेशकों ने काफी रूचि दिखाई और इसे दो बड़े म्यूचुअल फंड - एलआईसी म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा पूरी तरह से सब्सक्राइब कर लिया गया। इन बड़े फंड हाउस द्वारा किया गया यह निवेश सोलर पंप्स उद्योग की विकास क्षमता और उद्योग में शक्ति पंप्स की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। सोलर पंप उद्योग में विकास की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, क्यूआईपी से अर्जित किये गए धन का एक बड़ा हिस्सा रणनीतिक रूप से पंप/मोटर, इनवर्टर/वीएफडी और स्ट्रक्चर्स की क्षमता बढ़ाने में लगाया जाएगा। सरकार के नेतृत्व वाली पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से पंप्स उद्योग के लिए आने वाले समय में बहुत बड़े अवसर हैं क्योंकि अनुमान है कि कंपोनेंट-बी (ऑफ ग्रिड पंप) के तहत 14 लाख से अधिक सोलर पंप्स और कंपोनेंट- सी (ऑन ग्रिड पंप) के तहत 35 लाख सोलर पंप्स लगाए जाने हैं।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार जी ने कहा,इस इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के सफलतापूर्वक पूरा होने और इन प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा हम पर जताए गए विश्वास से हम बहुत खुश हैं, जो नए आयामों तक पहुँचने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। शक्ति पंप्स को लगातार नए ऑर्डर मिल रहे हैं, 31 दिसंबर 2023 तक हमारे 2050 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक में है, जिसे अगले दो वर्षों में पूरा किया जाना है। शक्ति पंप्स की ऑर्डर बुक में कुछ राज्यों से दोबारा मिलने वाले ऑर्डर भी शामिल हैं जो शक्ति पंप्स के उत्पादों की गुणवत्ता और किसानों के भरोसे को दर्शाता है।

# एचएमआईएफ ने अपनी स्पर्श संजीवनी पहल के अंतर्गत 15 लाख से ज्यादा लोगों तक पहुंचाई स्वास्थ्य सेवाएं

**गुरुग्राम, एजेंसी।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की सीएसआर इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एचएमआईएफ) अपनी स्पर्श संजीवनी पहल के माध्यम से सामाजिक कल्याण एवं मानवीय सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। 2021 में शुरू की गई इस पहल ने भारत के सात राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों के 15 लाख से ज्यादा लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाया है। ह्यूंडई के ग्लोबल विजन प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी के अनुरूप यह पहल सात राज्यों में अपने 35 टेलीमेडिसिन क्लीनिक एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को आसान, किफायती और भरोसेमंद बना रही है। इन राज्यों में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात और ओडिशा शामिल हैं। इस पहल के प्रभाव को लेकर ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एवीपी एवं वर्टिकल हेड ङ्क



कॉरपोरेट अफेयर्स श्री पुनीत आनंद ने कहा, स्पर्श संजीवनी सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्रामीण भारत के वंचित तबके तक जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। इन सेवाओं का विस्तार करते हुए हम ऐसे लोगों के जीवन में एक अर्थपूर्ण बदलाव लाना चाहते हैं, जो अभी आधारभूत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं।

ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन यह जानता है कि राष्ट्र के विकास के लिए लोगों का स्वस्थ होना कितना आवश्यक है। इस प्रयास के माध्यम से स्पर्श संजीवनी के टेलीमेडिसिन क्लीनिक दूरदराज के मरीजों को मेट्रोपॉलिटन शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से जोड़ते हुए ग्रामीण समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस पहल के प्रभाव को देखते हुए एचएमआईएफ की योजना 15 टेलीमेडिसिन सेंटर और 10 मोबाइल मेडिकल यूनिट के साथ इस मॉडल को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल के सात क्षेत्रों में भी लागू करने की है। 50 टेलीमेडिसिन सेंटर और 10 मोबाइल मेडिकल यूनिट के साथ 14 क्षेत्रों में पहुंच के माध्यम से एचएमआईएफ अपनी सेवाओं को और विस्तार देना चाहती है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों एवं समुदायों को लाभ हो और सभी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की पहुंच सुनिश्चित हो।

### टेलीमेडिसिन सेंटर

इन नर्स-असिस्टेड क्लीनिक्स के माध्यम से वीडियो कॉल के जरिये दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को डॉक्टरों से रिमोट कंसल्टेशन कराया जाता है, जिससे सुनिश्चित होता है कि कहीं दूर जाए बिना मरीजों को एक्सपर्ट की राय मिल सके। इसके अतिरिक्त, इन क्लीनिक्स का गठजोड़ स्थानीय डायग्नोस्टिक लैब से भी है, जिससे जरूरी जांचें भी कराई जाती हैं। साथ ही कंसल्टेशन के बाद दवा एवं प्रिस्क्रिप्शन की व्यवस्था भी की जाती है। डॉक्टर, नर्स और फार्मासिस्ट के साथ एक मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे लोगों के घर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होती है।

इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2021 से 2024 तक 43.9 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जिसमें से वित्त वर्ष 2023 तक 23.14 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2025 तक विस्तार के लिए 20.76 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने भारत में बने रोबोट के साथ गुजरात राज्य में पहली रोबोटिक हार्ट टीईसीबी सर्जरी की

### रोबोट की मदद लेने की एडवांस्ड तकनीक के साथ, जटिल सर्जरी तेजी से संभव होती जा रही है

**अहमदाबाद एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने 77 साल के बुजुर्ग मरीज की पहली रोबोटिक हार्ट सर्जरी की। डॉ. धीरेन शाह, डायरेक्टर सीटीवीएस विभाग एवं हार्ट ट्रांसप्लांट यूनिट और डॉ. अमित चंदन, रोबोटिक एंड मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जन, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने टीईसीबी बाईपास सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. धीरेन शाह और उनकी टीम ने अब तक 50 सफल हार्ट सर्जरी की है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता एवं सराहनीय प्रदर्शन की मिसाल है।



ट्रांसकैथेटर एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी, दरअसल कोरोनरी बाईपास सर्जरी करने का एक सफल तरीका है। कोरोनरी आर्टरी डिजीज के इलाज के लिए इस सर्जरी का उपयोग किया जाता है, और इस प्रक्रिया में बेहद कम चीर-फाड़ की जरूरत होती है। जब प्लाक के निर्माण (एथेरोस्क्लेरोसिस) के कारण दिल को खून पहुंचाने वाली आर्टरीज सिकुड़ जाती है या उसमें रुकावट आ जाती है, तब CAD होता है। इसकी वजह से सीने में दर्द (ऐन्जाइन), दिल का दौरा या अन्य गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। 77 साल के बुजुर्ग मरीज के मुख्य आर्टरी में 90 प्रतिशत ब्लॉकेज था, और स्स्ह्ढ मंत्रा नामक भारत में बने रोबोट द्वारा अपनी तरह की पहली रोबोटिक टीईसीबी बाईपास सर्जरी की गई। इस रोबोट का कॉन्सेप्ट और डिजाइन एक भारतीय सर्जन ने तैयार किया था, जो रोबोट को मेक इन इंडिया के दायरे में लाना चाहते थे। इसकी सोच दरअसल एसएसआई मंत्रा के सीईओ, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव के दिमाग की उपज है, जिन्होंने दा विंची रोबोट की तर्ज पर ही रोबोट को डिजाइन किया है ताकि मरीज को बेहतर और उम्दा स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सके।

# कप्तानी विवाद के बीच दिखी हार्दिक-रोहित की बॉन्डिंग

## चेहरे पर मुस्कान के साथ मिलाया हाथ





**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित के फैंस उन्हें कप्तानी से हटाए जाने से नाराज थे। हार्दिक ने इस दौरान अपनी कप्तानी में कुछ गलतियां भी की। इस कारण बार-बार हार्दिक हूटिंग का शिकार हो रहे हैं। हालांकि पिछले मैच के दौरान रोहित हार्दिक के बचाव में आए थे और उन्होंने दर्शकों से हार्दिक की हूटिंग नहीं करने की अपील की थी। मुंबई इंडियंस 5और टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। मुंबई को लगातार तीन मैचों में करारी हार का सामना करना पड़ा। टीम फिलहाल अंक तालिका में आखिरी स्थान पर है। इस बीच कप्तान को लेकर भी विवाद छिड़ा हुआ है। हार्दिक पांड्या को इसकी वजह से कई मौकों पर फैंस के विरोध का भी सामना करना पड़ा है। वहीं, कुछ खबरों में ये भी दावा किया जा चुका है कि हार्दिक और रोहित के बीच सब कुछ ठीक नहीं हैं। हालांकि, अब दोनों की एक तस्वीर सामने आई है जिसमें हार्दिक-रोहित के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। हालांकि पिछले मैच के दौरान रोहित हार्दिक के बचाव में आए थे और उन्होंने दर्शकों से हार्दिक की हूटिंग नहीं करने की अपील की थी।

**मुंबई इंडियंस ने साझा किया वीडियो** – मुंबई इंडियंस ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट से एक वीडियो जारी किया। इसमें रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या को एक-दूसरे से हाथ मिलाते देखा गया। इस दौरान दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी जिसे देखकर कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि दोनों के बीच किसी तरह का विवाद है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि मुंबई के सभी खिलाड़ी शहर से दूर मोटरबोटिंग का आनंद ले रहे हैं।

### सोमनाथ मंदिर पहुंचे हार्दिक पांड्या, भोलेनाथ को जलाभिषेक किया

मुंबई इंडियंस की कप्तानी में खराब शुरुआत के बीच हार्दिक पांड्या को शुक्रवार को गुजरात के प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा करने पहुंचे। हार्दिक के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा करने का वीडियो सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा साझा किया गया है। हार्दिक की मुंबई इंडियंस एक अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद एक छोटे ब्रेक पर है। उसका अगला मैच सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से है। वीडियो में हार्दिक शिवलिंग पर जलाभिषेक करते दिख रहे हैं। हार्दिक से पहले भी कई क्रिकेटर्स भगवान के शरण में पहुंच चुके हैं। विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव कई बार मंदिर में दिख चुके हैं।

# अभिषेक ने पहले 6 ओवर में ही तय कर दी थी सनराइजर्स की जीत

## धरी की धरी रह गई रुतुराज की कप्तानी



**हैदराबाद (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 12 गेंद में 37 रन की आक्रामक खेलने वाले अभिषेक शर्मा अपनी बल्लेबाजी काफी खुश हैं। अभिषेक की दमदार बल्लेबाजी से सनराइजर्स ने मैच में एकतरफा जीत हासिल की। टीम को मिली इस जीत के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि धीमी पिच पर शुरुआती ओवरों में तेजी से रन बनाने की टीम की रणनीति कारगर रही। सीएसके को पांच विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने इस दौरान सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके लगाए। उन्होंने महज 17 गेंद में ट्रेविस हेड के साथ 46 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने मैच के बाद कहा, गेंदबाजी करते समय हमें लगा कि इस पिच पर गेंद धीमी आ रही है। ऐसे में हम पावरप्ले का फायदा उठाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले उन्होंने कड़ी मेहनत की थी जिससे वह दमदार प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने कहा, हमें पता था कि यह धीमी विकेट है लेकिन हम गेंदबाजों पर प्रहार करना चाहते थे क्योंकि शुरुआत में परिस्थिति गेंदबाजों के लिए मुश्किल थी।

### अपने लय को जारी रखना चाहता हूं

अपने बड़ा स्कोर बनाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बड़ा स्कोर मायने रखता है लेकिन मैं आज अपनी लय को जारी रखना चहता था। उम्मीद है कि अगली बार बड़ा स्कोर बनाउंगा। उन्होंने कहा, यह उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो मैंने इससे पहले की है। इसके लिए मैं अपने पिता, युवी पाजी और ब्रायन लारा को धन्यवाद करना चाहता हूं।

# आज मुंबई इंडियंस अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स से करेगी मुकाबला

## फिर तेज गेंदबाज रहेंगे हावी या बल्लेबाज करेंगे कुटाई

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का 20वां मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। रविवार को डबल हेडर के इस पहले मुकाबले में दोनों टीमों की टक्कर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर होगी। मुंबई अभी तक लीग में अपना खाता नहीं खोल पाई है। हार्दिक पंड्या की टीम अपने तीनों मुकाबले हार चुकी है। दूसरी तरफ दिल्ली को चार मैचों में सिर्फ एक ही जीत मिली है। दोनों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों लय में नहीं है।

**ऐसी होगी वानखेड़े की पिच** – वानखेड़े स्टेडियम की पिच भारत में बल्लेबाजी के लिए सबसे अच्छी पिचों में एक है। यह डे मैच होगा और ऐसे में ओस फैक्टर भी खत्म हो जाता है। मुंबई की पिच में शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को मदद रहती है। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने मुंबई के खिलाफ इसका खूब फायदा उठाया था। इस मैच में भी दोनों टीमों के बल्लेबाजों को शुरुआती कुछ ओवर सचेत होकर खेलने की जरूरत है।

**लय में लौटेगी मुंबई इंडियंस** –मुंबई इंडियंस इस सीजन में एकमात्र टीम है, जो जीत हासिल नहीं कर पाई है। लेकिन इस मैच से सूर्यकुमार यादव की वापसी हो सकती है। इससे मुंबई की बैटिंग मजबूत होगी। इसी मैदान पर राजस्थान के खिलाफ मैच में मुंबई के टॉप-4 में से टॉप तीन बल्लेबाज गोल्डन डक हो गए।





### टीम इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस–** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स–** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 3.30 पर शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टीव स्मिथ ने माना टेस्ट ओपनर के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करना चुनौती पूर्ण होता है लेकिन वह अपनी इस नई भूमिका में सफलता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डेविड वार्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आस्ट्रेलिया ने स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया लेकिन वह अभी तक इसमें सफल नहीं रहे हैं। उन्होंने ओपनर के रूप में अभी तक जो चार टेस्ट मैच खेले हैं उनमें 28.50 की औसत से रन बनाए हैं जबकि उनके करियर का औसत 56.27 है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं इन चीजों पर बहुत गौर नहीं करता। मुझे लगता है कि मैं अभी बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मुझे तकनीक के तौर पर कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है लेकिन मैं अपने पूरे करियर के दौरान ऐसा करता रहा हूं और यह वास्तव में मायने नहीं रखता कि इस मामले में मैं किस स्थिति में हूं। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

उन्होंने कहा, 'यह अभी तक चुनौती पूर्ण रहा है। हम कुछ मुश्किल विकेट पर खेले हैं विशेष कर ऐसे विकेट जिनमें नई गेंद मुश्किल पैदा करती रही है। यह चुनौती पूर्ण होता है। मुझे इस नई भूमिका में कुछ रन बनाने होंगे और यह निश्चित है कि मैं इसमें सफल रहूंगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी और स्मिथ उसमें खेलने को लेकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, 'हम वास्तव में एक दूसरे के खिलाफ खेलने का आनंद लेते हैं। पहली बार हम पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेंगे जो रोमांचक है। यह शानदार मुकाबला होगा।

### हार का शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है असर : सानिया मिर्जा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने शुक्रवार को कहा कि टूर्नामेंट में हार खिलाड़ियों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती है। उन्होंने कहा कि जब वह खेलती थीं तब खिलाड़ियों के कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर कोई चर्चा नहीं होती थी। एक कार्यक्रम से इतर सानिया ने कहा कि जब भी उन्हें किसी टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा तो उन्हें अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। उन्होंने अपने खेल के दिनों को याद करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि उस दौर में हम आमतौर पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा बात नहीं करते हैं। हमने हाल ही में इस पर चर्चा शुरू की है। दैनिक आधार पर टूर्नामेंट में हार से निपटना काफी मुश्किल था। सानिया ने पिछले साल फरवरी में टेनिस को अलविदा कह दिया था। हार से निपटने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उस दौरान, मैं काफी भाग्यशाली थी कि मुझे अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। मेरी कोशिश दिमाग को स्थिर रखने की थी ताकि ज्यादा नुकसान नहीं हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब कोई नुकसान झेल रहा हो तो मानसिक स्वास्थ्य से निपटना वास्तव में कठिन होता है और कभी-कभी खिलाड़ी इससे उबर नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए शारीरिक से लेकर मानसिक स्वास्थ्य तक हर चीज को संभालना हर किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान खान ने की गद्दारी

## ईसीबी ने सबक सिखाते हुए 5 साल के लिए बैन ही कर दिया



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान खान को यूएई क्रिकेट बोर्ड ने 5 साल का बैन लगा दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बोर्ड के साथ किए गए वादों को तोड़ा है। इस वजह से उन्हें आईएलटी20, अबु धाबी टी-10 और किसी भी अन्य ईसीबी द्वारा मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में खेलने से रोक दिया गया है। उस्मान को पाकिस्तान में मौके नहीं मिल रहा थे। बेहतर करियर की तलाश में वह यूएई पहुंचे। वहां उन्हें पूरी सुविधा मिली। लेकिन अब वह पाकिस्तान के लिए खेलने की तैयारी कर रहे हैं।

### ईसीबी ने जांच में पाया दोषी

ईसीबी ने जांच की और पाया कि उस्मान यूएई के लिए खेलने के लिए जरूरी योग्यता हासिल करने के लिए तैयार नहीं थे, जबकि यह उनकी जिम्मेदारी थी। ईसीबी के बयान में कहा गया है कि, उस्मान ने यूएई के लिए खेलने के अपने फैसले के बारे में गलत जानकारी दी। उन्होंने ईसीबी द्वारा दिए गए मौकों और सहयोग का इस्तेमाल करके दूसरे रास्ते तलाशने की कोशिश की। यह साफ हो गया कि वह अब ना तो ईसीबी के लिए खेलना चाहते हैं और ना ही यूएई के लिए खेलने की योग्यता हासिल करना चाहते हैं।

### पीएसएल में किया कमाल का प्रदर्शन

गौरतललब है कि उस्मान ने हाल ही में खेले गए पीएसएल में मुल्तान सुल्तान्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सिर्फ 7 मैचों में 430 रन बनाए और दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने पीएसएल के 9वें सीजन में लगे सिर्फ 4 शतकों में से 2 शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 164.12 रहा, जो टॉप 10 रन बनाने वालों में सबसे ज्यादा था। खबरों के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी 5 मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल कर सकता है।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर बिस्माह और गुलाम कार हादसे का शिकार, लगी चोटें





**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान महिला टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और स्पिनर गुलाम फातिमा को कार दुर्घटना के बाद 'मामूली चोटें' लगीं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस बात की जानकारी दी है। पीसीबी ने शनिवार को एक बयान जारी किया जहां क्रिकेट संचालन संस्था ने कहा कि दोनों खिलाड़ी एक मामूली कार दुर्घटना में शामिल थी। हालांकि दुर्घटना के बारे में कोई और जानकारी सामने नहीं आई।

पीसीबी के बयान के हवाले से आईसीसी ने कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी दो महिला खिलाड़ियों बिस्माह मारूफ और गुलाम फातिमा के बारे में एक अपडेट प्रदान किया है जो शुक्रवार शाम एक मामूली कार दुर्घटना में शामिल थीं। मामूली चोटों के बावजूद दोनों खिलाड़ियों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिला और वर्तमान में वे पीसीबी मेडिकल टीम की देखभाल में उपचाराधीन हैं।

इसमें कहा गया है कि बिस्माह और गुलाम दोनों वर्तमान में संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं जो वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं। दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं। पाकिस्तान तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए विंडीज की मेजबानी कर रही है, जिसके बाद पांच टी20 मैच होंगे।

**पाकिस्तान की महिला संभावित टीम** – आलिया रियाज, आयशा जफर, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, गुलाम फातिमा, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नाजिहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, रमीन शमीम, सदफ शमास। सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर), तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

# जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर जूरी सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला बनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर इस साल के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारत की पहली महिला बनने के लिए तैयार हैं जिसकी मेजबानी 26 जुलाई से से 11 अगस्त तक पेरिस में होनी है। पेरिस खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में मीर की नियुक्ति की आधिकारिक सूचना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा जम्मू-कश्मीर प्रशासन को एक पत्र के माध्यम से दी गई थी।

आईओए ने जम्मू और कश्मीर प्रशासन को लिखे पत्र में कहा, बिल्किस मीर, वॉटर स्पोर्ट्स प्रमोटर, डेवलपर, एथलीट, भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन के जूरी सदस्य को पेरिस ओलंपिक खेलों में संचालन के लिए जूरी के सदस्य के रूप में नामित की गई हैं। वह पेरिस ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की पहली महिला हैं।

बिल्किस ने इस मौके पर कहा कि यह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है क्योंकि ओलंपिक न केवल एथलीटों के लिए बल्कि सभी के लिए अंतिम गंतव्य है। ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति पर बिल्किस ने कहा कि उन्होंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि वह महिला कैनोइंग टीम की पूर्व कोच हैं जो इस साल पेरिस खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, उन्होंने कहा कि वह



पिछले साल चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में जूरी सदस्य भी थीं।

अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में संवैधानिक विशेषाधिकारों को रद्द करने से पहले के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक कश्मीरी लड़की के लिए उस समय खेल खेलना बहुत मुश्किल था, लेकिन उन्होंने रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों पर काबू पाया। उन्होंने कहा कि उन्हें कैनोइस्ट के रूप में अपनी असली पहचान मिली, जो उस समय जम्मू-कश्मीर में लगभग अनसुना खेल था और उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया।

बिल्किस ने कहा, यह न केवल मेरे या केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। मैं पेरिस ओलंपिक में प्रतिष्ठित जूरी के सदस्य के रूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात मानती हूं। यह सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी लड़कियों या महिलाओं के लिए विजय का क्षण है जो खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की इच्छा रखती हैं, इस बार (ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए) एशिया से केवल दो जूरी सदस्यों को चुना गया है जिसमें एक जापान से हैं।

अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों को धन्यवाद देते हुए बिल्किस ने कहा, मैंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपना करियर शुरू किया, जब एक लड़की के लिए ट्रैकसूट पहनना भी एक चुनौती थी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 07 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### इरोड में लॉरी और कार की टक्कर से भीषण सड़क हादसा, डॉक्टर दंपती की मौके पर मौत

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड में लॉरी और एक कार की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में एक डॉक्टर दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ओराची कोट्टई हाइडल इलेक्ट्रिसिटी बैराज के पास हुई, जब दंपती अपने बेटे से मिलने के बाद मेट्टूर स्थित अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने आगे बताया कि इस हादसे में घायल दोनों पीड़ितों को यहां पास के भवानी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहीं, अस्पताल ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान 75 साल के मडप्पन और उनकी 72 साल की पत्नी पद्मावती के रूप में की है। भवानी पुलिस दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमिलनाडु को ड्रग्स से एनडीए सरकार ही दिला सकती है मुक्ति



**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा शराब और ड्रग्स के आदी होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कक्षा नौ और दस के छात्र भी ड्रग्स ले रहे हैं। अमेरिका में मिलने वाले गांजा, हेरोइन और कोकेन जैसे सभी प्रकार के ड्रग्स तमिलनाडु में मिल रहे हैं। यह बात कहते हुए पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास ने समस्या के लिए द्रमुक और अन्नाद्रमुक को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि राज्य को केवल राजग सरकार की ड्रग्स की समस्या से मुक्ति दिला सकती है। लोकसभा चुनाव के लिए पीएमके ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन किया है। पीएमके नेता रामदास ने आरोप लगाया कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक ने 57 साल के शासन में राज्य को बर्बाद कर दिया। ड्रग्स राज्य की सबसे बड़ी समस्या है और सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। कई बार मुद्दा उठाए जाने के बाद भी मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को कोई चिंता नहीं है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले 10 साल में राज्य के विकास के लिए हमारे पास मानव संसाधन उपलब्ध नहीं होगा। लोग भ्रष्ट द्रमुक सरकार से तंग आ चुके हैं और वे सरकार से नाराज हैं। उन्होंने कहा,

### सीएम स्टालिन ने लोकसभा चुनाव को बताया देश का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन



**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा आरक्षण और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। यदि भाजपा एक बार फिर केंद्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा सामाजिक न्याय को दफना देगी और हमारे लोगों को 100 साल पीछे ले जाएगी। यह आरोप तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लगाए। वह शुक्रवार को विक्रवंडी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा चुनाव को देश का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन करार देते हुए कहा कि इस समय देश बहुत बड़े खतरे का सामना कर रहा है। पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों के आरक्षण पर खतरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण के खिलाफ है और यही कारण है कि केंद्र सरकार में पिछड़े वर्ग के तीन प्रतिशत सचिव भी नहीं हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी, एससी और एसटी से संबंधित उम्मीदवारों को आरक्षण के माध्यम से प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर जैसे पदों पर नहीं चुना जाता है। यह पिछड़े समाज के साथ अन्याय है।

# जेवर से गाजियाबाद तक बनेंगे नमो भारत और मेट्रो ट्रेन के 22 स्टेशन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनसीआर में रहने वालों के लिए राहत की खबर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर से गाजियाबाद तक के लिए नमो भारत और मेट्रो को जोड़ने के लिए 22 स्टेशन बनेंगे। भविष्य में इसे 35 स्टेशन तक बढ़ाया जा सकेगा। पहले 25 स्टेशन बनाने की तैयारी थी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर यमुना प्राधिकरण को सौंप दी है। एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेगी।

यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से वाया ग्रेनो वेस्ट, एल्फा-1 व जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत (रैपिड रेल) रूट का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। परियोजना की डीपीआर और फिजीबिलिटी रिपोर्ट में 4.58 करोड़ रुपये का खर्च आया है। अहम बात यह भी है कि जेवर एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और यमुना सिटी में बनने वाली फिल्म सिटी की सीधी कनेक्टिविटी होगी। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, एल्फा-1 और यीडा सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल का रूट अब फाइनल कर लिया गया है। नमो भारत और मेट्रो में छह बोगी होंगी। गाजियाबाद आरआरटीसी से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली नमो भारत का निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य वर्ष 2031 रखा गया है। पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा ईकोटेक-6 तक 39.39 किलोमीटर का ट्रैक तैयार किया जाएगा। इस ट्रैक पर 18 स्टेशन बनेंगे, जिनमें से सात नमो भारत और 11 मेट्रो के होंगे। यह रूट गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से जुड़ेगा। इसे विश्वकर्मा रोड (सिद्धार्थ विहार/प्रताप विहार), ताज हाईवे, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार मूर्ति चौक, ग्रेटर नोएडा लिंक रोड नॉलेज पार्क-5 से घुमाकर सुरजपुर कासना से परी चौक से ले जाकर ईकोटेक-6 पर खत्म किया जाएगा।

नोएडा एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेंगी। नमो भारत ट्रेन 80 किलोमीटर से 114 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। मेट्रो की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। उम्मीद जताई गई है कि वर्ष 2031 तक इस रूट पर 3.09 लाख यात्री होंगे।

परियोजना के मूर्तरूप लेने पर न सिर्फ नोएडा एयरपोर्ट बल्कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को काफी लाभ होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए यह परियोजना तो लाइफ लाइन साबित होगी। दरअसल अभी ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद पहुंचना आसान नहीं है। लोगों को ग्रेनो वेस्ट में प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है। एनसीआरटीसी ने यमुना सिटी के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की जेवर एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी के लिए भी खाका तैयार किया है। इसके लिए फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक एलआरटी चलाई जाएगी। इसके लिए 14.6 किमी का अलग ट्रैक तैयार किया जाएगा। वहीं, इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट के लिए भी नमो भारत चलाई जाएगी। दूसरे चरण में ईकोटेक-6 से जेवर एयरपोर्ट तक सिर्फ चार स्टेशन बनेंगे। यह चारों नमो भारत के स्टेशन होंगे।

### गवाहों को पट्टी पढ़ाया जाना चिंताजनक, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने थाने के अंदर आपराधिक मामले में गवाहों को पट्टी पढ़ाए जाने को चिंताजनक करार दिया है। मामले में तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने मामले में गवाहों को पाठ पढ़ाए जाने के महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज कर दिया है। पीठ ने एक आदेश में कहा कि उनके सुबूतों को खारिज करना होगा, क्योंकि इस बात की स्पष्ट संभावना है कि उक्त गवाहों को पहले दिन



पुलिस द्वारा सिखाया गया था। न्यायिक प्रक्रिया में पुलिस द्वारा इस तरह का हस्तक्षेप चिंताजनक है। कोर्ट ने सख्त लहजें में कहा कि पुलिस को अभियोजन पक्ष के गवाहों को पाठ पढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह पुलिस मशीनरी द्वारा शक्ति का घोर दुरुपयोग है। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलकर्ताओं को जमानत दिए जाने से पहले वे 10 साल से अधिक समय तक जेल में रह चुके थे। दो आरोपितों मणिकंदन और शिवकुमार पर आरोप था कि उन्होंने चार अक्तूबर, 2007 को बालामुरुगन की हत्या कर दी थी।

### चूहे को जलाकर मारने वाले डीटीयू के 2 छात्र सस्पेंड, जुर्माना भी ठोका; साइको एनालिसिस टेस्ट कराने के आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के दो छात्रों को एक चूहे को डिब्बे में फंसाकर और निर्दयतापूर्ण जलाकर मारना महंगा पड़ गया। डीटीयू ने आरोपी दोनों छात्रों को दो सप्ताह के लिए क्लास सस्पेंड कर दिया है। साथ ही, दोनों छात्रों को हमेशा के लिए हॉस्टल से बाहर निकालकर उन पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपियों ने खुद ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस मामले में दोनों छात्रों पर जनवरी 2024 में केस दर्ज होने के बाद पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रतीक शर्मा से मुलाकात कर शिकायत की थी।

पेटा ने इस मुलाकात के दौरान डीटीयू के कुलपति से अनुरोध किया था कि आरोपी दोनों छात्रों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इसके बाद डीटीयू ने एक आधिकारिक आदेश जारी कर दोनों छात्रों को दो सप्ताह के लिए क्लास से सस्पेंड कर दिया। इन्हें अपनी डिग्री खत्म करने तक प्रोबेशन पर डाल दिया गया है। इनको भविष्य में इस प्रकार के कृत्यों में शामिल न होने की शपथ भी लेनी होगी। इसके अलावा इनके माता-पिता को दोनों छात्रों का इनका साइको एनालिसिस टेस्ट कराने और एक महीने के भीतर रिपोर्ट विश्वविद्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेटा इंडिया की क्रूएल्टी रिस्पॉन्स कोऑर्डिनेटर सुनयना बसु ने बताया कि जो लोग जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, वे मनुष्यों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आरोपी की हुई पहचान

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी और सह-साजिशकर्ता की पहचान हो गई है। बता दें कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने ब्लास्ट को अंजाम देने वाले की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की।

बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर स्थित रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को ब्लास्ट हुआ था। इस मामले को लेकर एनआईए की जांच चल रही है। एनआईए ने रामेश्वर कैफे में ब्लास्ट करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान कर ली है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई ने एनआईए के हवाले से बताया कि रामेश्वरम कैफे में आईईडी विस्फोट को अंजाम देने वाले आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं।

## जहरीले खेल का आरोपी है एल्विश यादव, नोएडा पुलिस ने 1200 पेज की फाइल की चार्जशीट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव समेत आठ आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने न्यायालय में 1200 पन्नों की चार्जशीट शुक्रवार दाखिल कर दी। इसमें 24 गवाहों के बयान नत्थी किए गए हैं। पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के पदाधिकारी ने बीते साल एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था।

संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग किया था। इसमें कोबरा समेत नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला। सभी को जेल भेज दिया गया। संस्था के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है। इसमें राहुल यह कह रहा है कि



वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है।

राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि, बाद में सभी को जमानत मिल गई। इसके बाद एल्विश को दबोचने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया। पूछताछ के बाद उसे नोएडा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पांच दिन तक जेल में रहा। हालांकि होली के पहले उसे इस मामले में जमानत मिल गई। पुलिस ने चार्जशीट में एल्विश के ऊपर लगे सभी आरोपों का जिक्र किया है।

चार्जशीट में नोएडा पुलिस की ओर से बताया गया है कि एल्विश का जहरीले खेल में जेल भेजे गए सपेरों से संपर्क था। एल्विश के खिलाफ लगी एनडीपीएस की धाराओं का आधार भी पुलिस ने इसमें बताया है। एल्विश और उसके सहयोगियों पर लगे आरोपों की पुष्टि पुलिस ने चार्जशीट में की है। 155 दिन बाद दायर हुआ आरोपपत्र नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव और उसके आठ साथियों के खिलाफ केस दर्ज होने के करीब 155 दिन बाद चार्जशीट दाखिल की है। उसके खिलाफ बीते साल तीन नवंबर को सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज हुआ था। बीते माह 17 मार्च को 136 दिन नोएडा पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। केस दर्ज होने वाले दिन सपेरे राहुल, टीटूनाथ, जयकरन,नारायण और रविनाथ गिरफ्तार हुआ था। मामले में कुल सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इसमें एल्विश के अलावा कई अज्ञात भी थे। एल्विश की गिरफ्तारी के बाद उसके दो करीबियों ईश्वर और विनय यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। राहुल और उसके साथियों से सांप बरामद हुए थे।

## द. अमेरिका के कराकस में सबसे अधिक अपराध, टॉप-20 में पांच अफ्रीकी शहर

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला का कराकस दुनिया का सबसे अधिक अपराध ग्रस्त शहर है। भारतीय शहरों की रैंकिंग में नई दिल्ली में आपराधिक वारदातें सबसे अधिक पाई गईं। यह दावा है नुम्बेओ की नई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग का। रैंकिंग के अनुसार, दुनिया का दूसरा सबसे अपराध ग्रस्त शहर दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया है। रैंकिंग में अफ्रीका के चार और देश हैं, जिस वजह से दक्षिण अफ्रीका एकमात्र ऐसा देश बन गया, जिसके पांच शहर शीर्ष 20 में शामिल हैं। इसके अलावा, डरबन सूची में तीसरे स्थान पर है। जोहान्सबर्ग चौथे स्थान पर है। पोर्ट एलिजाबेथ आठवें तो केप टाउन 18वें स्थान पर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका के पुलिस मंत्री भीकी सेले द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले अपराध आंकड़ों के अनुरूप है।





सूची में भारत के भी 11 शहर शामिल हैं। सूची में दिल्ली 70वें, नोएडा 87वें और गुड़गांव 95वें स्थान पर है। वहीं, बंगलूरू 102वें, इंदौर 136वें, कोलकाता 159वें, मुंबई 169वें, हैदराबाद 174वें, चंडीगढ़ 177वें और पुणे 184वें स्थान पर हैं। उकसावे और गलतफहमी के कारण हुई सबसे अधिक हत्याएं रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 के आखिरी तिमाही में 7700 हत्याएं हुईं हैं। रिपोर्ट में लिंग आधारित हिंसा का भी खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 7340 हत्याओं में से 1116 हत्याएं तर्क, उकसावे और गलतफहमी के कारण हुईं हैं। वहीं, 431 हत्याएं मोब लिंचिंग (भीड़ की हिंसा) के कारण हुई हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। फिरौती के लिए अपहरण दक्षिण अफ्रीका में संगठित अपराध बन गया है। अपहरण से जुड़े समूहों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी है। एक प्रमुख अपराध विज्ञानी प्रोफेसर खोलोफेलो रकुबू का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा या हिंसक अपराध के उच्च स्तर की व्याख्या करने वाला कोई एक कारक नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में हिंसक अपराध विभिन्न कारकों का परिणाम है। दक्षिण अफ्रीका में आग्नेयास्त्र से संबंधित अपराध लंबे समय से वहां व्याप्त हैं। आग्नेयास्त्रों की आसान उपलब्धता के कारण देश में हिंसक अपराध बढ़ रहा है।

## गाजा में सहायताकर्मियों पर हमला करने के मामले में इस्राइल सख्त, अपने दो अधिकारियों को किया बर्खास्त

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से युद्ध जारी है। इसे रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि, इस बीच इस्राइली सेना ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने गाजा में एक हमले में सात सहायताकर्मियों के मारे जाने वाली घटना पर कार्रवाई की है। सेना ने अपने दो अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है और तीन अन्य को फटकार लगाई है। उसका कहना है कि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी को गलत तरीके से संभाला और सेना के नियमों का उल्लंघन किया।



**सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो:** इस्राइली सेना ने कहा कि एक जांच में सामने आया है कि उनके जवानों ने गलती से यह मान लिया था कि वे जिन्हें निशाना बना रहे हैं, वो हमास के आतंकी हैं। इस्राइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने कहा कि यह एक गंभीर घटना है, जिसके लिए हम जिम्मेदार हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए था और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो।

**यह है मामला:** रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार रात एक इस्राइली ड्रोन द्वारा तीन हवाई हमलों में एक ऑस्ट्रेलियाई, तीन ब्रिटिश, एक फलस्तीनी, एक उत्तरी अमेरिकी और एक पोल सहित सात सहायताकर्मी मारे गए थे। यह सभी तीन वाहनों के बीच अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे। अमेरिका स्थित चैरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके), जिसका काफिला मारा गया था, ने कहा था कि हमारे सहयोगियों की हत्या के लिए इस्राइल का सिर्फ माफी मांगना बहुत ही ढीले रवैये को दिखाता है। डब्ल्यूसीके ने हमले की स्वतंत्र जांच की मांग की थी।

डब्ल्यूसीके के सीईओ एरिन गोर ने कहा, इस्राइल को मानवीय सहायता कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारा अभियान अभी भी निलंबित है।

**सेना का बयान:** इस्राइली सेना ने कहा कि डब्ल्यूसीके सहायता को उतारने के बाद वाहन गोदाम से बाहर जा रहे थे, तभी जवानों ने देखा की वाहनों के अंदर कुछ बंदूकधारी मौजूद थे, जिन्हें उन लोगों ने हमास आतंकवादी समझा। इसलिए सेना ने सहायता वाहनों पर हमला कर दिया। इस्राइली सेना ने कहा कि वाहनों पर हमला करना एक गंभीर गलती थी।

## पाकिस्तान में हाईकोर्ट जजों को मिल रहे धमकी भरे लेटर में निकल रहा घातक पाउडर एंथ्रेक्स

**लाहौर, एजेंसी।**
पाकिस्तान में नेताओं के अलावा, अब जजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। एक के बाद एक कई हाईकोर्ट जजों को धमकी भरे लेटर मिले हैं। हैरानी की बात ये है कि इन लेटर के अंदर पाउडर भरा है। शुक्रवार को लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के एक न्यायाधीश अली बकर नजफी को भी ऐसा ही एक संदिग्ध पत्र प्राप्त मिला है, जिसके अंदर घातक पाउडर भरा है। अब तक लाहौर हाईकोर्ट के कम से कम चार जजों को इसी तरह के पाउडर भरे खत मिल चुके हैं।

इससे पहले मंगलवार को, यह बात सामने आई थी कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के सभी आठ न्यायाधीशों को सेलो-टेप से सील किए गए सफेद लिफाफे में पत्र भेजे गए थे। लिफाफों पर न्यायाधीशों के नाम और





आईएचसी का पता लिखा हुआ था। सूत्रों ने कहा कि पत्रों में धमकी भरे संकेत थे और न्यायाधीशों पर पाकिस्तान के लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया था।

दो जजों के स्टाफ ने जब लिफाफे खोले तो अंदर संदिग्ध पाउडर मिला। मामले की सूचना इस्लामाबाद हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को दी गई, जिन्होंने उच्च न्यायालय की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मचारियों को बुलाया। इसके बाद पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि जिसने भी ये पत्र भेजे उसने अपना अधूरा पता लिखा है। पत्र में तहरीक-ए-नमूस पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए न्याय प्रणाली की आलोचना की गई है। इसमें कहा गया है कि धमकी के लिए पत्र में एक विशेष फोटो और अंग्रेजी शब्द बैसिलस एन्थ्रेसिस लिखा है।

अगले दिन, इसी तरह के पत्र सुप्रीम कोर्ट और लाहौर हाईकोर्ट में पहुंचे, जिसके बाद आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने इस्लामाबाद और लाहौर में मामला दर्ज किया है। शीर्ष अदालत में पत्र पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा, न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह, न्यायमूर्ति जमाल खान मंडोखाइल और न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन को भेजे गए थे। एक अज्ञात समूह द्वारा भेजे गए पत्रों में लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों शैतानों को बचा रहे हैं। लिफाफे के अंदर संदिग्ध पाउडर पाया गया और उसे फोरेंसिक लैब में भेजा गया। प्रत्येक लिफाफे से संदिग्ध पाउडर की एक मात्रा ली गई और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

खतों के अंदर पाए जाने वाले सफेद पाउडर के घातक 'एंथ्रेक्स' होने की आशंका है। पंजाब प्रांत के एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, ''पाउडर को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है कि क्या यह एंथ्रेक्स है। एंथ्रेक्स के हमले का एक लंबा इतिहास रहा है। एंथ्रेक्स पाउडर में बैसिलस एन्थ्रेसीस नामक ग्राम-पॉजिटिव, रॉड के आकार के बैक्टीरिया को प्रोसेस करके डाला जाता है। एंथ्रेक्स एक घातक हथियार की तरह है लेकिन इसे चुपचाप और बिना किसी को पता चले छोड़ा जा सकता है। सूक्ष्म बीजाणुओं को पाउडर, स्प्रे, भोजन और पानी में डाला जा सकता है। क्योंकि वे इतने छोटे होते हैं कि आप उन्हें देख या सूंघ नहीं सकते हैं।

## अमेरिका में भारतीयों को लाभ, प्रवासियों के रहने की अवधि बढ़ेगी

### 180 दिन की सीमा बढ़ाकर 540 दिन हुए

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने अस्थायी अंतिम नियम (टीएफआर) की घोषणा की है। इसमें कार्य परमिट के लिए आप्रवासियों की पात्रता का विस्तार किया गया है। इसके तहत कुछ रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों (ईएडी) के लिए स्वचालित 180 दिन की अवधि 540 दिनों तक बढ़ा दी गई है। यानी अमेरिका में रहने की अवधि बढ़ जाएगी, जिसका सर्वाधिक लाभ भारतीयों को मिलना तय है।

इस कार्रवाई के तहत गत 12 महीनों में ईएडी प्रसंस्करण अवधि काफी कम कर दी गई है। बृस्पतिवार देर शाम घोषित ये अस्थायी उपाय, पहले से ही कार्य-अधिकृत गैर-नागरिकों को उनके लंबित ईएडी नवीनीकरण आवेदनों पर निर्णय लेने की प्रतीक्षा के वक्त, उनके रोजगार प्राधिकरण और दस्तावेजीकरण में चूक से रोकेंगे। इससे अमेरिकी नियोक्ताओं के लिए संचालन की निरंतरता भी सुव्यवस्थित हो सकेगी।

यह बाइडन प्रशासन द्वारा कार्य-अधिकृत व्यक्तियों को कार्यबल में शामिल करने के लिए नवीनतम कदम है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129